आज का मौसम
24.0°
अधिकतम तापमान
11.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 169, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12



इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12



ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13



डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14

# अमेरिका से व्यापार समझौता पूरा, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी टैरिफ

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शनिवार को पूरी हो गई। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा।




नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार
- बीईएमएल कंपनी का 600 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण अंतिम दौर में है। इसके साथ ही सरकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए। इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के असर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक अनुभव मिल सके। बीडा परियोजना का लाभ बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का फोकस एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सहायक उद्योगों को भी इस औद्योगिक विस्तार से जोड़ने पर है।

### 100 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह पार्क सड़क व रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने छह यात्रियों को रौंदा

मथुरा, एजेंसी

- बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे यात्री, सभी के चेहरे कुचले, स्वेटर से पहचान
- जान गंवाने वालों में दो औरैया एक-एक कन्नौज, फिरोजाबाद बस्ती और दिल्ली के रहने वाले

यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में यात्रियों के चेहरे कुचल जाने से उनकी पहचान स्वेटर से की गई।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों के परिजनों को नियमानुसार सहायता मुहैया कराई जाएगी। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान औरैया निवासी सोनू (32), बस्ती निवासी देवेश (32), कन्नौज निवासी असलम (27), दिल्ली निवासी संतोष (45), औरैया निवासी अनुराग (27) और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद (35) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान औरैया निवासी शिवकांत दुबे (46) के रूप में हुई है। जिलाधिकारी ने बताया शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश जारी है। शेष यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस।

## ब्रीफ न्यूज

### ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत 2500 से अधिक ठगों पर की गई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन साइहॉक 3.0 के तहत खुफिया जानकारी के आधार पर कई राज्यों में साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिसमें 2,563 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 627 करोड़ रुपये से अधिक के धोखाधड़ी मामलों को आपस में जोड़ा गया है। दिल्ली तथा असम, अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा और केरल समेत 10 से अधिक राज्यों में समन्वित ढंग से अभियान चलाया गया जिसमें 5,000 से अधिक पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

## मलेशिया पहुंचे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मलेशिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, यहां उनकी अगवानी समकक्ष अनवर इब्राहिम ने की। मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है। (खबर देश विदेश पेज पर)

# अमेरिका ने पीओके और अक्साई चिन को भारत का हिस्सा बताया

- ट्रेड डील के बाद भारतीय मानचित्र शेयर किया, पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बड़ा झटका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

# केरल में प्याज के ट्रक से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

- 245 बक्से बरामद, जिलेटिन की 10,500 छड़ें और डेटोनेटर मिले

**मलप्पुरम।** केरल में मलप्पुरम के समीप चेम्माड में शनिवार को प्याज लदे एक ट्रक से जिलेटिन की 10,500 से अधिक छड़ें व डेटोनेटर जब्त किए गए। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक की मालकिन को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, ईंट के भट्ठे के पास खड़े इस ट्रक से लगभग 245 बक्से बरामद किए गए जिनमें जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और तार रखे थे। तिरुरंगडी थाने के अधिकारियों ने बताया कि प्याज से लदा यह ट्रक शुक्रवार देर रात ईंट के भट्ठे पर पहुंचा था।

एक गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद ट्रक से सामान उतार रहे लोग भाग गए। हिरासत में ली गई महिला पत्थर की एक खदान भी चलाती है।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

**हीलाहवाली** | तीसरे-चौथे दर्जे के कर्मी सबसे आगे, ऑनलाइन ट्रैकिंग से बढ़ा डर, पहले फाइलों में दब जाते थे मामले

# संपत्ति घोषणा में चार गुना पीछे हैं आईएएस-पीसीएस अफसर

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईएएस, आईपीएस और पीसीएस संवर्ग के अधिकारी ही संपत्ति घोषणा में सबसे पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। प्रदेश में सभी कार्मिकों की चल-अचल संपत्ति की मानव संपदा पोर्टल पर घोषणा अनिवार्य किए जाने और वेतन तक रोकने के बावजूद पहले और दूसरे दर्जे के अफसरों की सुस्ती नहीं थमी है। जबकि तीसरे और चौथे दर्जे के कर्मी चार गुना आगे हैं।

इसके पीछे की वजह ऑनलाइन ट्रैकिंग से किसी की ओर शिकायत पर कार्रवाई का डर माना जा रहा है। पहले मामले फाइलों में दबे रह जाते थे। मुख्यमंत्री योगी की भ्रष्टाचार पर जीरो-टॉलरेंस नीति और मुख्य सचिव एसपी गोयल के सख्त निर्देशों के बावजूद संपत्ति विवरण देने में सर्वाधिक उदासीनता तो प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ही दिखाई है। आंकड़े बताते हैं कि जहां प्रथम श्रेणी (आईएएस-आईपीएस-पीसीएस) के केवल 83 प्रतिशत अधिकारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा दर्ज किया, वहीं तृतीय श्रेणी के 96 प्रतिशत कर्मचारियों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली। 31 जनवरी की समय सीमा तक संपत्ति विवरण अपलोड न करने वाले 47 हजार राज्यकर्मियों पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदेश में 8.65 लाख कर्मचारियों में से यह संख्या भले प्रतिशत में कम लगे, लेकिन प्रशासनिक पदानुक्रम में इसका असर बड़ा है। संपत्ति न बताने वालों में 16.89 % प्रथम श्रेणी और 13.92% द्वितीय श्रेणी के अधिकारी शामिल हैं। जबकि तृतीय श्रेणी में यह आंकड़ा महज 4.03% और चतुर्थ श्रेणी में 7.34% है। यानी वरिष्ठ अधिकारी संपत्ति घोषणा में चार गुना तक पीछे दिख रहे हैं। ऐसे में तकनीकी दिक्कतों का बहाना भी बनाना अब मुश्किल होगा। जानकारों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का स्वरूप अपेक्षाकृत जटिल होता है।

पुरानी खरीदी गई जमीनें, रिश्तेदारों के नाम संपत्ति, बिना अनुमति के किए गए निवेश। ऑनलाइन व्यवस्था में हर एंट्री का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड बन रहा है। पहले कागजी फाइलें दब जाती थीं, अब ट्रैक बनता है। यही डर कई अफसरों को असहज कर रहा है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, बेसिक-माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण, राजस्व, पंचायती राज, गृह, वित्त और सिंचाई जैसे बड़े विभागों में संपत्ति न बताने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है।

### ब्योरा न देने वालों की हो सकती जांच

सूत्रों के मुताबिक एक से अधिक वर्षों तक संपत्ति विवरण न देने वाले अफसरों की अलग सूची तैयार हो रही है। वेतन रोकने से आगे बढ़कर विस्तृत जांच भी हो सकती है। यह मुख्यमंत्री योगी की बैठक में तय होगा, जो पिछले सप्ताह में टल गई थी। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह सख्ती सिर्फ चेतावनी बनती है या वास्तव में प्रशासनिक संस्कृति में पारदर्शिता का स्थायी बदलाव लाती है।

### यह है कर्मचारी आचरण नियमावली

उप्र सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार हर कर्मचारी को प्रत्येक वर्ष अपनी और आश्रितों की जमीन, मकान, फ्लैट, दुकान, वाहन, आभूषण, निवेश और बैंक जमा जैसी सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना अनिवार्य है। सेवा काल में कोई बड़ी संपत्ति खरीदने पर विभागीय अनुमति भी जरूरी है। नियम का मकसद आय और संपत्ति के बीच असंगति पकड़ना है।

## न्यूज ब्रीफ

### 31 मार्च तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 का संचालन 1 जनवरी से 31 मार्च तक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अभियान में भाग लेकर मध्यस्थता का लाभ उठाने की अपील की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी न्यायालयों, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम सहित विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। मालूम हो कि यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली तथा सर्वोच्च न्यायालय की मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के तत्वावधान में पूरे देश में चल रहा है।

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने फरार चल रहे 50 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए हरियाणा में छिप कर रह रहा था। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, गोंडा के थाना परसपुर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त रितिक सिंह उर्फ बिल्लू निवासी गांव कालीपुर पुरवा मधईपुर फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित था। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त रितिक ने बताया कि अपने साथी मलखान, जाकिर, रिजवान, सनी, योगेश और अंकित के साथ मिलकर लक्षनपुरवा डेहरास में बीयर की दुकान को काटकर चोरी की थी। इसके बाद धरमनगर स्थित बीयर की दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### रेरा ने एजेंटों के लिए लागू की नई व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) प्रदेश में कार्यरत रियल एस्टेट एजेंटों के प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के सम्बंध में नई संशोधित व्यवस्था लागू की है। फर्म, पार्टनरशिप, एलएलपी अथवा कंपनी के रूप में कार्य कर रहे डायरेक्टर या पार्टनर की जिम्मेदारी होगी कि एजेंट का प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराएं। साथ ही सेल अथवा मार्केटिंग से जुड़े एक निश्चित संख्या में कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त कर मूल्यांकन प्रक्रिया में सफल होना होगा। उसके बाद ही प्रतिष्ठान द्वारा रेरा में एजेंट पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकेगा। ऐसे पार्टनर और डायरेक्टर जो दैनिक कार्यों में शामिल नहीं रहते हैं, उन्हें प्रशिक्षण से छूट लेने का प्रावधान किया गया है। सभी सक्रिय निदेशकों, पार्टनर और कार्मिकों को प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। पहले से पंजीकृत सभी रियल एस्टेट एजेंटों को 31 दिसम्बर 2026 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा।

### रिपोर्ट दर्ज कराने को कांग्रेसियों ने थाना घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की कथित आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं करने पर कांग्रेसियों में खासा गुस्सा है। जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लखनऊ के हुसैनगंज थाने का घेराव किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि बीते दिनों सरोजनी नगर के भाजपा समर्थित लोगों द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अपमानजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की गई थी।

# गुजरात की तर्ज पर माननीयों का इस्तीफा लेकर बदले जा सकते मंत्री

## योगी मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार जल्द, बदले जा सकते डेढ़ दर्जन मंत्री, व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की आहट तेज हो गई है। गुजरात मॉडल की तर्ज पर योगी सरकार 2.0 में दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार और व्यापक फेरबदल की तैयारी अंतिम चरण में मानी जा रही है। करीब डेढ़ दर्जन मंत्रियों को बदले जाने की संभावना है। इसके साथ ही भाजपा संगठन में भी बड़े स्तर पर बदलाव को लेकर दिल्ली में सहमति बन चुकी है। इसी के साथ भाजपा संगठन में भी भारी फेरबदल की तैयारी है। इसे लेकर दिल्ली में सहमति बन गई है।

गुजरात में 2022 विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बड़ा दांव खेलते हुए 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया था और नए मंत्रिमंडल में 19 नए चेहरों को शामिल किया गया था। इसका सीधा असर चुनावी नतीजों में दिखा और भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

इसी मॉडल को यूपी में अपनाने की तैयारी मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं, जबकि संवैधानिक रूप से 60 मंत्रियों की सीमा है। यानी छह पद पहले से खाली हैं। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार तय माना जा रहा है, लेकिन इस बार संदेश साफ है, सिर्फ विस्तार नहीं बल्कि परफॉर्मेंस के आधार पर बदलाव। पार्टी और संगठन स्तर पर लंबे समय से यह फीडबैक मिल रहा है कि सरकार के कुछ मंत्रियों के कामकाज को लेकर असंतोष है। यह नाराजगी केवल जनता तक सीमित नहीं, बल्कि विधायकों, सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों के जरिए भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंची है। आरएसएस और भाजपा के बीच हुई समन्वय बैठकों में भी मंत्रियों की सक्रियता, जनता से जुड़ाव और विभागीय प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे हैं।

सूत्रों का कहना है कि जिन मंत्रियों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं, उन्हें संगठन या चुनावी मैदान में भेजा जा सकता है। वहीं उनकी जगह ऐसे नए चेहरों को मौका मिलेगा, जो जमीनी पकड़ रखते हों और 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति में फिट बैठते हों। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दो टाइमलाइन पर विचार चल रहा है, पहली होली से पहले और दूसरी पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद। हालांकि पार्टी के भीतर यह भी संकेत हैं कि खाली पदों के साथ-साथ बड़े बदलाव एक साथ किए जा सकते हैं, ताकि बार-बार फेरबदल का संदेश न जाए।

### सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

मंत्रिमंडल विस्तार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन पर खास ध्यान दिया जाएगा। दलित, पिछड़े, ब्राह्मण और महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा पश्चिमी यूपी, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्र से नए चेहरों को आगे लाने पर भी मंथन चल रहा है। कुछ ऐसे विधायक, जिन्होंने हाल के वर्षों में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय दिखाया है, उन्हें मंत्री पद मिल सकता है।

### भाजपा संगठन में भी होगा बड़ा फेरबदल

केवल सरकार ही नहीं, भाजपा संगठन में भी बदलाव तय माने जा रहे हैं। जिलों से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक कई पदों पर नए चेहरों को लाने की तैयारी है। सभी मोर्चे में कमान बदली जा सकती है। दिल्ली में हुई बैठकों में यह सहमति बनी है कि सरकार और संगठन दोनों में एक साथ बदलाव कर चुनावी मशीनरी को पूरी तरह सक्रिय किया जाए।

### आठ मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्त को मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में आठ कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह आवेदन 6 मार्च 2026 तक, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा उपलब्ध कराना होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक द्वारा कानपुर देहात, कुशीनगर, बिजनौर, सुल्तानपुर, सोनभ गोंडा, अमेठी और बुलंदशहर मेडिकल कॉलेजों में प्राचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदक अभ्यर्थियों की उम्र 50 साल से लेकर 62 साल के मध्य होनी चाहिए।

# आईबी अफसर बनकर गांठता था रौब, गिरफ्तार

## विभागों में अवैध कार्य कराने का बना रहा था दबाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने आईबी और एनएसए के फर्जी कार्ड किए बरामद

**अमृत विचार:** इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) के फर्जी डिप्टी डायरेक्टर को एसटीएफ ने बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से आईबी और एनएसए दिल्ली के फर्जी कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोप है कि गिरफ्तार अभियुक्त मनोज चौहान खुद को आईबी का अफसर बताकर पुलिस और प्रशासन के अफसरों पर अवैध कार्य कराने का दवाब बना रहा था।

एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, सूचना मिली कि पिछले कुछ दिनों से मनोज चौहान नामक व्यक्ति खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बता कर बिजनौर में घूम रहा है। वह पुलिस, राजस्व और शिक्षा समेत अन्य विभागों के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों तक को फोन कर



आरोपी मनोज चौहान

अवैध कार्य कराने का दबाव बनाता है। सभी से खुद को आईबी का डिप्टी डायरेक्टर बनाकर ही मुलाकात भी करता है। वह सफेद रंग की इंगनिस कार लेकर चलता है।

एसटीएफ ने दिल्ली स्थित इंटेलीजेंस विभाग में संपर्क किया तो पता चला कि बिजनौर में किसी भी अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। इसके बाद एसटीएफ के एडीशनल एसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने टीम के साथ बिजनौर में डेरा डाल दिया। शुक्रवार की रात को उन्हें पता चला कि कथित आईबी अधिकारी बिजनौर के कस्बा धामपुर स्थित साकेत बिहार कालोनी में है। एसटीएफ ने जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पहले तो उसने एसटीएफ को भी दबाव में लेने का प्रयास किया, लेकिन एक नहीं चली। उसके गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने अपना नाम मनोज चौहान पुत्र नरेन्द्र सिंह चौहान निवासी त्रिलोकवाला, थाना नगीना बताया। मौजूदा समय में वह कस्बा धामपुर के मोहल्ला साकेत बिहार कालोनी में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से दो मोबाइल, आईबी और एनएसए दिल्ली के दो फर्जी परिचय पत्र और एक कार यूपी 20 सीएच 6789 को बरामद किया है। एसटीएफ ने थाना धामपुर में मुकदमा कायम कर गिरफ्तार कर लिया।

### शीतलहर व विक्षोभ का असर खत्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश और तेज हवाओं के बाद अब प्रदेश में शीतलहर का प्रभाव लगभग समाप्त हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में मौसम सामान्य रहेगा और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

शनिवार को प्रदेश के कई हिस्सों में पछुआ हवाएं चलती रहीं। धूप निकलने के बावजूद हवा में ठंडक बनी रही, लेकिन सुबह और शाम की गलन पहले के मुकाबले काफी कम महसूस की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, प्रदेश में कोहरे का प्रभाव लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं बन रहा है, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभव है। रविवार को भी तेज हवाएं चलने के आसार हैं। हालांकि, मौसम शुष्क बना रहेगा और दिन में धूप खिली रहेगी। इससे दिन के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिलेगी।



लखनऊ : बसपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों का अभिवादन करतीं पार्टी प्रमुख मायावती, साथ में आकाश आनंद।

# भाजपा सरकार में अधिकांश वर्ग पीड़ित

- विधानसभा उप चुनाव को लेकर बसपा की प्रदेशस्तरीय बैठक को मायावती ने किया संबोधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में गिने-चुने लोगों को छोड़कर समाज का अधिकांश वर्ग, विशेषकर बहुजन समाज, उपेक्षा, असुरक्षा एवं महंगाई से पीड़ित है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल बसपा को कमजोर करने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन पार्टी गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और सर्वसमाज के हितों को केंद्र में रखकर पूरी मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेगी।

बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में उप्र. राज्य के प्रदेश, जिला व विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित कर रही थी। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर बुलाई गयी अहम बैठक में उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक संगठनात्मक फेरबदल किए जाएंगे। सरकार से आमजन के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए समय बहुत कम बचा है। 'एसआईआर की वजह से पार्टी का काम प्रभावित हुआ है। अब उन कार्यों को पूरा किया जाएगा ताकि चुनाव को लेकर संगठन मजबूत और तय चुनावी रणनीति पर अमल किया जा सके।



पौड़ी गढ़वाल स्थित गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ/पौड़ी गढ़वाल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को पौड़ी गढ़वाल जिले के बिथ्याणी (यमकेश्वर) स्थित गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस अवसर पर 127 गढ़वाल इन्फेंट्री बटालियन के जवानों ने 'भारत माता की जय' के नारों के साथ कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्यमंत्री ने परिसर का निरीक्षण किया और शैक्षणिक व आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

# बड़ी संख्या में पकड़े गए बिजली चोर, राहत लेने को तैयार नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में ओटीएस योजना की सुस्त रफ्तार, 12 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही कराया पंजीकरण
- योजना का तीसरा चरण शुरू बकायेदारों से वसूली के लिए विभाग ने कसी कमर

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली चोरी सहित बकायेदारों से बिल की वसूली के मामलों के निपटारे के लिए शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना पॉवर कॉरपोरेशन की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। करोड़ों रुपये की छूट और मुकदमेबाजी से राहत के बावजूद प्रदेश भर में बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ता योजना से दूरी बनाए हुए हैं। अब तक केवल 12 प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं ने ही ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया है, जिससे बिजली विभाग की रणनीति पर सवाल खड़े हो गए हैं।

ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी-26 तक बिजली चोरी के कुल 6.26 लाख मामले ओटीएस के लिए पात्र थे। इन मामलों में करीब 26,367.23 करोड़ रुपये की आंकी गई देनदारी और 1,560.80 करोड़ रुपये के कंपाउंडिंग चार्ज शामिल हैं। वहीं योजना लागू होने के बाद अब तक सिर्फ 75,277 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, जबकि 51,557 मामलों का ही पूर्ण निस्तारण हो सका है। योजना के तहत अब तक 188.38 करोड़ रुपये की वसूली की जा सकी है। इसमें 149.63 करोड़ रुपये बकाया राशि और 38.75 करोड़ रुपये कंपाउंडिंग चार्ज से प्राप्त हुए हैं। इसके बदले बिजली कंपनियों ने 108.35 करोड़ रुपये की राशि माफ की है। 3 जनवरी को एक दिन में सर्वाधिक 4.57 करोड़ रुपये की वसूली दर्ज की गई थी, लेकिन इसके बाद राजस्व वसूली की रफ्तार सुस्त पड़ गई। कॉरपोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसे कम भागीदारी को गंभीर संरचनात्मक समस्या बताया। उनका कहना है कि यह स्थिति बताती है है कि विभाग की ओर से की जाने वाली कार्रवाई को उपभोक्ता गंभीरता से नहीं ले रहे है। या फिर बड़ी संख्या में उपभोक्ता अब भी औपचारिक बिलिंग व्यवस्था से बाहर हैं। वहीं यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) प्रशांत वर्मा ने कहा ने कहा कि बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं की सीमित भागीदारी के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। फिलहाल हमारा फोकस सामान्य बकाया राशि की वसूली पर है।

### उपभोक्ताओं ने योजना से बनाई दूरी

ओटीएस योजना को लाखों बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के उद्देश्य से तीन चरणों में लागू किया गया था। पहला और दूसरा चरण समाप्त हो चुका है, लेकिन अपेक्षित भागीदारी नहीं मिली। अब तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है, जिसके साथ ही विभाग ने रुख सख्त कर लिया है।

### डिस्कॉम-वार स्थिति

पंजीकरण के मामले में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम 24,773 से अधिक मामलों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 24,033 से ज्यादा पंजीकरण दर्ज हुए हैं। प्रतिशत के लिहाज से पूर्वांचल सबसे आगे है, जहां 15.3 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया। वहीं कानपुर की केस्को में महज 8 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया।

### योजना के खत्म होने के बाद होगी कार्रवाई

बिजली चोरी जैसे गंभीर अपराध पर राहत देने के बावजूद उपभोक्ताओं की उदासीनता के चलते विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कम पंजीकरण को देखते हुए बिजली विभाग ने संबंधित अधिकारियों को कनेक्शन काटने, कुर्की और अन्य कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं।

# होमगार्ड्स के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति में राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होमगार्ड्स एवं अवैतनिक होमगार्ड्स अधिकारियों-कर्मियों के मृतक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में बड़ी राहत दी गई है। अब ऐसे पात्र आश्रितों को शारीरिक अहर्ता (लंबाई) में दो सेंटीमीटर की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट पुलिस विभाग के समान लागू होगी।

राज्य सरकार ने यह निर्णय न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में लिया गया है। इसके तहत सेवाकाल में मृत्यु होने अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग होने की स्थिति में पात्र आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के समय शारीरिक मानकों में यह विशेष छूट दी जाएगी। इस संबंध में होमगार्ड्स विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने महासमादेष्टा, होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश जारी होने के बाद अब विभागीय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े मामलों में यह छूट प्रभावी मानी जाएगी।

उपलब्धि | बिजली उपलब्धता से निवेश, एमएसएमई व रोजगार सृजन को बढ़ावा

# बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार का दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरडीएसएस व स्मार्ट मीटरिंग से डिस्कॉम की कार्यक्षमता में हुई बढ़ोतरी

**अमृत विचार:** यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30 फीसद तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। जबकि सरकार का दावा है कि प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात हो गई है।

योगी सरकार का मानना है कि बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है। योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया।

### आयोग की मंजूरी से तय होगी दरों में बढ़ोतरी

यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने बढ़ते राजस्व घाटे का हवाला देते हुए बिजली दरों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। हालांकि अंतिम दरों का निर्णय यूपी विद्युत नियामक आयोग की मंजूरी के बाद ही होगा। यूपीपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की दरों में 30% तक की वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। यह बढ़ोतरी पिछले 5 वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण राजस्व घाटा बढ़ गया है। प्रस्ताव के मंजूर होने पर, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दरें 13 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं, जिसमें फिक्स चार्ज में भी वृद्धि शामिल है। यूपी में अप्रैल 2025 से ही 1.24% का एक नया फ्यूल सरचार्ज जोड़ा जा रहा है, जिससे बिजली बिल पहले ही थोड़े बढ़ चुके हैं। यदि राज्य विद्युत नियामक आयोग इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो उपभोक्ताओं की जेब पर बड़ा बोझ पड़ सकता है।

# मुठभेड़ : 127 दिनों में 19 बदमाश ढेर

## हत्या, लूट व फिरौती के लिए कुख्यात बदमाश रहे पुलिस-एसटीएफ के निशाने पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीते दिनों लखनऊ, बिजनौर समेत कुछ जिलों में बदमाशों ने लूट की वारदातों को अंजाम देकर जमकर दहशत फैलाई, वहीं पुलिस और एसटीएफ भी बदमाशों को ढेर करने में पीछे नहीं रही। 3 फरवरी को एसटीएफ ने बनारस में एक लाख के इनामी बनारसी यादव और 6 फरवरी को पुलिस ने शामली में दिल्ली निवासी 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को ढेर कर दिया। यह दो मामले तो बानगी भर हैं। दरअसल पिछले 127 दिन में पुलिस ने बदमाशों की दहशतगर्दी के खात्मे के लिए ताबड़तोड़ एनकाउंटर किए। 28 सितंबर-2025 से छह फरवरी-2026 तक पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर 19 बदमाशों को ढेर कर दिया। हालांकि इन मुठभेड़ों में दर्जन भर पुलिस के जवान भी घायल हुए।

प्रदेश में भाजपा सरकार आई तो क्राइम को लेकर जीरो टालरेंस की नीति पर पुलिस ने काम करना शुरू कर दिया। इसके लिए एनकाउंटर का एक चलन सा शुरू हो गया। हालांकि एनकाउंटर के खिलाफ विपक्षी दल आवाज उठाते रहे हैं। बीते दिनों एक संवैधानिक संस्था ने भी इसके खिलाफ तल्ख टिप्पणी कर डाली। इससे एक बारगी लगा कि एनकाउंटर को लेकर पुलिस बैकफुट पर आ सकती है। लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत। पुलिस और एसटीएफ का एनकाउंटर अभियान जारी रहा। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कथित सुपारी किलर बनारसी यादव को ढेर कर दिया, वहीं छह फरवरी को दिल्ली से सटे यूपी के शामली में भी पुलिस ने 50 हजार के इनामी बदमाश रिहान को भी मौत की नींद सुला दिया। बनारसी यादव अन्य जघन्य मुकद्मों के साथ ही कोलोनाइजर महेन्द्र गौतम की हत्या का अभियुक्त था, जबकि रिहान के खिलाफ 80 मुकदमे दर्ज थे। हालांकि यह दो मामले तो बानगी भर हैं। पुलिस और एसटीएफ का रिकार्ड खंगाले तो पिछले 127 दिनों में 19 कुख्यात अपराधियों को एनकाउंटर ढेर किया गया है।



> एनकाउंटर को आम तौर पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ को ही कहा जाता है। पूर्व में आईपीसी और अब बीएनएस में भी पुलिस को आत्मरक्षा का अधिकार है। कभी- कभी आत्मरक्षा करते समय ही बदमाश ढेर हो जाते हैं, वहीं पुलिस कर्मी भी हताहत होते हैं। जब एनकाउंटर में कोई बड़ा बदमाश ढेर होता है तो जनता में सुरक्षा का अहसास पैदा होता है। जनता पुलिस की हीरोज्म की छवि को पसंद करती है। हालांकि यह अलग बात है कि इसके कानूनी पहलू कुछ भी हो सकते हैं।
>
> -सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक, यूपी

### इनके हुए एनकाउंटर

28 सितंबर-25 को मुजफ्फरनगर में नईम कुरैशी और तीन अक्टूबर को मेहताब को ढेर कर दिया गया। इसी तरह पांच अक्टूबर को फिरोजाबाद में नरेश पंडित और सहारनपुर में इमरान को पुलिस ने मौत की नींद सुला दिया था। नौ अक्टूबर को बरेली में कुख्यात बदमाश शैतान का एनकाउंटर कर दिया, वहीं 12 अक्टूबर लखनऊ पुलिस ने एक लाख के इनामी मोहम्मद नफीस और 13 अक्टूबर को मेरठ पुलिस ने शहजाद उर्फ निक्की को ढेर कर दिया। शामली में 18 अक्टूबर एक लाख के इनामी नफीस को, जबकि 23 अक्टूबर को शामली में ही फैसल को मौत की नींद सुला दिया। 12 दिसंबर को शामली पुलिस ने समयदीन और दो दिसंबर को बाबरिया गिरोह के सरगना मिथुन एनकाउंटर में मारे गए। 21 दिसंबर को बुलंदशहर में जुबैर और सहारनपुर में एक लाख के इनामी सिराज को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। पांच जनवरी 26 को सुल्तानपुर में एक लाख का इनामी तालिब को मार गिराया गया, वहीं 23 जनवरी को चित्रकूट में कारोबारी बेटे की 40 लाख की फिरौती के लिए हत्या करने वाले बदमाश कल्लू को ढेर कर दिया। तीन फरवरी को एक लाख के इनामी कुख्यात बनारसी यादव और छह फरवरी को शामली में रिहान के अलावा दो बदमाशों को भी पुलिस ने अन्य मुठभेड़ में मार गिराया।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में युवती को पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कासिमपुर निवासी गेंदनलाल पुत्र गिरवर ने सदर कोतवाली में गांव के ही निवासी खिलावन पुत्र गिरवर व रामनरायन पुत्र रामाधार के खिलाफ दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 05 फरवरी को उसकी पुत्री रागिनी खेत पर जदा रही थी।जैसे ही वह गांव के ही निवासी रामनरायन के घर के पास पहुंची उसी समय उक्त लोगों ने पुरानी रंजिशमें घेर लिया। गाली गलौज की। गाली देने से मना करने पर उक्त लोगों ने डंडे व थप्पड से पिटाई करदी ।

### गड्ढों से भरा मार्ग बना बवालेजान

**कन्नौज।** सौरिख से छिबरामऊ को जोड़ने वालले मार्ग पर पुल के पास बड़े-बड़े गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं। मार्ग के दोनों और फुटपाथ नहीं होने से पैदल चलने वालों को समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वे दुर्घटना का शिकार होने से बचते तो कभी दुर्घटना हो भी जाती है। सबसे ज्यादा पालपुर, जरारा, सरदारपुर और राजापुर सहित आसपास के कई गांवों लोग इस समस्या से प्रभावित हैं।

### बाइक फिसलने से दंपति घायल

**सौरिख।** तेज रफ्तार बाइक फिसलने से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया थाना क्षेत्र के उड़ेलापुर गांव निवासी लोकेश पुत्र राजेश (25) अपनी पत्नी प्रीती (22) को लेकर बाइक से शुक्रवार को अपनी रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सौरिख-कुसमरा रोड पर पहुंची ही थी कि तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को सीएचसी भेजा गया ।

# बाइक सवारों को कार ने रौंदा, एक की मौत

संवाददाता,छिबरामऊ

- घटियाघाट से अंतिम संस्कार से लौट रहे थे दो युवक




**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद के घटियाघाट से अंतिम संस्कार से लौट रहे दो युवकों को शाहजहांपुर के पास तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुर्घटना शुक्रवार की देर शाम हुई। गौरव पुत्र लेजम सिंह और सुबीन यादव पुत्र शंभू दयाल निवासीगण रामखेड़ा फर्रुखाबाद जिले के श्रृंगारीमपुर में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इसके बाद दोनों युवक बाइक से गांव लौट रहे थे। इस दौरान छिबरामऊ के शाहजहांपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नगला दिलु स्थित सौ शैया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद गौरव को मृत घोषित कर दिया। सुबीन को प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। गौरव की पत्नी शालिनी और 1 साल की एक मासूम बेटी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हर गली-मोहल्ले में कॉन्वेंट स्कूल, मैप्ड महज 464

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कक्षा 01 से 12 तक के कुल 2883 विद्यालयों का है यू-डायस कोड, 783 निजी संचालित
- जनपद के जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं व आरटीई का लाभ मिलना आसान नहीं

**अमृत विचार।** अगर आप किसी भी मोहल्ले या गली में निकल जाएंगे तो वहां आपको 08 से 10 कॉन्वेंट स्कूल चलते मिल जाएंगे। दूसरी ओर बात अगर निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 में मैप्ड होने की करें तो महज 464 विद्यालय ही हैं। इससे सरकार की बेहतर योजना होने के बाद भी ज्यादातर गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल सकेगा।

बताया जा रहा है कि जनपद में कक्षा 01 से 12 तक के कुल 2883 स्कूलों के यू-डायस कोड जारी हैं। इसमें 1459 परिषदीय स्कूल भी शामिल हैं। अब 1424 विद्यालय ही शेष बचे हैं। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन 783 निजी स्कूल शामिल हैं। 39 सहायता प्राप्त हैं। इसके अलावा 388 शैक्षिक संस्थाएं डीआईओएस के अधीन हैं। साथ ही 203 मदरसा हैं। 13 मदरसा सहायता प्राप्त भी शामिल हैं। निजी विद्यालयों में बच्चों को निशुल्क शिक्षा का लाभ नर्सरी से कक्षा 01 तक में ही प्रवेश कर कक्षा 08 तक दिया जाता है। खास बात यह है कि अगर बेसिक शिक्षा विभाग के ही आंकड़े पर गौर करें तो कुल 783 निजी विद्यालयों का यू-डायस है लेकिन आरटीई में मैप्ड होने वाली संस्थाओं की संख्या 464 ही है। यानि 300 से अधिक स्कूल आरटीई में मैप्ड नहीं हैं। दूसरी ओर बिना मान्यता के भी जगह- जगह विद्यालय संचालित हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार का कहना है कि दुर्बल व अलाभित समूह को निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का लाभ दिलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा आवेदन कराए जाएंगे। प्रचार बोर्ड भी लगा दिया गया है।



बचपन स्कूल के प्रधानाचार्य कक्ष में रखी किताबें (नीले घेरे में)। अमृत विचार

### प्रशासक नियुक्त, उसके बाद भी स्कूल में चलती दुकान

■ बताया गया है कि तिर्वा कस्बे के निकट स्थित बचपन प्ले स्कूल में स्थाई प्रधानाचार्य नहीं हैं। प्रभारी प्रधानाचार्य कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं इससे कई सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वहां क्या चल रहा है। स्कूल को दिसंबर 2024 में जिला प्रशासन की ओर से कुर्क करने के बाद यहां बीएसए को प्रशासक नियुक्त कर दिया गया। उसके बाद भी छात्र-छात्राओं के लिए यहां विद्यालय की किताबें व बैग बिक्री किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य कक्ष में इनके बंडल रखे हुए थे। अब सवाल यह उठता है कि विद्यालय के अंदर स्टेशनरी बिक्री का मुनाफा कहां- कहां जाता है। इसमें कई लोगों के लिप्त होने की संभावना है।

### बिना यू-डायस नहीं मिलता आरटीई का लाभ

■ **कन्नौज।** जरूरतमंदों को आरटीई का लाभ लेना है तो संबंधित स्कूल का यू-डायस कोड होना जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूलों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना, आरटीई का अनुपालन करने व नीति क्रियान्वयन की निगरानी करना है। खास यह कि बिना यू-डायस कोड के सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सकता है। अनुदान व मिड-डे मील भी इसी से संचालित हैं। इस कोड के जरिए ही विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं, शिक्षकों व छात्रों की संख्या आदि जानकारी ऑनलाइन होती है।

चिकित्सालय के निकट बनाया नया भवन, 72 तरह की होंगी जांच ,अस्पताल के लैब स्टाफ को किया गया इसी में मर्ज

# सीएचसी वीडीएच को मिली ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विनोद दीक्षित अस्पताल (सीएचसी) को अत्याधुनिक बीपीएचयू (पैथालॉजी लैब) की सौगात मिली है। इस में फुल्ली बायो कैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन लगाई गई है। अब मरीजों को 72 तरह की जांचें यहीं होने लगी हैं।

मरीजों की अधिक से अधिक जांच एक ही स्थान पर कराने के लिये शासन से विनोद दीक्षित सीएचसी के निकट ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कराया है। लाखों रुपये की लागत से बने भवन में अस्पताल की पैथालॉजी के स्टाफ को मर्ज किया गया है। अत्याधुनिक लैब में मरीजों की 72 तरह की जांच की जायेंगी। भले ही अत्याधुनिक मशीन लगा लैब तैयार कर जांच शुरू की गई हैं पर स्टाफ के नाम पर किसी तरह की वृद्धि नहीं की गई है। चार कर्मियों का स्टाफ विनोद दीक्षित अस्पताल की पैथालॉजी में कार्य कर रहा है उसे ही यहां पर मर्ज कर तैनात कर दिया गया है। यहां पर फुली वायो कैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन लगाई गई है। इस मशीन से लीवर से संबंधित सभी तरह की जांचों के अलावा किडनी व हार्ट से संबंधित सभी तरह की जांचें की जाने लगी हैं। लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि नये भवन में अत्याधुनिक मशीन लग जाने से मरीजों को अब इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एक ही स्थान पर 72 तरह की जांच रिपोर्ट मिलेगी।





विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में लैब का भवन। विनोद दीक्षित चिकित्सालय के दक्षिणी गेट में लगा ताला। अमृत विचार

### दवा स्टोर के पीछे बना दी अत्याधुनिक लैब

■ **कन्नौज।** विभागीय लापरवाही से ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट के भवन को ऐसे स्थान पर बनाया गया है जहां मरीजों को पहुंचने में दिक्कत होगी। उसे खोजने में भी परेशान होना पड़ेगा। भवन निर्माण के समय विभागीय अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई है। भवन को ऐसे स्थान पर बनाया गया है जहां बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। बारिश हो जाने के बाद मरीजों को लैब तक पहुंचने में पानी से गुजरना होगा क्योंकि भवन को ऊंचाई पर नहीं बनाया गया है।

### चिकित्सालय परिसर का एक गेट कराया बंद

■ **कन्नौज।** विनोद दीक्षित चिकित्सालय का एक गेट सीएमओ ने बंद करा दिया है। इस का प्रमुख कारण चिकित्सालय परिसर को बाहरी दुकानदारों ने कूडा घर बना दिया है। गेट के निकट स्थानीय दुकानदार मेडिकल वेस्ट व अन्य तरह का कूडा डाल कर गंदा कर रहे हैं। सीएचसी परिसर में सीएमओ कार्यालय समेत आवासीय परिसर भी है। इन दोनों गेटों से लोगों का आवागमन होता है। परिसर के दक्षिणी गेट के निकट नगरपालिका की ओर से दो कूड़ेदान रखवाये गये हैं। इनमें आवासीय परिसर में रह रहे लोग व महिला चिकित्सालय से निकलने वाले कूड़े को डाला जाता है। गेट के निकट होने से यही पर बाहर के दुकानदार भी कूड़ा डालने लगे। इससे कूड़ेदान चंद दिन में ही भर जाता है। इससे नगरपालिका के कर्मचारियों को उठाने में दिक्कत होती है। कर्मचारी इस संबंध में नगर पालिका में भी शिकायत कर चुके हैं। यही नहीं वह कई कई दिन कूड़ा उठाने ही नहीं आते। इससे कूड़े का ढेर लग जाता हैं।




छिबरामऊ में फरियादियों की सुनते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद अन्य ।

# फरियादियों की समस्या का समयबद्ध निस्तारण करें

संवाददाता, छिबरामऊ

- कुल 194 शिकायतों में 25 का मौके पर किया गया निस्तारण

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनता की फरियादें सुनीं। कुल 194 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 25 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष 169 प्रकरणों के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी का पारदर्शी, समयबद्ध और संतोषजनक समाधान किया जाए।

कार्यक्रम में 05 कृषकों को उर्द और 5 को मूंग बीज की मिनीकिट दी गई। ग्राम कपूरापुर (तालग्राम) के निवासियों ने गली में जलभराव से आवागमन बाधित होने की समस्या उठाई, जिस पर डीएम ने बीडीओ को स्थलीय जांच कर समाधान के निर्देश दिए। दिव्यांग सत्यपाल सिंह ने तीन पहिया साइकिल की बैटरी बदलने की मांग की जिस का सत्यापन और निराकरण के आदेश दिए गए। इसी तरह विश्वनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त के बाद भुगतान रुकने की शिकायत की, जांच जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता को दी गई। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि चकमार्ग, बिजली आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं से किसी पात्र व्यक्ति के वंचित न रहने के भी निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनने और उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# राम जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान राम जन्म की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

मानीमऊ गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथावाचक हरि शरणानंद महाराज ने कहा कि श्रीराम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ और माता कौशल्या के घर चैत्र मास की नवमी तिथि को हुआ। भगवान राम ने अपने जीवन से सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का आदर्श प्रस्तुत किया। राम जन्म का प्रसंग सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और "जय श्रीराम" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। राम जन्म की झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी हुए, जिनमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कथा के समापन पर आरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया।

आयोजक रमाकांत अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और सद्भावना का प्रसार करना है। कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर विमल कुमार अग्निहोत्री, जितेंद्र कुमार शुक्ला, बबलू दुबे, रामा नारायण अग्निहोत्री, रमन दुबे, राजन मिश्रा, संतोष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# धमकी देता है आरोपी, पढ़ाई नहीं कर पा रही बीएड छात्रा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कोतवाली सदर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने भाई समेत स्कूल जाना छोड़ा
- तमंचा लहराने व छत पर ईंट-पत्थर फेंकने की शिकायत दर्ज कराई

**अमृत विचार।** कोतवाली सदर क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया है। कहा है कि वह बीएड कर रही है। भाई भी इंटर में पढ़ता है। एक युवक गालीगलौज करता है। तमंचा भी लहरा चुका है। छत पर ईंट-पत्थर भी फेंके हैं। इस वजह से उसने व भाई ने विद्यालय जाना छोड़ दिया है।

तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़िता ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि आरोपी उसे व भाई को पढ़ाई न करने देने की धमकी देता है। पढ़ने व परीक्षा देने के दौरान आरोपी घेरकर धमकी देता है। छात्रा ने बताया कि छोटा भाई इंटरमीडिएट में है। आरोपी अपने पास तमंचा लेकर घूमता है। 06 फरवरी को शाम साढ़े 05 बजे विपक्षी ने अपने मकान की छत पर चढ़कर प्रार्थिनी के घर पर ईंट-पत्थर फेंके। इसकी सूचना उसने डायल नंबर 112 पर दी। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। भाई व परिवार के साथ अप्रिय घटना का अंदेशा भी छात्रा ने जताया है। साथ ही कहा है कि वह व उसका भाई पढ़ाई करने स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। मामले की एफआईआर दर्ज करने की मांग हुई है। समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान कुल 83 शिकायतें आईं जिसमें राजस्व विभाग के 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व विभाग की 36, पुलिस की 17, विकास की 10, चकबंदी व बिजली की 06-06, नगर पालिका कन्नौज व पूर्ति विभाग की 03-03, शिक्षा विभाग व डूडा की 01- 01 शिकायत आई। इस मौके पर एएसपी, एसडीएम वैशाली मौजूद रहीं।

### महिला को फुसलाकर ले गया युवक

**कन्नौज।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्रके मोहल्ला सीमांतनगर निवासी शादाब पुत्र मोबीन ने मोहल्ला आजाद नगर समधान निवासी आदिल पुत्र एजाद उर्फ फर्री के खिलाफ गुरसहायगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 15 जनवरी को को उक्त उसकी पत्नी को दिन में 11 बजे बहला फुसला कर ले गया। उसके चार बच्चे हैं।


पहल | पर्यटन विभाग के विशेष प्रयास से सरकार की डोजियर बनाने की तैयारी

# कन्नौज बनेगा क्रिएटिव सिटी इन क्राफ्ट, जिले से गया प्रस्ताव

इरा अवस्थी कन्नौज

**अमृत विचार।** अपने कन्नौज को क्रिएटिव सिटी इन क्राफ्ट बनाने की तैयारी है। इस संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। योग्य कामगारों के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर उसके निर्यात की संभावनाओं को तलाशे जाने की तैयारी है। बताया गया कि सरकार इस संबंध में डोजियर बनाने का विशेष प्रयास कर रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग के समन्वय से जिले को नई पहचान दिए जाने की तैयारी है। इस दिशा में विभाग की निदेशक ईशा प्रिया के निर्देश पर प्रक्रिया शुरू की गई है। इस क्रम में शासन की ओर से मांगे गए आंकड़े भेज दिए गए हैं। इसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष की संस्तुति, उपायुक्त उद्योग विभाग के सहयोग से जिले में कार्यरत योग्य मजदूरों की संख्या तथा कितना यहां से निर्यात होता है की जानकारी शामिल है। यह भी बताया कि यहां इत्र का प्रमुख कारोबार है। इसकी पैकेजिंग के लिए क्रमशः चमड़े की बड़ी से लेकर 10 तोले की क्षमता वाली कुप्पियां, शीशम की लकड़ी से बने अतरदान को हस्तशिल्प के रूप में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही मूंज, कांस से बनने वाले सामान, कुम्हारी कला को भी स्थानीय हस्तशिल्प की श्रेणी में लाया जा सकता है। इस संबंध में पर्यटन विभाग की निदेशक ने फोन पर बताया कि जिले से जानकारियां मांगी गईं हैं। देखा जा रहा है कि क्या कन्नौज को भी क्रिएटिव सिटी ऑफ क्राफ्ट की श्रेणी में लाया जा सकता है ? जानकारियां जुटने के बाद ही प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। मानक पूरे मिलते हैं तो इस अवधारणा को मूर्त रूप में लाया जाएगा।






ऊंट के चमड़े से बनीं कुप्पियां जिनमें रखा जाता था इत्र। अमृत विचार

### चमड़े की कुप्पियां सोख लेतीं हैं इत्र की नमी

■ **कन्नौज।** बरसों पहले इत्र की पैकिंग के लिए छोटी से लेकर बड़ी तक कुप्पियों का निर्माण ऊंट के चमड़े से किया जाता था। कन्नौज में इसका निर्माण अब भी हो रहा है लेकिन अब एलुमीनियम की बोतलों का प्रयोग किया जाने लगा है। इत्र उद्यमी राकेश पाठक बताते हैं कि कुप्पियों की खूबी होती थी के ये इत्र में मौजूद नमी को सोख लेती थीं। टिकाऊ न होने से ये अब लगभग चलन से बाहर हो चुकी हैं। यह बात अलग है कि सऊदी में इनकी मांग होने से निर्माण पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है।



न्यूज ब्रीफ

### सरदामई में बंद मकान के पांच ताले चटकाए

**छिबरामऊ।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरदामई में चोरों का दुस्साहस बढ़ गया है। चोरों ने एक बंद मकान के एक दो नहीं पूरे पांच ताले तोड़कर चोरी की। जानकारी के मुताबिक, ग्राम निवासी नूर मोहम्मद का परिवार बीते कुछ दिनों से बाहर था। शनिवार सुबह जब पुत्र सलीम घर पहुंचे, तो मकान के पांचों ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार, चोर घर से एक इनवर्टर बैटरा, एक गैस सिलेंडर, करीब 3,000 रुपये नकद और रसोई में रखा राशन चोरी कर ले गए हैं। घटना की सूचना पर हल्का इंचार्ज हृदयराज उपाध्याय ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। इस वारदात से ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है मौके पर जांच करने पहुंचे विशुनगढ कस्बा इंचार्ज हृदयराज उपाध्याय ने बताया की तहरीर के आधार पर जांच की जाएगी।

### दो पर रंजिशन मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** रंजिशन गांव के लोगों ने गाली गलौज की और दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जसोदा निवासी मोनू पुत्र प्रेमचन्द्र दिवाकर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 05 फरवरी की सुबह लगभग 11 बजे रंजिश के चलते गांव के रामवीर कठेरिया व शिवम कठेरिया उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके भाई रंजीत को लाठी, डंडों व लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### अतिक्रमण की शिकायत पर हुई जांच

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज कस्बे के मुख्य तिराहे पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर उपजिलाधिकारी रजनीकांत पाण्डेय तथा लेखपालों की टीम ने जांच पड़ताल कर नापजोख की। शिकायत की गयी थी कि कमालगंज मुख्य तिराहे के पास स्थित मुन्नालाल की बांस-बल्ली की दुकान तक अवैध अतिक्रमण किया गया है। शनिवार को एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय के नेतृत्व में लेखपालों द्वारा नापजोख की गई। टीम में लेखपाल अभय त्रिवेदी, लेखपाल उज्ज्वल गुप्ता और पीडब्ल्यूडी के जेई शामिल थे। दुकानदार मुन्नालाल ने बताया कि उनके पास दुकान से संबंधित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं ।

# डीसीएम की टक्कर से मिक्सर मशीन पलटी, एक की मौत

## मकान में लेंटर डाल कर मशीन ट्रैक्टर में बांध कर लौट रहे थे मजदूर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की रात मकान का लेंटर डालने के बाद ट्रैक्टर में मसाला मशीन बांध कर घर जा रहे ट्रैक्टर में तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। इसे मशीन पलट गई। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गये। पुलिस ने हाईवे की एंबुलेंस से मृतक व एक घायल को जिला अस्पताल भेजा। सुवह होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गोहाना खेड़ा निवासी राजेश, कुमार, स्वामी शरण, सुरजीत, ट्रैक्टर चालक अमन, विश्राम और पवन एक मकान का लेंटर डालने गये थे। काम समाप्त होने के बाद सभी ट्रैक्टर में मसाला मिक्सर मशीन बांध कर घर लौट रहे थे। रात नौ बजे के करीब जैसे ही चालक ट्रैक्टर लेकर इस्माइलपुर गांव के सामने पहुंचा उसी समय तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर और



दुर्घटना के बाद मार्ग पर पड़ी मिक्सर मशीन। अमृत विचार

- इस्माइलपुर गांव के सामने शुक्रवार की रात हुई दुर्घटना

लेंटर डालने वाली मिक्सर मशीन पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर व मिक्सर मशीन पर बैठे मजदूर व चालक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पवन (30) व विश्राम (35) पुत्र सुरेशचंद्र को 1033 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। अन्य घायलों को गुरसहायगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद विश्राम सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल पवन को भर्ती कर उपचार दिया गया। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवा कर कोतवाली में खड़ा करवा दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायलों का उपचार जारी है और फरार डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

### मार्ग दुर्घटना में छात्र सहित दो घायल

**गुरसहायगंज।** कार के चालक ने तेज गति से चलाते हुए बीते दिनों टैंपो में टक्कर मार दी थी। इसमें टैंपों में सवार छात्र सहित दो लोग घायल हो गए थे। पीड़ित छात्र के चाचा ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज ग्राम खुदागंज निवासी प्रमोद कुमार पुत्र केशव सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका भतीजा आदर्श राजपूत गुरसहायगंज स्थित स्कूल से पढ़ कर 04 फरवरी की शाम लगभग 03 .30 बजे टैंपो से घर लौट रहा था। तभी रामाश्रम स्थित पैट्रोल पंप के निकट फर्रुखाबाद की ओर से आ रही कार के चालक ने तेज गति से चलाते हुए टैंपो में सामने से टक्कर मार दी थी। जिससे टैंपो में सवार उसका भतीजा व ग्राम गंगागंज गुरौली निवासी विजय पाल घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया ।

### अचार में निकली छिपकली, खाने से बिगड़ी हालत

**कन्नौज।** मिक्स अचार खाने से महिला की हालत खराब हो गई। उपचार के बाद ठीक होने पर दोबारा अचार खोला तो उसमे छिपकली निकली।

शनिवार को तहसील छिबरामऊ सभागार में तहसील समाधान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रंजना तिवारी ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को शिकायती पत्र दिया। इसमें उन्होंने बताया कि करीब एक माह पूर्व प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निर्मला राठौर के आवास पर उन का हाल-चाल लेने गई थी। इसके बाद तालग्राम होते हुए वापस आ रही थीं। जहां उन्होंने एक गाड़ी में आचार बिक्री होते देखा। उन्होंने दो डिब्बा मिक्स अचार खरीद लिया। एक डिब्बा खत्म होने के बाद उन्होंने दूसरे डिब्बे से प्रथम दिन अचार खाया जिससे उनकी हालत खराब हो गई। उन्हें उल्टी, दस्त व पेट दर्द शुरू हो गया। उन्होंने अचार के डिब्बे में देखा तो सड़ी गली छिपकली निकली। उन्होने कहा कि समय पर इलाज न लेती तो उसकी मौत हो सकती थी। डब्बे पर लगे स्टीकर में अचार कंपनी का नाम व पता कमालगंज, जनपद फर्रुखाबाद अंकित है। उन्होंने जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों को बोरिंग में मिलेगा अनुदान, तीन योजनाएं आईं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत चल रही स्कीम
- उथले नलकूप योजना, मध्यम गहरे व गहरे नलकूप शामिल

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनपद में तीन प्रकार की योजनाएं चल रहीं हैं। इसमें उथले नलकूप योजना, मध्यम गहरे नलकूप व गहरे नलकूप योजना शामिल है।

लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता रामजी ने बताया कि उथले नलकूप योजना का लाभ लघु/सीमांत कृषकों एवं अनुसूचित जाति के किसानों के खेतों के लिए है। जिन क्षेत्रों में भूगर्भ जल स्तर 30 मीटर तक है, वहां उथली बोरिंग कराई जाती है। सामान्य जाति के लघु किसानों को प्रति बोरिंग 11 हजार रुपये, सामान्य जाति के सीमांत कृषकों को 15,400 रुपये तथा अनुसूचित जाति के कृषकों को प्रति बोरिंग 19,800 रुपये अनुदान दिया जाता है। दूसरी योजना मध्यम गहरे नलकूप की है। इसके तहत जहां भूगर्भ जल स्तर 30 से 60 मीटर के मध्य है, वहां मध्यम गहरी बोरिंग कराई जाती है। प्रति बोरिंग लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1.75 लाख रुपये (जो भी कम हो) अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त जल वितरण प्रणाली के लिए लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 14 हजार रुपये तथा ऊर्जीकरण को 68 हजार मिलेगा।

#### तीसरी योजना का भी लाभ जानिए

तीसरी योजना गहरे नलकूप की है जहां भू-जल स्तर 60 से 90 मीटर के मध्य है वहां गहरी बोरिंग कराई जाती है। इस योजना में प्रति बोरिंग लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 2 .65 लाख रुपये (जो भी कम हो) अनुदान दिया जाता है। साथ ही जल वितरण प्रणाली पर 14 हजार रुपये (अधिकतम) तथा ऊर्जीकरण के लिए 68 हजार रुपये का अनुदान है। इस प्रकार प्रति बोरिंग कुल 3 .47 लाख रुपये अनुदान अनुमन्य है। शेष लागत कृषक वहन करेगा।

विकास खण्ड तालग्राम एवं जलालाबाद अतिदोहित श्रेणी (डार्क जोन) में हैं। ब्लॉक सदर कन्नौज क्रिटिकल श्रेणी में घोषित है। इन स्थानों में किसी भी प्रकार का बोरिंग कार्य पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अन्य ब्लॉक क्षेत्र के जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिलेगा।

-रामजी, सहायक अभियंता

### सब्जियों की आधुनिक खेती की बताई तकनीकें



**तिर्वा।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल में संरक्षित सब्जी उत्पादन तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में औरैया जनपद के बिधूना विकासखंड से आए 50 किसानों ने भाग लिया। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, उमर्दा में औरैया के वैज्ञानिक डॉ. आईपी सिंह ने किसानों को संरक्षित संरचनाओं में सब्जियों की खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। केंद्र प्रभारी प्रवीण कुमार ने भूमि में भी उन्नत तकनीकों से अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त की जा सकती है। केंद्र प्रभारी ने नर्सरी में पौध उत्पादन, बेड, मल्चिंग, ड्रिप, ग्रो बैग व ट्रफ जैसी तकनीकों का प्रदर्शन कराया और किसानों को अपने खेत व घर पर पौध तैयार करने के तरीके समझाए। कीट विशेषज्ञ जितेंद्र कुमार ने सब्जियों में लगने वाले रोग-कीटों की पहचान और बचाव के उपाय बताए। इस विधि से किसान वैज्ञानिक ढंग से आधुनिक खेती करके बेहतर उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकेंगे। अमृत विचार

### कल से तापमान बढ़ने के आसार

**कन्नौज।** फरवरी का पहला हफ्ता बीत चला है और इसके साथ ही मौसम में तेजी से बदलाव आ गया है। अब कल से तेज हवाओं के थमने के साथ तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। शनिवार को सुबह से ही मौसम खुला रहा और तेज धूप निकली।

इससे पहले दो दिन कोहरे का असर सुबह से ही रहा और फिर इसके बाद धूप निकल आई। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि तेज पछुआ हवाओं के कारण प्रदेश में जारी घने कोहरे का दौर सिमटने के साथ ही आगामी 24 घण्टों के उपरांत कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण 2-3 दिनों के दौरान तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना है।

# किचन वस्त्र पहनकर खाना बनाएं रसोइया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को भेजा पत्र
- सभी रसोइयों के खातों में भेजा जा चुका है 500- 500 रुपये

**अमृत विचार।** जनपद के सभी परिषदीय स्कूलों में मिड-डे मील बनाने के लिए रसोइयां तैनात हैं। उनके खातों में 500- 500 रुपये पूर्व में भेजे जा चुके हैं। इस बजट से उनको किचन के परिधान पहनने हैं। बीएसए ने इसको लेकर सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को चिट्ठी लिखी है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों को वर्ष में एक बार महिला रसोइयों के लिए भूरे रंग की साड़ी व पुरुष रसोइयों के लिए भूरा पैंट व बादामी कलर की शर्ट किचेन वस्त्र में निर्धारित है। प्रतिदिन इसे ही पहनकर रसोइयां भोजन बनाएं। इसके लिए परिषदीय विद्यालयों में तैनात रसोइयों के खातों में रुपये भी भेजे जा चुके हैं।



प्राथमिक स्कूल में किचन वस्त्र पहने रसोइया। अमृत विचार

बीएसए ने कहा है कि सभी रसोइया निर्धारित ड्रेस में ही उपस्थित होकर मध्याह्न भोजन बनाएं अन्यथा उनके प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

# हत्यारोपी शिक्षक है फरार एक नेताजी कर रहे बचाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल गुलरेहा में है तैनात
- औरैया एसपी ने डीएम को भेजी चिट्ठी, तिर्वा कोतवाली में दर्ज है केस

**अमृत विचार।** करीब तीन महीने पहले पत्नी की हत्या के बाद मामले में आरोपी शिक्षक पुलिस की पकड़ से अब तक दूर है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि एक नेताजी उसका बचाव कर रहे हैं। इसको लेकर एसपी औरैया ने डीएम कन्नौज को चिट्ठी भेजकर कार्रवाई के लिए कहा है। एसपी औरैया ने भेजे पत्र में कहा है कि तिर्वा कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 414/2025 धारा 108 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत है। इसकी विवेचना बिधूना प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक आरोपी राजकुमार निवासी ग्राम दौलतपुर कोतवाली तिर्वा क्षेत्र का रहने वाला है जो पीएस गुलरेहा में अध्यापक है।

बताया गया है कि मामले की रिपोर्ट औरैया के थाना अजीतमल क्षेत्र के कलहुरुआ पोस्ट जानिशनगर निवासी सनत कुमार ने उस दौरान दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि पुत्री आराधना की शादी 15 जून 2010 को राजकुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद राजकुमार व परिजन आराधना के साथ मारपीट करने लगे। एफआईआर में कहा गया है कि राजकुमार के अन्य महिलाओं से भी संबंध हैं इसका विरोध करने पर आराधना की 25 अक्टूबर 2025 को राजकुमार, उसके भाई दिलीप ने हत्या कर दी। आराधना की मौत होने की सूचना भी सनत को नहीं दी गई। साथ ही सभी आरोपी बेटी का शव छोड़कर गांव दौलतपुर से फरार हो गए। मामले की रिपोर्ट राजकुमार, दिलीप कुमार, देवरानी गुड्डन व सास के खिलाफ दर्ज है। इसी मामले में अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इसी को लेकर अब तक सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आलू के दामों में कुछ तेजी आई

**फर्रुखाबाद।** जनपद की प्रमुख कृषि उपज मंडी सातनपुर में आलू के भाव में एक बार फिर तेजी दर्ज की गई है।

शनिवार को आलू के दामों में औसतन 20 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी देखने को मिली, जिससे मंडी में व्यापारिक गतिविधियां तेज हो गईं। बढ़े हुए दामों से जहां किसानों को कुछ राहत मिली है, वहीं थोक व खुदरा व्यापारियों की नजर आने वाले दिनों की आवक और मांग पर टिकी हुई है। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आलू के थोक भाव इस प्रकार दर्ज किए गए—गड्डु आलू- 321 रुपये से 401 रुपये प्रति कुंतल, छट्टा आलूः 421 रुपये से 521 रुपये प्रति कुंतल रहा।

# ट्रांसफार्मर से तेल चोरी में पुलिस के हाथ खाली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- अधिकतर चोरियां नलकूपों के ट्रांसफार्मरों से हो रहीं हैं
- विभाग ने संबंधित थानों में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ट्रांसफार्मर को गिराकर क्वायल व तेल चोरी के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। वहीं लगातार ट्रांसफार्मर की चोरी जारी है।

योगी सरकार में चोरों ने जिले में बिजली विभाग को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। वर्ष 2025 में करीव दो दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर को पोल से नीचे गिरा कर उसके क्वायल व तेल चोरी कर ले गये। विभागीय अधिकारियों व किसानों ने चोरी की रिपोर्ट स्थानीय थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच तो की पर हुआ क्या यह विभाग को भी नहीं पता। विभाग ने थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराकर इसकी प्रति लगा कर नया ट्रांसफार्मर संबंधित उपभोक्ता के निजी नलकूप या गांव में लगा दिया। विभाग ने पुलिस से यह भी जानने का प्रयास नहीं किया कि दर्ज कराई गई एफआईआर में पुलिस ने अब तक क्या किया।

सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने जांच तो की लेकिन जब चोर नहीं मिले तो उन्होंने मामले को लंबित छोड़ दिया या एफआर लगा दी। जिले में दो दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर चोरी किये जा चुके हैं। इन में करीव 08 से 10 ट्रांसफार्मर सदर कोतवाली क्षेत्र के ही हैं। इस संबंध मंक एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि बिजली विभाग के उपकरण चोरी के मामलों में एफआईआर दर्ज कराते हैं। पुलिस आरोपियो को गिरफ्तार करती है तो बरामद माल को विभाग को सौंपा जाता है।

#### एफआईआर में बिजली विभाग का खेल

**कन्नौज।** एफआईआर में बिजली विभाग खेल कर रहा है। यदि बिजली चोरी का मामला हो तो विभागीय जेई, एसडीओ, विजिलेंस एफआईआर एंटी थेफ्ट (विभागीय थाने) में दर्ज कराते हैं। यदि ट्रांसफार्मर या तार चोरी हो जाये तो यही जेई, एसडीओ जिस क्षेत्र में चोरी की घटना हुई है वहां के थाना-कोतवाली में दर्ज कराते हैं। बताया जाता है कि बिजली थाना खुलने के बाद संबंधित किसी भी मामले में एफआईआर यहीं दर्ज कराने की बात कही गई थी।

#### कहां जाते ट्रांसफार्मर से चोरी क्वायल व तेल

**कन्नौज।** जिले में ट्रांसफार्मर गिरा कर तेल व क्वायल चोरी हो रहे हैं। अभी तक एक भी चोर को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं कर सकी है न ही चोरी का माल बरामद किया गया है। अब प्रश्न उठता है कि चोरी का माल यह चोर कहां बेंच रहे हैं? यदि किसी कबाड़ी के पास माल बेंचा जाता तो पुलिस अब तक किसी न किसी चोर को पकड़ लेती। इससे तय है कि चोरी का माल बाहर बेंचा जा रहा है।

सेमिनार | मेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर सप्ताह के तहत हुई सेमिनार में दी गईं जानकारियां

# ब्रेस्ट कैंसर का पहली स्टेज पर पहचान से इलाज संभव

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** विश्व कैंसर सप्ताह के तहत मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के सौजन्य से स्तन कैंसर को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया कि अगर बीमारी को प्राथमिक स्तर पर पकड़ लिया जाए तो व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

शुक्रवार को आयोजित सेमिनार का शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो डा. सी. पी. पाल, मुख्य अतिथि रा. मे.कॉ. झांसी के प्राचार्य डॉ. राजीव सिन्हा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सर गंगाराम अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि स्तन कैंसर को अगर प्राथमिक स्टेज में पकड़ा जाए तो शतप्रतिशत इलाज संभव है। इसका तरीका यह है कि 40 साल की उम्र के ऊपर की हर महिला को हर साल एक बार मैमोग्राफी जरूर कराना चाहिए। कैंसर प्राथमिक स्तर पर ही पकड़ा जाए तो उपचार आसान और कम खर्चे में होता है किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की प्रोफेसर डॉ. मंजू रमाकांत ने सर्जिकल एनाटॉमी से लेकर प्लास्टिक सर्जरी रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। डॉ. शिवानी ढींगरा ने स्तन की शल्य संरचना, लखनऊ की डॉ. सारा इदरीश ने सौम्य स्तन कैंसर रोगों की जानकारी दी। लखनऊ के डॉ. मनोज ने स्तन कैंसर परिचय एवं स्टेजिंग पर चर्चा की। कानपुर की डॉ. मंजू मिश्रा ने पैथोलॉजिकल जांच एवं निदान के बारे में बताया, पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. कुलजिंदर सिंह सोढ़ी ने सर्जिकल निर्णय ब्रेस्ट कन्वर्सेशन सर्जरी पर व्याख्यान दिया। कन्नौज की जज स्वप्निल पांडे ने कहा कि चिकित्सक आधुनिक भगवान हैं। सेमिनार के अंत में प्राचार्य ने सभी आगंतुक चिकित्सकों तथा आयोजक सर्जरी विभाग के एच ओ डी प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद अतहर, डॉ. आरके सिंह, डॉ. जी डी यादव ,डॉ. आरती सिंह, डॉ. विपुल सिंह, डॉ. समीर गुप्ता, डॉ. निखिल गुप्ता, डॉ. निशांत रंजन सहित अन्य चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।



अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ करते मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सी पी पाल। अमृत विचार

### नेतृत्व क्षमता संवर्धन कार्यशाला का भव्य समापन

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज में चल रहे सोशल प्रोजेक्ट ऑफ इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा प्रार्थना के साथ हुआ विकासखंड कायमगंज के खंड शिक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह द्वारा हुआ। प्रशिक्षण में जनपद नोडल मीना मंच भारती मिश्रा ने मीना मंच गठन से संबंधित एजेंडा,कार्यवाही बैठक तथा मीना मंच गठन की विस्तृत जानकारी दी। विकासखंड नगर क्षेत्र की नोडल सुनीता चौहान ने अरमान मॉड्यूल के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार अभिभावकों के साथ सत्र किए जाएंगे।

# छिबरामऊ में अधिवक्ता से मारपीट

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के बहावलपुर गांव में एक वकील के साथ मारपीट की घटना ने तहसील में हड़कंप मचा दिया है।

मुंसिफ कोर्ट छिबरामऊ में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट आदर्श प्रताप सिंह को सुबह करीब 9:30 बजे कोर्ट जाते समय निरंकारी रोड पर तीन आरोपियों ने रोका और बुरी तरह पीटा। उनके अनुसार, राजीव कुमार उर्फ विवेक, अजीत कुमार उर्फ पंकज और जगदीश चंद्र ने उन्हें रुकने का इशारा किया। कारण पूछने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अभद्र भाषा में बात की। इसके बाद उन्होंने उनका कॉलर पकड़कर गाड़ी से उतारा और लात-घूसों से जमकर पीटा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने धमकी भी दी कि वे या उनके पिता किसी मामले में दखल न दें, वरना जान से मार डालेंगे। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि उनके पिता हृदय रोग से पीड़ित हैं और उनका इलाज कानपुर में चल रहा है। इस घटना के विरोध में छिबरामऊ तहसील के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित वकील ने प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



तहसील कैंपस में मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

- वकीलों ने प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### सीओ व पुलिस बल ने की पैदल गश्त

**कायमगंज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर शुक्रवार रात्रि कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी और थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने कंपिल बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। इस गश्त का उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना था।

पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान आम नागरिकों ने सुरक्षा का अनुभव किया। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने नागरिकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया और अमन-भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और अराजकता फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पैदल गश्त के दौरान थानाध्यक्ष नितिन कुमार के साथ उपनिरीक्षक प्रेमपाल यादव, उमेश कुमार, दिनेश कुमार, हरीश कुमार, धीरज कुमार, कांस्टेबल गुलशन ध्रुव, धर्मेंद्र और महिला कांस्टेबल प्रिया तोमर भी मौजूद रहे।

### शराब के नशे में युवक ने अपना गला काटा

**फर्रुखाबाद।** शराब के नशे में शुक्रवार रात्रि एक युवक ने अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे एक निजी नर्सिंग होम ले गए। हरदोई जिले के पकडिय़ा गांव निवासी रामरतन अपने परिवार के साथ शहर के पांचाल घाट पर किराए के मकान में रहते हैं। उनका 26 वर्षीय बेटा रमेश भी उनके साथ रहता है। बताया गया कि शुक्रवार रात को रमेश शराब पीकर घर आया और अपने कमरे में चला गया। इसी दौरान उसने किसी धारदार हथियार से अपना गला काटने का प्रयास किया। परिजनों की नजर पडऩे पर वे उसे तुरंत लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि रमेश की गर्दन पर गहरा घाव है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। घायल रमेश की मां ने पुष्टि की कि उसने शराब के नशे में अपना गला काटने का प्रयास किया था।

### आशा कार्यकर्ताओं का अनशन जारी

**फर्रुखाबाद।** जिले आशा कार्यकत्रियों की हड़ताल सीएमओ के आश्वासन के बाद भी जारी रही। हड़ताल 15 दिसंबर से जारी है। वे अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की। सीएमओ ने उन्हें 1.81 करोड़ रुपये के शीघ्र भुगतान और स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लगभग 1600 आशा कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों पर आंदोलन कर रही हैं। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में आशा कार्यकर्ताओं और सीएमओ के बीच वार्ता हुई थी। धरने पर बैठी आशाओं ने बताया कि सीएमओ ने 1.81 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए निदेशालय को प्रस्ताव भेजा है। इसमें से 52 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं और भुगतान प्रक्रिया में हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर के समीप मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में नगला मन निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र राजेंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक दूर जा गिरा ।मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल सत्यवीर सिंह को देखकर एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायल सत्यवीर सिंह को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया।

### डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**फर्रुखाबाद।** विकास खण्ड राजेपुर के संविलियन विद्यालय में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयीं। ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियो द्वारा प्रदान की गई व उनकी समस्याओं को सुना गया। जिलाधिलारी द्वारा इस दौरान ग्राम के 18 साल से ऊपर के युवक युवतियों को फार्म 06 भरने के लिये प्रेरित किया गया व विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कई लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में 88 शिकायतों में से महज 7 का ही किया निस्तारण

## अमृतपुर तहसील परिसर में डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर दिए सख्त निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में दूर-दराज के गांवों से आए बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुल 88 शिकायतों में सात का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका।

कार्यक्रम के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं नगर पंचायत से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने एक-एक शिकायत की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश


शिकायतें सुनते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी साथ में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ।

दिए। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में आए मामलों को गंभीरता से लिया जाए और पीडि़त को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**कायमगंज में 95 शिकायतों में 10 का निस्तारणः कायमगंज।** तहसील के सभागार में आज शनिवार को उप जिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें कुल 95 शिकायत पहुंची, मौके पर 10 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका ।गांव खेतूपुरा निवासी दिव्यांग उमेश चंद्र ने शिकायत पत्र में बताया कि वह बरखेड़ा में पंचर की दुकान खोले हुए हैं ।और वहीं लेटता हैं उन्होंने गांव के ही एक दबंग पर10 हजार से अधिक गुल्लक से चुराने का आरोप लगाया है । इसके साथ ही भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी ने जनहित में तमाम समस्याएं अपने ज्ञापन के माध्यम से उपजिलाधिकारी को सौंपा ।ज्ञापन मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को संबोधित दिया गया है ।सबसे अधिक शिकायतें राजस्व, विद्युत व पुलिस विभाग से संबंधित आई । इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर सुरभि,तहसीलदार विक्रम सिंह क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्युत शिविर में 50 हजार वसूली, 46 कनेक्शन काटे


नवाबगंज में विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया शिविर। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग ने शनिवार को नवाबगंज क्षेत्र के खिलमनी गांव में बिजली बिल राहत शिविर आयोजित किया। इस दौरान विभाग ने समाधान योजना के तहत लगभग 50,000 रुपये का राजस्व एकत्र किया। शिविर में 46 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि 14 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाया।

विभाग ने 'समाधान योजना' के माध्यम से यह राजस्व एकत्र किया। शिविर में मौजूद नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने सरकार द्वारा संचालित योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज में शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है।शिविर के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, मंजेश कुमार और हुकुम सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

- 14 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट का लाभ उठाया

# युवती का शव फंदे पर लटका मिला

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र स्थित टिलिया ग्वालटोली निवासी 19 वर्षीय युवती नैना का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नैना की मां का पहले ही निधन हो चुका है। उसके पिता रामवीर राजमिस्त्री का काम करते हैं और घटना के समय वह अपने बेटे के साथ काम पर गए हुए थे। नैना की छोटी बहन काजल जब स्कूल से लौटकर घर पहुंची, तो उसने नैना को फांसी के फंदे पर लटके देखा । इसके बाद उसने परिवार और आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी। मृतका के भाई राजू ने मोहल्ले के ही तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। राजू का आरोप है कि उसकी बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# हादसे को दावत दे रहा आठ माह से गिरा विद्युत पोल

**कायमगंज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव सिलसंडा के मजरा नगला झम्मन निवासी भगवान सिंह ने शनिवार को तहसील में कायमगंज की विधायक डॉ. सुरभि से शिकायत की कि लगभग 8 महीने पहले तेज आंधी में उनके घर के सामने लगा एलटी लाइन का विद्युत पोल बंच केबल सहित घर में गिर गया था।

शिकायत के बावजूद, पिछले 8 महीनों से इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ित भगवान सिंह का कहना है कि गिरे हुए पोल में लगातार विद्युत आपूर्ति चालू रहती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उनके घर में पोल पड़ा होने के कारण बच्चे भी खेलते हैं, उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।


कायमगंज विधायक डॉ .सुरभि को प्रार्थना पत्र देते ग्रामीण। अमृत विचार

# फर्रुखाबाद का नाम बदलने के लिए अब तक 18 हजार हस्ताक्षर हुए

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद जनपद का नाम बदलकर 'पांचालनगर' किए जाने की मांग को लेकर हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान जारी है। इसी कड़ी में, पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ परिसर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस अभियान में अधिवक्ताओं और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हस्ताक्षर कर अपना समर्थन व्यक्त किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने बताया कि इस अभियान को जनपद में व्यापक समर्थन मिल रहा है, जिससे नाम बदलने की संभावना प्रबल हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक विभिन्न स्थानों


शिविर में फर्रुखाबाद का नाम बदलने के लिए हस्ताक्षर करता युवक।

पर लगाए गए शिविरों में 18,000 लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। यह अभियान 19 जनवरी को शुरू हुआ था और अभी जारी रहेगा। तिवारी ने कहा कि फर्रुखाबाद नाम मुगल शासक फर्रुखसियर के नाम पर है, जो 'मुगल गुलामी का प्रतीक' है। उन्होंने मांग की कि जनपद का नाम बदलकर 'पांचालनगर' या 'भीष्म नगर' किया जाए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेन्द्र मोहन अग्निहोत्री 'टिल्लू भइया', शिवम् त्रिपाठी 'रंजन' एडवोकेट, शिवेंद्र मोहन मिश्रा एडवोकेट, दिवाकर द्विवेदी एडवोकेट, गौरव यादव एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो की टक्कर से चार छात्र घायल, एक गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

- कमालगंज थाना क्षेत्र के भोजपुर बघार के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र के भोजपुर बघार के पास शनिवार को एक ही मोटरसाइकिल पर सवार चार स्कूली छात्र स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल हो गए, जिसमें एक गंभीर है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को हादसे की सूचना दी।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उनका प्राथमिक उपचार किया। उपचार के दौरान एक छात्र की हालत गंभीर पाई गई, जिसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

घायलों में कमालगंज थाना क्षेत्र के प्रखर पालीवाल पुत्र शान्तिबोध पालीवाल निवासी कमालगंज, अभिनव पुत्र सतीश चंद्र, 14 वर्ष, निवासी मकरंद नगर बसहा, कौशल यादव पुत्र सुधीर कुमार, 16 वर्ष, निवासी मुकु नगला और हर्ष यादव पुत्र मनोज कुमार, 15 वर्ष, निवासी मुकु नगला शामिल हैं। डॉ. विकास पटेल ने बताया कि चारों छात्रों को चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद अभिनव के पैर में फ्रैक्चर पाया गया, जिसके चलते उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है ।जानकारी मिलते ही कमालगंज थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे तथा स्वास्थ्य केंद्र में भी पुलिस टीम पहुंची घायलों के बारे में जानकारी जुटाई गई।

# लिंक एक्सप्रेसवे में अधिग्रहित भूमि के सर्किल रेट को लेकर दी चेतावनी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में निर्माणाधीन लिंक एक्सप्रेसवे के तहत किसानों की अधिग्रहित की जा रही जमीनों के सर्किल रेट में असमानता को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत (फर्रुखाबाद) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संगठन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि किसानों की जमीन का सर्किल रेट एक समान नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

ब्लॉक बढ़पुर की ग्राम पंचायत गुतासी में भाकियू टिकैत की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 फरवरी 2026 को बड़ी संख्या में किसान जिला मुख्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे में जा


बैठक करते भाकियू टिकैत के नेता व पदाधिकारी। अमृत विचार

- भाकियू टिकैत (फर्रुखाबाद) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया

रही किसानों की जमीनों का सर्किल रेट हर हाल में एक समान होना चाहिए। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने किसानों को हाईकोर्ट के आदेश की प्रति भी दिखाते हुए कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सर्किल रेट किसानों के लिए कोई अनुकंपा नहीं बल्कि उनका कानूनी अधिकार है। जब मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट दोनों किसानों के पक्ष में खड़े हैं, तो जनपद स्तर पर कोई भी अधिकारी किसानों के सर्किल रेट बढ़ाने में बाधा नहीं बन सकता।

# पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर क्षेत्र मे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने शनिवार सुबह मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सुदेश का भाई और उसका एक दोस्त घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। सुदेश की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

पुलिस ने बताया कि पिकअप चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और नियमित चेकिंग की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# विधायक ने हर घर जल योजना के तहत जल संरक्षण की शपथ दिलाई

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव में शनिवार दोपहर विधायक डॉ. सुरभि ने 'जल अर्पण दिवस' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने गांव मंज पेयजल की स्थायी समस्या के समाधान हेतु पानी की टंकी का शुभारंभ किया।

विधायक डॉ. सुरभि ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही 'हर घर जल योजना' से प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बीमारियों में कमी आएगी। विधायक ने सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान, विधायक ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण में सहभागिता की अपील की। उन्होंने भविष्य की पीढियों के हित में पानी के सदुपयोग और अपव्यय रोकने की शपथ



जल अर्पण कार्यक्रम में सहभागिता करतीं कायमगंज विधायक डॉ .सुरभि व अन्य ।

- वीरपुर में पानी की टंकी का शुभारंभ किया

भी दिलाई। इस पहल को क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस अवसर पर एई नितिन कुमार, साजन कुमार (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर), विकेश कुमार, जेई अखिलेश कुमार, पीएम डीपीएम अभय कुमार, विकास राय, गोविंद दीक्षित, सुदेश प्रताप सिंह, प्रधान श्याम बाबू, विजय प्रताप, अमित कुमार सिंह, सुशील सिंह, ब्रजेश सिंह और अभिषेक सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सेमिनार** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया

# एआई व आधुनिक तकनीकों से खेती में क्रान्तिकारी बदलाव संभव

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एआई, रोबोटिक्स और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खेती को आधुनिक रूप देने पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने पारंपरिक खेती से स्मार्ट फार्मिंग सिस्टम की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे किसानों के भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अनिल कुमार चौहान ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस


एआई पर सेमिनार को संबोधित करते कुलपति डॉ अनिल कुमार चौहान।

और आधुनिक तकनीकें कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने छात्रों से समय का सदुपयोग करने, सकारात्मक सोच अपनाने और समाज के लिए उपयोगी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डीन पॉलिटेक्निक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि एआई आधारित स्मार्ट फार्मिंग से कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार संभव है तथा इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शिक्षिका उत्पल गंगवार ने बताया कि डेटा और तकनीक आधारित निर्णय खेती को अधिक सटीक और लाभकारी बना रहे हैं। वहीं अनुराग शुक्ला ने कहा कि मोबाइल ऐप्स के माध्यम से किसान फसल की निगरानी, रोग पहचान और मौसम की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। विजेंद्र सिंह ने रोबोटिक फार्मिंग को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे श्रम की बचत के साथ-साथ उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुकेश मिश्रा ने स्मार्ट फार्मिंग को खेती को एक सशक्त व्यवसाय के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पियूष कांत ने पारंपरिक खेती से आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर देते हुए किसानों को एआई से जुड़ने की सलाह दी। उप कुलसचिव मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा को समाज और किसानों से जोड़ना है। ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने के साथ-साथ तकनीक को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# आम बजट से हर वर्ग होगा लाभान्वित : विधायक

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को बजट चौपाल का आयोजन किया ।

नगर पंचायत चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग सभी के हितों को साधने वाला है।विधायक सुशील शाक्य ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान बजट पिछले बजटों से काफी अलग और बेहतर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विशेषता यह है कि पुरानी और सफल योजनाओं को आगे भी जारी रखा जाता है, जबकि पिछली सरकारों में योजनाएं बदल दी जाती थीं। विधायक ने देश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि दस वर्ष पहले सडक़ों की हालत बेहद खराब थी, लेकिन आज सडक़, पुल और हाईवे के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों से जुड़ी सभी अहम बातों को शामिल किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में खाद की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत है और लोग स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने जांचे शराब ठेके

**बेला, औरैया।** शुक्रवार रात करीब नौ बजे थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने पैदल गश्त के दौरान कस्बे में संचालित शराब ठेकों की जांच की। इस दौरान उन्होंने ग्राहकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं पूछीं। ठेका संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था व शांति कायम रखने के भी निर्देश दिए। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया हैं की शराब ठेकों की जांच की गयी है। कहीं कोई समस्या नहीं मिली।

### कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी

**बेला, औरैया।** जनपद कन्नौज के थाना व कस्बा तिर्वा में तिलक चढ़ा कर लौट रहे एक कार सवार पांच लोग जनपद कानपुर देहात थाना रसूलाबाद के गांव स्टऊ मताना लौट रहे थे। शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे कार जैसे ही बेला थाना क्षेत्र के कानपुर मार्ग स्थित गांव पिपरौली शिव स्थित बम्बे के पास पहुंची तभी अचानक कार अनयंत्रित होकर गड्ढे में पलट गयी। घटना की सूचना रहागीरों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाला। कार में सवार डॉ अमित कुमार पुत्र मानसिंह निवासी अशोक नगर इटावा, विक्रम सिंह पुत्र आंनद कुमार व उसकी पत्नी बीना निवासीगण गांव लखना जनपद इटावा, विजय सिंह पुत्र राजाराम कुशवाहा व उसकी पत्नी कुशमा देवी निवासीगण गांव स्टऊ मताना थाना रसूलाबाद मामूलीरूप से घायल हो गईं। दूसरे वाहनों से सभी को उनके घर भेज दिया गया।

### नाबालिग छात्रा को ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की निवासी महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया उन्होंने कहा कि उनकी बेटी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है शुक्रवार शाम करीब 5 बजे घर से लापता हो गई परिजनों का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले प्रथम बाथम उसे अपने साथ ले गया है जब वह शिकायत लेकर युवक के घर पहुंचे तो वहां गाली-गलौज मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 17 वर्षीय बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि उसकी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है और परीक्षा देने अपने ननिहाल गई थी इसी दौरान आरोपी सलमान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अधेड़ की मौत

## मृतक की पहचान बदरियापुर गांव निवासी जगदीश अली के रूप में हुई है, पुलिस कर रही है जांच

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बदरियापुर गांव निवासी जगदीश अली (पुत्र अब्दुल अली) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब सात बजे जगदीश अली सहार बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना देखी और तत्काल उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार ले जाया गया, जहां चिकित्सक पुष्पेन्द्र सागर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रमेश सिंह एवं एसआई अब्दुल सत्तार मौके पर पहुंचे और परिजनों व प्रत्यक्षदर्शियों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। मृतक जगदीश अली के परिवार में चार बेटियां और दो बेटे हैं, जिनमें से दो बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। इस दुखद घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

# बाइकों की टक्कर में पांच घायल, तीन रेफर

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के इटावा-कन्नौज राज्यमार्ग पर स्थित कस्बा कुदरकोट में थाना के समीप शनिवार दोपहर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को एम्बुलेंस की मदद से एरवाकटरा व बिधूना स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां एरवाकटरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती दो घायल की हालत गंभीर बताई गई है। उन्हें उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। शरद पुत्र मनोज कुमार, ज्योति पत्नी शरद कुमार निवासी दिलालपुर बरौनाकला थाना एरवाकटरा अपनी बाइक से बाजरहार अपनी बहन के यहां जा रहे थे। कस्बा कुदरकोट थाने के समीप पहुंचे ही थे कि दूसरी ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक की सामने से टक्कर हो गई। इससे मोटरसाइकिल सवार भोलू पुत्र हारख खान, मुन्ना पुत्र हाफिज खां निवासी सराय शिशग्राम थाना कुदरकोट वाहिद पुत्र आजाद निवासी लखनऊ अपने रिश्तेदारी में आया था। इन तीनों घायलों को बिधूना के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। इनमें से वहीद पुत्र आजाद को रेफर कर दिया गया है।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत मे पांच घायल

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- बाइकों की तेज रफ्तार बनी हादसे का कारण, तीन गंभीर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के केशमपुर गांव के पास शनिवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर पहुंचाया गया, जहां से तीन घायलों को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हरी का पुरवा निवासी शिवा पुत्र सुखवीर सिंह, सरवन पुत्र राधे और रोशन पुत्र महेंद्र एक ही बाइक से भीखेपुर में एक शादी समारोह में खाना बनाने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से जुआ की मड़ैया निवासी राजीव पुत्र लज्जाराम और सोबरन पुत्र राजाराम बाइक से आ रहे थे। केशमपुर के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि सभी सवार सड़क पर जा गिरे। हादसे में सोबरन के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि रोशन सरवन के पैर में गंभीर चोट आई । सरवन के पैर में भी गंभीर चोट बताई जा रही है जबकि अन्य घायलों को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी दिबियापुर ले जाया गया। यहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद सरवन, सोबरन और रोशन को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

# किसानों, युवाओं पर बजट में विशेष फोकस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर ब्लॉक सभागार में शनिवार को केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सर्वेश कठेरिया ने की। चौपाल में क्षेत्रीय स्तर के अनेक दिग्गज नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि यह बजट आमजन की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत योजनाओं की रूपरेखा समझाते हुए बताया कि आने वाला समय विकास की नई गति लेकर आएगा। चौपाल के दौरान सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ने बजट को जनहितकारी बताते हुए कहा कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला महामंत्री शिव सिंह भारती ने संगठनात्मक मजबूती को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त चौपाल में चेयरमैन अनूप गुप्ता, स्वदेश पोरवाल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण शर्मा, मंडल अध्यक्ष नगर रामजी वाजपेयी, मंडल अध्यक्ष देहात कुंवर सिंह बाथम, मुरादगंज मंडल अध्यक्ष हरपाल ठाकुर, अजीतमल मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र राजपूत, वरिष्ठ नेता कृष्णा चंद्र सावरन, आदित्य चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। चौपाल में वक्ताओं ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि बजट 2026 देश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता सबसे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है, और इसी संकल्प के साथ संगठन कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवा और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने बजट से जुड़े बिंदुओं पर गहन रुचि दिखाते हुए अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।




चौपाल को संबोधित करते जिला प्रभारी आनंद सिंह। अमृत विचार

# संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

समवाददाता बिधूना

**अमृत विचार।** शनिवार को संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल बिधूना में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेजवीर सिंह सीएफओ, अलकेश कुमार सकलेजा बीईओ बिधूना, रचना सिंह सेंगर प्रबंधक पब्लिक डिग्री कॉलेज बिधूना एवं मुकेश बाबू चौहान कोतवाल बिधूना ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने स्मार्ट सिटी वर्किंग मॉडल, कार्बन प्योरिफायर प्रोजेक्ट, एयर फ्यूरिफायर, ट्रेफिकलाइट एंड स्ट्रीट लाइट, रॉकेट लॉन्चर, हाइड्रॉलिक जेसीबी वाटर मैनेजमेंट,न्यूक्लियर पावर पॉइंट, सोलर सिस्टम आदि लगभग 50 वर्किंग लाइव मॉडल तैयार किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेजवीर सिंह सीएफओ ने कार्यक्रम में प्रत्येक मॉडल बनाने वाले बच्चों से बहुत ही गहनता से प्रोजेक्ट के बारे में समझा और पूछा और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक एवं डायरेक्टर आरसी अग्निहोत्री व मैनेजिंग डायरेक्टर अजय अग्निहोत्री सहित साइंस टीम में अखिलेश त्रिवेदी, रीना गौर, निशि अग्निहोत्री, शिप्रा यादव, प्रिया राजपूत एवं एस के वर्मा ने कुशल संचालन किया। इस मौके पर धीरू त्रिवेदी, नीलू शुक्ला, विनय तिवारी, राकेश कश्यप, रामऔतार अग्निहोत्री, श्री प्रकाश अग्निहोत्री, नीलू तिवारी, आशुतोष शुक्ला, डीपी सिंह सेंगर, रामबाबू अवस्थी, झब्बू अग्निहोत्री, महावीर बाथम सहित अविभावक एवं अन्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे । अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर अजय अग्निहोत्री ने सीएफओ तेजवीर सिंह व रचना सिंह सेंगर प्रबंधक पब्लिक डिग्री कॉलेज को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेजवीर सिंह विशिष्ट अतिथि रचना सिंह एवं संस्था के डायरेक्टर आरसी अग्निहोत्री एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय अग्निहोत्री, एजूकेशनल डायरेक्टर निशी अग्निहोत्री , एसके वर्मा ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया जबकि अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर आरसी अग्निहोत्री ने कहा कि उनकी संस्था बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही प्रदान नहीं करती बल्कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करती रहती है। उन्होंने कहा शिक्षण संस्थाएं व्यक्ति के चरित्र निर्माण का सबसे अच्छा केन्द्र हैं।

- बच्चों ने विज्ञान के एक से बढ़कर एक मॉडल पेश किए




कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### अछल्दा क्रासिंग पर फाटक की मरम्मत के कारण लगा भीषण जाम

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे में स्थित 13-एस रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर ऑटोमेटिक फाटक की मरम्मत के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। दोपहर करीब 12 :10 बजे रेलवे ने फाटक को पूरी तरह बंद कर इमरजेंसी बूम लगाया। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। मरम्मत के दौरान फाटक बंद रहने से पैदल राहगीरों, बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इमरजेंसी बूम के कारण बाइक सवार फाटक पार नहीं कर पाए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। इससे कुछ ही देर में फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब 12 :40 बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद फाटक खोल दिया गया। आरपीएफ के सतेंद्र सिंह और संदीप ने कड़ी मशक्कत कर जाम को नियंत्रित किया। इसके बावजूद फाटक से लेकर हरीगंज बाजार और सराय बाजार तक जाम की स्थिति बनी रही।



क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

# बीएलओ के खाते से 4500 रुपये की ठगी

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के नगला कमले गांव में एक बीएलओ साइबर ठगी का शिकार हो गए। आधार कार्ड अपडेट करने के बहाने उनके बैंक खाते से 4500 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

नगला कमले निवासी ब्रजेन्द्र सिंह जो भाग संख्या 66 में बीएलओ के पद पर कार्यरत हैं बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच हुई। उस समय उनका मोबाइल फोन चार्ज पर लगा था। इसी दौरान उनके मोबाइल फोन पर फोन-पे पर आधार कार्ड अपडेट करने से संबंधित एक मैसेज आया। ब्रजेन्द्र सिंह ने अनजाने में उस अपडेट लिंक को छू दिया जिसके बाद उनके खाते से लगभग दस बार में लगभग 4500 रुपये कट गए। समय रहते ब्रजेन्द्र सिंह के बेटे ने इस संदिग्ध गतिविधि को पहचान लिया। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर खाता बंद करवा दिया, जिससे और अधिक धनराशि निकलने से बच गई। ब्रजेन्द्र सिंह ने इस धोखाधड़ी की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज करा दी है।

# जिलाधिकारी ने सदर तहसील का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- विद्युत आपूर्ति हेतु तारों को व्यवस्थित करने को कहा
- अभिलेखों को दीमक आदि से बचने के उचित प्रबंध किए जाएं

**अमृत विचार।** तहसील सदर के विभिन्न पटलों/ कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति हेतु तारों को व्यवस्थित किया जाए और जहां भी आवश्यक हो वहां विद्युत बोर्ड आदि की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने आमजन के प्रयोगार्थ शौचालय में साफ-सफाई के साथ-साथ पानी आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और यदि मरम्मत की आवश्यकता है तो उसे भी एक सप्ताह के अंदर पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार में बस्तों को सुव्यवस्थित एवं क्रमवार न रखे जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बस्तों को पुनः पुनरीक्षित करते हुए नए कपड़े से बांधकर व्यवस्थित कर चिन्हित स्थान पर रखा जाए। जिसे आवश्यकता पड़ने पर उसे आसानी से ढूंढा जा सके। जिलाधिकारी ने अभिलेखों के रख-रखाव हेतु समय-समय पर कीटनाशक आदि का प्रयोग कर अभिलेखों को दीमक आदि से बचने के उचित प्रबंध किए जाएं। जिलाधिकारी ने संपूर्ण अभिलेखागार की व्यवस्था को लेकर उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को सचेत करते हुए निर्देश दिए कि अभिलेखागार में रक्षित अभिलेखों के रख-रखाव एवं संरक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें साथ ही अभिलेखागार प्रभारी के रूप में कार्यरत कार्मिक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संग्रह अनुभाग का निरीक्षण करते हुए नाजिर तहसील को निर्देश दिए कि अलमारियों में संरक्षित पत्रावलियों की सूची का अंकन किया जाए साथ ही उन्हें रंग रोगन कराए जाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कार्यालय रजिस्टार कानून गो, बीआरसी सेंटर आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि उनके कार्यालय में मात्र वही पत्रावलियां रहेंगी जो वर्तमान में संचालित हैं अन्य पत्रावलियों को अभिलेखागार में संरक्षित कराया जाए। डीएम ने नाजिर तहसील सदर को निर्देश दिए कि कक्षों में' तहसील परिसर में साफ-सफाई रखी जाए। साथ ही कार्यालय के उपकरणों की भी साफ - सफाई व व्यवस्थित ढंग से प्रयोग किया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा, तहसीलदार सदर प्रकाश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे नायब तहसीलदार अशोक कुमार सहित विभिन्न पटलों के कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

### इटावा-बरेली हाईवे पर अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मारी, चालक घायल

**फर्रुखाबाद।** इटावा-बरेली हाईवे पर राजेपुर थाना क्षेत्र के गाँव महमदपुर गडिय़ा के पास शनिवार को एक अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल चालक को राजेपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए, डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### सास व बहू को पीटा

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में एक महिला और उसकी पुत्रवधू को मारपीट कर घायल कर दिया। गोपाल देवी पत्नी रंजीत अपने घर पर बैठी थीं, तभी पड़ोसी शिवलोक वहां आया और उन्हें गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर शिवलोक और उसके साथियों ने गोपाल देवी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्हें बचाने आई उनकी पुत्रवधू नन्ही देवी पत्नी शिवम राठौर को भी पीटा गया। इस मारपीट में गोपाल देवी घायल हो गईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**रामकली मोतीलाल स्मारक महाविद्यालय रतनपुर, बेलामऊ सरैया, कन्नौज**

**आवश्यकता है।**

महाविद्यालय में परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय एव कला संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, अंग्रेजी विषयों के प्रवक्ता एवं बी0 लिव0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। **यू0जी0सी0 मानकानुसार अपना आवेदन 15 दिन में पंजीकृत डाक से प्रेषित करें।**

**श्रीमती शान्ती देवी**
प्रबन्धक
रामकली मोतीलाल स्मारक महाविद्यालय रतनपुर, बेलामऊ सरैया कन्नौज
मो0 नं0- 9451225170

**समाधान दिवस** | सदर तहसील में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ . इंद्रमणि त्रिपाठी ने की

# 152 शिकायतों में केवल 13 का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया

**अमृत विचार।** सदर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 152 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती भी मौके पर मौजूद रहे। समाधान दिवस में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों में निष्पक्ष जांच एवं त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, जल निगम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत प्रदान की। संपूर्ण समाधान दिवस का यह आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम। अमृत विचार


# सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के तुर्कपुर गांव के पास शनिवार को अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार सुखमपुर की मड़ैया दिबियापुर निवासी 63 वर्षीय कमलेश पुत्र धर्मजीत मोटरसाइकिल से भरथना रिश्तेदारी जा रहे थे। इसी दौरान तुर्कपुर गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

**मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी (2025-26)कानपुर नगर**





**मा. श्री राकेश सचान जी**
कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग

**(अवधि - 09/02/2026 से 18/02/2026)**

उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कानपुर नगर के द्वारा मण्डल स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 09.02.2026 से 18.02.2026 तक बृजेन्द्र स्वरूप पार्क लॉन नं0-2 में किया जा रहा है जिसमें मण्डल / उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों से खादी तथा ग्रामोद्योगी इकाईयों के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों द्वारा चलायी जा रही रोजगारपरक योजनाओ में लाभान्वित / पंजीकृत उद्यमियों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार एंव बिक्री के उद्देश्य से प्रदर्शनी में प्रतिभागिता करेगें ।उद्यमियों / प्रतिभागियों हेतु प्रदर्शनी में 100 स्टाल निर्मित करा कर आवंटित किये जायेगें । प्रदर्शनी में खादी के कपड़े रेडीमेड वस्त्रो/ ऊनी वस्त्रों के साथ-साथ मुरादाबाद के पीतल के सामान, मिट्टी के बर्तन, प्रतापगढ़ के ऑवला के उत्पाद एवं गुड़ सहारनपुर के फर्नीचर, चर्म उत्पाद, बांस-बेत, बनारस की साड़ी इत्यादि प्रदर्शनी में प्रदर्शन / बिकी हेतु उपलब्ध रहेगें । प्रदर्शनी का उद्घाटन मा0 श्री राकेश सचान, कैबिनेट मंत्री जी (सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन / खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एंव वस्त्रोद्योग / रेशम विभाग) उ0प्र0 सरकार के साथ-साथ जनपद के मा0 सांसदगण/मा0 विधायकगण / मा0 विधानपरिषद सदस्य / अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 09.02.2026 को सांयकाल 5.00 बजे उद्घाटन किया जायेगा । आम जन-मानस से सादर अनुरोध है कि खादी तथा ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार के साथ आकर खादी वस्त्र एंव उत्पादों की खरीददारी करें जिससे शिल्पियों / रोजगार में लगे ग्रामीण परिवेश के व्यक्तियों को लाभमिलें जिससे उनके जीवन यापन में खुशहाली आ सके ।

**(अशोक कुमार शर्मा)**
**परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी**
**कानपुर मण्डल, कानपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### अर्थराइटिस जागरूकता शिविर आज

**भरथना।** लायन्स क्लब भरथना द्वारा आज रविवार 8 फरवरी को सायं 4 बजे से 7 बजे तक ओम कृष्णा गार्डन जवाहर रोड पर अर्थराइटिस जागरूकता शिविर आयोजित होगा। मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ चावला जोड़ों के दर्द, बचाव और उपचार पर जानकारी देंगे। शिविर में जनता मुफ्त परामर्श और फिजियोथेरेपी कार्यशाला का लाभ उठाये।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों की बैठक 11 को

**भरथना।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद, भरथना की मासिक बैठक 11 फरवरी को रामवती चिंताराम इंटर कॉलेज महावीर नगर भरथना में प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम राही करेंगे। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की वेतन वृद्धि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। जिन शिक्षकों को अभी तक नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उनकी जानकारी संकलित की जाएगी। इसके लिए सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों से बैंक पासबुक साथ लाने तथा अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से मासूम बच्ची झुलसी

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत कांशीराम कालोनी में छत के पास से गुजरी 11 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची झुलस गई। जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार निवासी टीबी अस्पताल स्थित कांशीराम कालोनी की छत के पास से गुजरी 11 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से उसकी 8 वर्षीय पुत्री आशकी झुलस गई। पिता दिनेश अपनी पुत्री को जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उसका उपचार किया और बच्ची को खतरे से बाहर बताया।

### सड़क दुघर्टना में वृद्ध घायल, भर्ती

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत बरालोकपुर के पास सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार पुत्र गंगाराम निवासी बरालोकपुर चौबिया गांव के पास सड़क के किनारे जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनो द्वारा वृद्ध को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साक्षरता सेवा शिविर की तैयारी को हुई बैठक

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 22 फरवरी को वृहद साक्षरता सेवा शिविर लगाया जाएगा। इसे लेकर शनिवार को जिला जज रजत सिंह जैन की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला जज रजत सिंह जैन ने 22 फरवरी को होने वाले वृहद साक्षरता सेवा शिविर के बारे में जानकारी दी और इसे सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाए। इस बैठक के दौरान केंद्रीय कारागार में बंदियों की बनाई गई सामग्री मोमबत्ती और अगरबत्ती की बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर एससीएसटी व मारपीट की रिपोर्ट

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के परशूपुरा चौराहे पर नाश्ते की दुकान पर नाश्ते के बाद जग से पानी पीने पर एक व्यक्ति को जाति सूचक गाली-गलौज कर जेब में रखे साढे तीन हजार रूपये निकाल लेने का मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम परशूपुरा निवासी राम सिंह पुत्र दीना नाथ ने न्यायालय में दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि एक 1 सितंबर की देर शाम साढ़े 7बजे के एल कोल्ड स्टोर से आलू बीनकर जा रहा था परशूपुरा चौराहे पर स्थित आरोपित की दुकान पर नाश्ता रूक कर करने लगा और नाश्ते के बाद डिब्बा उठाकर पानी पीने लगा। इसी बात पर नामजद आरोपित ने जाति सूचक गाली-गलौज कर मार पीट की। आरोपितों की दुकान के सामने से एक सप्ताह पूर्व निकलने पर पकड़ लिया और लात घूसों से मार पीट कर जेब में रखे 3 हजार 500 रूपये अजय व तन्नू ने निकाल लिये। कोर्ट के आदेश पर अजय कुमार पुत्र राम किशोर, तन्नू व तमस पुत्रगण धर्मेन्द्र सक्सेना, आशीष पुत्र शैलेंद्र, अरविंद पुत्र राम दुलारे निवासीगण ग्राम परशूपुरा थाना बकेवर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# ट्रेलर की चपेट में आने से दो दोस्तों की मौत

## शुक्रवार की देर शाम हाईवे पर तुलसी अड्डा के पास हुआ हादसा , बाइक से जा रहे थे दोनों दोस्त

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात बाइक सवार दो दोस्तों की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

अड्डा पाए निवासी 34 वर्षीय आदेश पुत्र अतर सिंह मोहल्ले के रहने वाले 35 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र रघुवर दयाल के साथ शुक्रवार रात खाना खाने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। दोनों दोस्त तुलसी अड्डा के सामने नेशनल हाईवे पर पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े और ट्रेलर की चपेट में आ गए।



परिजनों को सांत्वना देते पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य व दोनों छात्र इनसेट में।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ट्रेलर हरियाणा से हाइड्रा मशीन लेकर कानपुर जा रहा था।

थानाध्यक्ष अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतकों की पहचान ज्ञान सिंह की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर की गई। पुलिस ने सभासद अविनाश कुशवाहा को जानकारी दी। इसके बाद में आदेश की भी पहचान उसके साथियों और परिजनों के जरिए हो सकी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार सुबह जैसे ही हादसे की जानकारी परिजनों को मिली, वे रोते-बिलखते जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक आदेश शटरिंग का काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी पूनम देवी के अलावा दो बेटियां हैं, जिनका सहारा अब छिन गया है। वहीं ज्ञान सिंह मजदूरी कर अपने परिवार का खर्च चलाता था। उसके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य और समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

**जसवंत नगर प्रतिनिधि** के अनुसार शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हुलासी निवासी युवक की मौत हो गई, जिससे गांव सहित आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

उक्त गांव निवासी महेंद्र प्रताप 31वर्ष पुत्र विनोद गांव के लोगों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली मॉडल तहसील से पहले हाईवे पर पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य लोग बाल बाल बच गए। वहीं महेंद्र की मौत की जानकारी मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

# प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिला महिला अस्पताल में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत से हड़कम्प मच गया। परिजनों का आरोप है कि पहले सीएचसी से रेफर करने में देरी हुई और फिर जिला अस्पताल पहुंचने के बाद भी समय पर ऑपरेशन नहीं किया गया, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान चली गई।

थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा गांव निवासी कमलेश सक्सेना की पत्नी मालती को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। दर्द बढ़ने पर परिजन आशा कार्यकत्री की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि सामान्य प्रसव संभव नहीं है और ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसके बाद यह कहकर कि ऑपरेशन की सुविधा नहीं है महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार एंबुलेंस से मालती को जिला अस्पताल लाया गया। वह खुद चलकर अस्पताल के अंदर गई । परिजनों का आरोप है कि भर्ती के बाद भी डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन की तैयारी नहीं की। करीब आधे घंटे तक महिला को लेबर रूम में रखा गया, लेकिन कोई ठोस इलाज नही हुआ। इसी दौरान डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि महिला की मौत हो गई है। मामले में महिला जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अनिल कुमार ने लापरवाही के आरोपों को गलत बताया और कहा कि मालती देवी को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। जांच के दौरान पता चला कि उसकी बच्चेदानी से अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था जिससे उसकी हालत तेजी से बिगड़ती चली गई। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन अधिक ब्लीडिंग के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

# सरकार की छवि धूमिल करने वालों पर होगी कार्यवाई : धर्मवीर

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि कोई सरकार की छवि धूमिल करे, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों पर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी बल्कि कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यहां सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब उनसे डीपीआरओ के वायरल वीडियो के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी। बख्तियारपुर में बनाए गए टोल के संबंध में टोल की दूरी को लेकर हो रहे विरोध के सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और वे इसे उचित मंच पर उठाएंगे। इस बात का प्रयास किया जाएगा कि आम जनता को किसी तरह की कठिनाई न हो।




पत्रकारों से बातचीत करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता।

- प्रभारी मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को मध्यम वर्ग के लिए लाभप्रद बताया

प्रभारी मंत्री ने बजट को ऐतिहासिक बताया । उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का खास ख्याल रखा गया है । 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखकर बजट बनाया गया है । इसमें खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प जैसी विधाओं पर जोर दिया गया है । इसके साथ ही किसानों का डिजिटल पंजीकरण भी कराया जाएगा, जिससे योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके । इससे मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को काफी राहत मिली है। बातचीत के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, प्रेमदास कठेरिया, विमल भदौरिया आदि रहे।

## रविदास जयंती पर शुरू बौद्ध कथा संपंन

**महेवा ।** संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क, उझियानी में आयोजित सात दिवसीय विशाल बौद्ध कथा एवं धम्म दर्शन कार्यक्रम का श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे, उनके पुत्र अनुराग दोहरे, जिला पंचायत सदस्य जे.पी. दोहरे, मीडिया प्रभारी विक्की सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने भगवान बुद्ध एवं संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फौजी मंसाराम दोहरे ने की, जबकि सफल संचालन क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज दोहरे द्वारा किया गया। बौद्ध कथा आचार्य सूरज राही बौद्ध ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान बुद्ध और संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, भाईचारा और शांति की स्थापना संभव है।

# विदाई सहारोह में छात्रों ने साझा किये अपने-अपने स्मरण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में इंटर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन के एक महत्वपूर्ण चरण के समापन का साक्षी बना।

कार्यक्रम का आयोजन संस्था के चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में बिताए गए पलों को स्मरण करते हुए अपने विचार साझा किए। अपने शिक्षकों और मित्रों से विदा लेते समय कई छात्र-छात्राएं भावुक हो उठे। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और विद्यालय से मिली शिक्षा एवं संस्कारों को जीवन भर आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उत्तरार्ध में कक्षा 11 के विद्यार्थियों का विशेष योगदान देखने को मिला। उन्होंने अपने वरिष्ठ भाई-बहनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रस्तुतियां एवं व्यवस्था संभालते हुए पूरे समारोह को अत्यंत रोचक एवं सफल बनाया। संस्था के चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कक्षा 12 के विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में ईमानदारी, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय से प्राप्त ज्ञान, संस्कार एवं मूल्यों के आधार पर विद्यार्थी अपने माता-पिता, विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करेंगे।



इंटर के विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन कैलाश यादव। अमृत विचार

- पान कुंवर स्कूल में इंटर के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

# हाईवे किनारे घायल मिले युवक और महिला, सीएचसी से गायब

संवाददाता जसंवतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस द्वारा शनिवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिले एक युवक और एक विवाहित महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर में भर्ती कराया गया। दोनों कठफोरी क्षेत्र के समीप हाईवे किनारे बेसुध हालत में पड़े मिले थे, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रही एंबुलेंस को सूचना मिली कि जनपद फिरोजाबाद के कठफोरी के पास सड़क किनारे एक 28 वर्षीय युवक तथा 20 वर्षीय विवाहित महिला घायल अवस्था में पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मियों ने दोनों को जसवंतनगर सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर करने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान महिला को होश आया और उसने एक ऑटो को बुला लिया। बताया गया कि ऑटो में सवार दो युवकों के साथ महिला ने पुलिस के सीएचसी पहुंचने से पहले ही गंभीर रूप से घायल युवक को ऑटो में बैठाया और वहां से फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार घायल युवक का नाम हृदेश पुत्र इंद्र कुमार व महिला का नाम मधु पत्नी सन्नी निवासी ग्राम कुम्हेरी, थाना करहल, जनपद मैनपुरी रजिस्टर में लिखाया गया है । पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच में जुटी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# मां बेटे की हत्या में 4 को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव ढुलबजा में करीब ढाई साल पूर्व जमीनी विवाद के चलते मां बेटे की गोली व फावडा मारकर हत्या किए जाने की मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर महिला सहित चार लोगों को हत्या का दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि भरथना क्षेत्र के गांव ढुलबजा निवासी अमित कुमार अपनी पत्नी के साथ 21 अक्टूबर 2023 को अपने खेतों पर काम कर रहे थे। तभी आधा दर्जन के करीब लोग आए और उन्होंने काम कर रहे अमित पर फायरिंग कर दी। इस हमले में अमित की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर अमित की मां राम पूती वहां पहुंची तो हमलावरों ने उन्हें भी गोली मार दी बाद में फावड़ा से काटकर हत्या कर दी। पत्नी रिंकी ने किसी तरह से जान बचाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सत्यवीर, अरुण ,सीमा व योगेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे की कोर्ट में हुई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र तोमर ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सत्यवीर , अरुण, सीमा व योगेंद्र को दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### हत्या में आठ को उम्र कैद व दो को सात साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार ने 15 साल पुराने हत्या के मामले में आठ लोगों को दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दो लोगों को सात सात साल की सजा दी। जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया गया है कि बलरई क्षेत्र के गांव नगला विशुन में तालाब पर लगी झंडी को उखाडने को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते छुन्नालाल की पीट पीट कर व गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा विजय शंकर गोली लगने से घायल हो गया था। मृतक की पत्नी सीमा देवी ने इस सम्बंध में गांव के प्रेम बाबू, बारे लाल, राम भगत, ऊदल सिंह, ज्ञान सिंह, राजवीर, राजू, राजेश व रघुवर दयाल, राम वीर के खिलाफ हत्या हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीसीआईडी के द्वारा भी की गई। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर प्रेम बाबू, बारे लाल ,राम भगत, ऊदल सिंह, ज्ञान सिंह, राजवीर, राजू व राजेश को हत्या का दोषी पाया ।इस पर उन्हें आजीवन कारावास की सजा व बीस बीस हजार रुपया का जुर्माना लगाया ।इसके अलावा रघुवर दयाल व राम वीर को हत्या के प्रयास में दोषी पाए जाने पर सात सात साल की सजा व सात सात हजार का जुर्माना लगाया ।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** नगर के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में औरैया जनपद के ब्लॉक भाग्यनगर एवं अजीतमल की 44 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 7 दिवसीय आधारभूत आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के आचार्य/उपनिदेशक डॉ. डी.के. सचान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सुमनलता द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति के बाद कार्यक्षेत्र में किए जाने वाले दायित्वों, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम पंचायत स्तर पर लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्र पर शिक्षा, देखरेख, पोषण आहार वितरण एवं केंद्र संचालन की व्यवहारिक जानकारी भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीडीपीओ विधूना अभिषेक कठेरिया द्वारा शासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं तथा आंगनबाड़ी केंद्र के सुचारू संचालन के तरीकों पर मार्गदर्शन किया गया। साथ ही उन्हें तमाम जानकारियां दीं गईं।

इस कार्यक्रम में डाटा एंट्री ऑपरेटर सोमेन्द्र कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार व राममोहन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

समाधान दिवस | डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल के सामने आईं 26 शिकायतों में 4 हुईं निस्तारित

# लाभार्थियों का फीडबैक भी लें अधिकारी

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया । डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें । सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।




समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती हैं। उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी काव्या सी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लार्ड मदर स्कूल बना विजेता

वालीबाल प्रतियोगिता

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** विधानसभा स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लार्ड मदर पब्लिक स्कूल की टीम ने शक्ति क्लब लखना की टीम को 3 अंकों से पराजित कर चैंम्पियनशिप जीत ली।

कस्बा बकेवर के लॉर्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच लखना की टीम व लार्ड मदर स्कूल की टीम के बीच खेला गया।जिसमें कांटे के मुकाबले में लार्ड मदर की टीम 15 अंक बनाकर विजयी हुए।जबकि लखना की टीम 12 अंक ही बना सकी।विजेता टीम के कप्तान विकास कुमार को 21 हजार रुपये व गोल्ड मेडल मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने प्रदान किया। द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये व मेडल शक्ति क्लब लखना टीम के कप्तान विजय वीर को प्रदान किया। तृतीय पुरस्कार दस हजार रुपये व ब्रॉन्ज़ मेडल बिरारी क्लब टीम के कप्तान राम अभिषेक को दिया गया। अन्य 23 टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में एक वॉलीबॉल, नेट और सभी खिलाडियों को टी-शर्ट प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों ने एक जिम्मेदार खिलाड़ी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आयोजक विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम, राजीव यादव,जयसिंह चौहान जिला सचिव राकेश यादव प्रधान जी, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य जे.पी. दौहरे, फरियाद भारती, ब्लॉक अध्यक्ष दीपू कुशवाहा , अनिरुद्ध यादव, जिला उपाध्यक्ष लालू पाल, लॉर्ड मदर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पप्पन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

## तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के सरसई गांव में अकारण गाली गलौज व मारपीट करने पर पीड़ित महिला ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के सरसई गांव निवासी आराधना पत्नी राजेश ने थाने मे दी तहरीर में बताया कि शनिवार को घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोस की शिव कांति मुझे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर मारपीट करने लगी। शोर सुनकर उसके परिजन राजेश व मूलचंद आकर एक राय होकर मारपीट करने लगे। जिससे मुझे गंभीर चोटे आई है। तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

## दबंगों ने चरवाहे को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव में एक चरवाहे ने प्रेमी जोड़े को अपत्ति जनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद कुछ दबंगों ने चरवाहे को मारपीट कर घायल कर दिया। करगवां गांव निवासी देवेंद्र पुत्र मुन्नालाल ने बताया कि शुक्रवार को वह खेतों में बकरियां चरा रहा था। बताया कि तभी उसकी गांव की निवासी दो युवतियां जिसमें से एक युवती अपने प्रेमी के साथ आपत्तिजनकर स्थिति में थी। बताया कि इसके बाद शनिवार को युवती ने बाहर से कुछ लड़कों को बुलवाकर उसके साथ मारपीट की। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया तहरीर मिलने पर युवक का मेडिकल कराया है। कार्रवाई की जा रही है।

## फोन से अश्लील बातें करने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** एक युवती ने बताया कि मुस्कुरा थाने के बिहुनी क्षेत्र का निवासी एक युवक नंबर बदल बदल कर उससे फोन पर अश्लील वार्तालाप करता है। आरोपी युवक उस पर शादी करने का दबाव बना रहा है। बताया कि युवक उसके आने जाने पर उसका पीछा भी करता है। युवक की हरकतों से वह बेहद परेशान हो चुकी है। बताया कि आरोपी युवक उसकी शादी नहीं होने दे रहा है। एक जगह उसका रिश्ता भी तुड़वा चुका है। बताया कि जब उसके परिजनों ने आरोपी युवक के पिता के घर जाकर उलाहना दिया तो उसका पिता भी उसके परिजनों के साथ गाली गलौज करने लगा।

## रामलीला मैदान में आज होगा हिंदू सम्मेलन

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के रामलीला मैदान में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन कल रविवार को किया जायेगा। सम्मेलन से पहले शोभा कलश यात्रा निकाली जायेगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्री श्री 1008 सीताराम शरण महाराज होंगे।

## सब्जी विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में दुकानों और चबूतरों के आवंटन को लेकर सब्जी व्यापारियों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें मंडी में यह जानकारी दी गई थी कि दुकानों और फड़ों का आवंटन पुरानी दुकानों के आधार पर किया जाएगा। सब्जी व्यापारी मैराज राइन, देवेंद्र सिंह, इरशाद, कल्लू और शमसाद ने बताया कि अब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया नीलामी के माध्यम से किए जाने की बात सामने आ रही है। कहा यदि ऐसा होता है, तो लंबे समय से व्यापार कर रहे व्यापारी परेशान होंगे।

# तीसरे दिन दी चोरी की तहरीर, नकदी का जिक्र नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सीसीटीवी की डीवीआर नहीं देने से घटना संदिग्ध मान रही पुलिस

**अमृत विचार।** सुमेरपुर में लवजिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी के घर पर हुई चोरी की तहरीर शनिवार को पुलिस को सौंपी गई। तहरीर में नकदी का कोई जिक्र नहीं किया गया है। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। गत 15 जनवरी को कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंग रेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान के पैतृक आवास में दो दिन पूर्व चोरी की घटना हुई थी। चोर लाइसेंसी दोनाली बंदूक के साथ सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी ले गए थे। शनिवार को इस घटना की तहरीर आरोपी मौलाना खान की मां जेबुन्निशा की ओर से पुलिस को दी गई। इसमें नकदी का कोई जिक्र नहीं किया गया। जबकि शुक्रवार को आरोपी मौलाना खान के पिता मुईनुद्दीन उर्फ लल्लू भाईजान ने पांच लाख नकदी ले जाने का भी दावा किया था। दोनाली बंदूक का लाइसेंस मुईनुद्दीन के नाम है। तहरीर में 20 तोला सोना, 300 ग्राम चांदी की जेवरात के साथ बंदूक और कारतूस चोरी होने का जिक्र किया गया। घटना 4/5 फरवरी की रात को दर्शाई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर नहीं दे रहे हैं। जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

### उच्च न्यायालय में 9 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के आरोपियों द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई याचिका की सुनवाई पर कस्बे के लोगों की नजरें टिकी हुई हैं। 9 फरवरी को उच्च न्यायालय इस प्रकरण पर सुनवाई करेगा। तब तक प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगी हुई है। इससे प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना कस्बे में गत 15 जनवरी को हुई थी। इस घटना ने कस्बे का माहौल तनावपूर्ण बना दिया था। तनाव को कम करने के लिए प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करके आक्रोश कम करने का प्रयास किया था।

लव जिहाद का मामला

मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने तथा मुख्य आरोपी के पिता को मुकदमा दर्ज करने के पूर्व हिरासत में लिया था। प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से आरोपियों में दहशत व्याप्त हो गई थी। नगर पंचायत द्वारा रिहायशी मकानों में नोटिस चस्पा करने के बाद आरोपी संपत्ति बचाने के लिए उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचे हैं। इस प्रकरण की आगामी 9 फरवरी को सुनवाई होनी है। तब तक न्यायालय ने किसी तरह की कार्रवाई पर रोक लगा रखी है। अब कस्बा वासियों की नजरें 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई की तरफ लगी हुई है। बता दें कि मुख्य आरोपी के परिजनों का इंडियन लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। बंधी की जमीन पर कब्जा करने वालों के लिए हाईकोर्ट ने 2021 में ही आदेश देकर खाली कराने को कहा था।

# बजट: युवाओं को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता हुई। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने बजट 2026 की जनकल्याणकारी सोच एवं प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया बजट में किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार व कृषि अवसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार, कौशल विकास और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की ठोस व्यवस्था की गई है।

महिला सशक्तिकरण को लेकर स्वयं सहायता समूहों, मातृ वंदना योजनाओं और सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों को और मजबूत किया गया है। गरीब व वंचित वर्ग के लिए आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को गति दी गई है। सड़कों, पेयजल, बिजली और नगरीय विकास पर बड़े निवेश का प्रावधान किया है। कहा यह बजट समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने वाला है। जो विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

भाजपा सरकार का बजट 2026 "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास"की भावना को सशक्त रूप से आगे बढ़ाता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह के के त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, उमेश सिंह, शिवनारायण सोनकर, राजेश सिंह, अमित सिंह, सोनू, विनय मिश्रा, इंद्र प्रकाश बाजपेयी, सीमा वर्मा, अंकित गुप्ता, रेखा सिंह, केके विश्वकर्मा सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# सम्मेलन में बवाल, कुल्हाड़ी-डंडों से हमला

## जलालपुर के लोधीपुरा गांव में चल रहा था सम्मेलन, दस घायल

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)



अस्पताल में मौजूद घायल व परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जलालपुर थानाक्षेत्र के लोधीपुरा गांव में चल रहे संत सम्मेलन के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर पत्थर, कुल्हाड़ी व लाठी डंडे चले। इसमें करीब दस लोग घायल हो गए। गंभीर घायल छह लोगों को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया गया। दो महिलाओं को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है।

लोधीपुरा गांव निवासी पंचायत मित्र रविन्द्र कुमार ने बताया कि गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीणों की ओर से संत सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। बीती 3 फरवरी की रात में रामलीला मंचन के दौरान गरंप निवासी एक युवक शराब के नशे में लोगों से गाली गलौज कर रहा था। संत सम्मेलन कमेटी के उपाध्यक्ष होने पर सुरेन्द्र ने उसे समझाने की कोशिश की, तो उसने गाली गलौज कर उनके साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद गांव वालों ने दोनों पक्षों में सुलह भी करा दिया। मगर शनिवार को यह विवाद उस समय फिर भड़क उठा जब सुरेन्द्र का साला गोलू (20) मेला में दुकान से सामान ले रहा था। इसी बीच दूसरे पक्ष के जराखर निवासी चार आरोपी आ धमके और गोलू को जबरन उठाकर ले गए। जिससे मेला परिसर में हड़कंप मच गया। बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीणों पर भी दबंगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया और उन्होंने महिलाओं व बच्चों को भी नहीं बक्शा।

झगड़े में दोनों पक्षों के लगभग दस लोग घायल हुए हैं। जिनमें पंचायत मित्र रविन्द्र कुमार की मां शिववती (55), मोहिनी (18) पुत्री अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार (38) पुत्र रामस्वरूप, मधु (18) पुत्री नरेश कुमार बरहरा, गोलू (20) पुत्र कांधीलाल निवासी टोला रावत, लोधीपुरा निवासी रविन्द्र (35) पुत्र राम रतन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी सरीला भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिववती व मोहिनी को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जबकि लोकेंद्र कुमार (21), बृजेंद्र कुमार (40) रामस्वरूप, रचना (30) पत्नी सुरेन्द्र कुमार व माहेश्वरी (42) के मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद गांव में तनाव पैदा हो गया है। सीओ शाहरुख खान ने बताया कि शराब के नशे में युवक द्वारा गाली गलौज करने के कारण विवाद हुआ है। थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी घटना की जांच की जा रही है।

### युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के सोनी धर्मशाला के पास पुरानी रंजिश और छेड़खानी के विरोध को लेकर एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। घायल युवक को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कस्बा निवासी नारायण सोनी का 21 वर्षीय पुत्र कन्हैया सोनी जब सोनी धर्मशाला के पास मौजूद था। तभी आरोपी शेखर यादव ने अपने पिता और बाबा के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के दौरान आरोपियों ने चाकू से कन्हैया पर वार किए। जिससे वह बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने कन्हैया की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दबिश देकर आरोपी शेखर यादव को हिरासत में ले लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से सोनी धर्मशाला के आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।



घायल युवक कन्हैया सोनी।



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

# क्रांतिकारी मंमथनाथ की मनाई गई जयंती

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने देश धर्म और रचना धर्म के साक्षी महान क्रांतिकारी मन्मथनाथ गुप्ता की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि मन्मथनाथ गुप्त सही मायने में एक बेमिसाल क्रांतिकारी थे।

देश के प्रति उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। उनका 07 फरवरी 1908 को वीरेन्द्र गुप्त के घर बनारस में जन्म हुआ था। वह प्रारंभ से ही साहित्य और संघर्ष के राही थे। गुप्त 13 वर्ष की उम्र से ही देशसेवी सोच के हो गए थे। काकोरी ट्रेन डकैती में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। इन्हें काकोरी केस में 14 वर्ष का कठोर कारावास मिला था। उन्होंने 80 पुस्तकें लिखी थी, कालांतर में उनका 26 अक्टूबर 2000 को निधन हो गया था। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति, रामनारायण सोनकर, विकास, सतेन्द्र और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिला पुरुष। अमृत विचार

### भव्य कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ की हुई शुरुआत

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के महर्षि दयालदास बाबा के परिसर में आठ फरवरी से विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शाम चार बजे से यज्ञाचार्य आचार्य प्रसून शुक्ला, वृंदावन धाम से आई भागवताचार्य देवी प्रत्यार्चा की देखरेख में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में यजमान मुन्ना गुप्ता, बल्लू मिश्रा अपनी अपनी पत्नी के साथ चल रहे थे। 101 मिट्टी के कलश सिर में रखकर महिलाएं गांव की रास्ताओं से मंदिरों में पूजा-अर्चना कर चल रही थी। कलश यात्रा में घोड़ा डीजे पर थिरकते हुए चल रहे थे। गांववासी यज्ञ भगवान का जयकारा लगा रहे थे। कलश यात्रा को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञाचार्य प्रसून शुक्ला ने बताया कि रविवार से कस्बे में भक्ति की बयार बहेगी।

## दरोगा ने पत्रकार को दी धमकी, आक्रोश

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली में तैनात दरोगा ने नशे के कारोबार की खबर में नाम आने से बौखला कर पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। जिससे पत्रकारों में रोष है। एक समाचार पत्र के जिला संवाददाता द्वारा 27 जनवरी को हाईवे पर हो रहा नशे के कारोबार को लेकर खबर सोशल मीडिया में प्रकाशित की थी। जिसमें संबंधित दरोगा की शह पर ऐसा होना बताया गया था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किसा। लेकिन संबंधित दरोगा पत्रकार से खुन्नस रखने लगा। शुक्रवार दरोगा ने पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिसके बाद पत्रकारों ने एसपी को ज्ञापन दिया है।

# एसडीएम, तहसीलदार के खिलाफ वकीलों ने दिया धरना

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- जिलाधिकारी का रास्ता रोक कर जमकर नारेबाजी कर जताया विरोध



तहसील गेट पर धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील प्रांगण में राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने जिलाधिकारी का रास्ता रोककर जमकर नारेबाजी की और विरोध जताया। जमीनों के दाखिल खारिज मामलों और एक जैसे वादों में अलग अलग निर्णय के अतिरिक्त तारीख पर तारीख का विरोध करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी की अगुवाई में मौदहा बार एसोसिएशन के वकीलों ने तहसील गेट पर धरना देकर जिलाधिकारी का रास्ता रोक लिया और जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं वकीलों ने उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह को भ्रष्टाचारी बताते हुए मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

इस संबंध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी ने बताया की हम पांच फरवरी को जिलाधिकारी से मिले थे और ज्ञापन दिया था। लेकिन जब आज समाधान दिवस पर जिलाधिकारी आए तो हमने उनसे बातचीत करने के लिए समय मांगा। हमारे द्वारा नायब तहसीलदार से दोबारा खबर भेजी गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण हम लोग तहसील के गेट नंबर दो पर फर्श बिछा कर बैठ गए और माला लिए थे कि जब जिलाधिकारी आएंगे तो माला पहना कर ससम्मान बातचीत करेंगे।

उसके बाद बातचीत हुई है और उन्होंने उपजिलाधिकारी को बातचीत के लिए कहा है। जल्द ही उपजिलाधिकारी से बातचीत होगी। इस दौरान आधा सैकड़ा से अधिक वकील मौजूद रहे।

समाधान दिवस

मौदहा तहसील में डीएम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 49 शिकायतें हुईं दर्ज

# संपूर्ण समाधान दिवस में 9 मामलों का मौके पर निस्तारण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए चार दर्जन से फरियादी मामलों में मात्र नौ मामलों का निस्तारण हो सका। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय के अभिलेखागार व संग्रह कार्यालय समेत अन्य पटलों का निरीक्षण कर स्थिति का अवलोकन किया।

नगर के तहसील परिसर में स्थित सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने की। इस मौके पर कुल 49 फरियादी मामले आए जिसमें मात्र नौ मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक समस्याएं राजस्व, पुलिस व पानी से संबंधित रही। ग्राम माचा के इसराफत अली ने पैतृक मकान पर पड़ोसी द्वारा अवैध कब्जा करने, ग्राम नरायच के अली अहमद ने भाइयों पर साझे के खेत बेचने, गहरौली के कृष्ण कुमार ने समिति के सचिव द्वारा बेवजह परेशान करने व गुरदाहा के ग्रामीणों ने नमामि गंगे के योजना के तहत पानी उपलब्ध कराने की मांग की। इसी प्रकार अन्य फरियादियों ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रख उनके निदान की गुहार लगाई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह व तहसीलदार शिखर मिश्रा समेत जिले व क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर के कार्यालय व संग्रह कार्यालय समेत अन्य पटलों का निरीक्षण किया संग्रह कार्यालय में लगाए गए लाकर की व्यवस्था देख उन्होंने सराहना की।



एडीएम व एएसपी को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 31 शिकायतें, चार का निस्तारण

**सरीला (हमीरपुर)।** शनिवार को तहसील के सभागार में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार व एएसपी मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में चंडौत गांव के जयशंकर ने विद्युत बिल को संशोधन कराने, अमूंद गांव की जनक कुमारी ने रुकी हुई बेवा पेंशन दिलाने, चंडौत के अमित कुमार ने विद्युत विभाग द्वारा अधिक बिल देना, पहरा के रामकुमार ने प्लाट पर अवैध कब्जा करने, बडेरा माफ गांव के फूल सिंह ने खेत से लगे नाले पर चेक डैम बनवाने एवं जय जवान जय किसान एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह ने लगभग आधा दर्जन से अधिक किसानों के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2024 एवं 2025 में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। कुल 31 शिकायतें दर्ज की गई।

## महिला ने पड़ोसी मां बेटी पर लगाया जेवरात चोरी का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के मझगवां थाना अंतर्गत गढहर गांव की निवासी महिला ने आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार की सुबह वह गोबर और कूड़ा कचरा फेंकने के लिए गांव से बाहर गई थी। तभी सूना घर पाकर उसके पड़ोस में रहने वाली महिला व उसकी पुत्री उसके घर में घुसकर बक्से में रखे जेवरात और नगदी चोरी कर रहीं थीं। तभी अचानक वह मौके पर पहुंच गई तो उसने विरोध करते हुए चोरी करने का कारण पूछा। जिस पर मां बेटी उस पर झपट पड़ी और उसे जमीन पर पटक कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी और जेवर व नगदी लेकर चली गई। बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। पीड़िता ने पुलिस उपाधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर जांच कराई जाएगी।

# युवक को अनियंत्रित ट्रक ने रौंदा, थमीं सांसें

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- छानी गांव के समीप बनी पानी की टंकी के पास हुआ हादसा



दीपू।

**अमृत विचार।** भाई की ससुराल से मजदूरों को छोड़कर वापस आ रहे युवक को ट्रक ने कुचल कर निकला और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक के पिता ने अज्ञात चालक सहित ट्रक के खिलाफ तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के छानी गांव निवासी दीपू (26) पुत्र राम खिलावन गांव के रामनारायण के यहां टाइल्स पत्थर लगाने का कार्य करता था। उसके साथ उसके भाई की ससुराल के कुछ मजदूर भी कार्य करते हैं। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे काम समाप्त होने के बाद दीपू अपनी बाइक से मजदूरों को छोड़ने बड़े भाई की ससुराल थाना ललपुरा के उजनेड़ी गांव गया हुआ था। वहां से करीब 8:00 बजे वापस घर के लिए निकला। जैसे ही वह छानी गांव में बनी पानी की टंकी के पास पहुंचा है तभी विपरीत दिशा से लकड़ी से भरे अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पलट गया। घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता राम खिलावन ने ट्रक सहित अज्ञात चालक के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। जिसकी शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। जिसके दस माह की दुधमुंही बच्ची है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुब्बाराव जयंती पर लगा नेत्र व स्वास्थ्य शिविर

**चित्रकूट।** गांधीवादी चिंतक सुप्रसिद्ध समाजसेवी डा. एसएन सुब्बाराव की जयंती पर विकास पथ सेवा संस्थान ने नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया। इसमें सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, द हंस फाउंडेशन यूनिट आदि ने सहयोग किया। संयोजक सभासद शंकर प्रसाद यादव रहे। इस मौके पर सदर विधायक अनिल प्रधान पूर्व प्रधान सुमेर सिंह आदि ने शिविर की व्यवस्थाओं पर आयोजकों की सराहना की। विधायक ने कहा कि डा. सुब्बाराव विश्व में भाईचारे, अहिंसा और मानवता के संदेश के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनका जीवन आज भी हम सबके लिए प्रेरणा है। संस्थान के अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ने कहा कि उन्होंने डा. सुब्बाराव से प्रेरणा लेकर विकास पथ सेवा संस्थान की स्थापना की। यह शिविर उन्हीं के आदर्शों को समर्पित एक छोटा सा प्रयास है।

### बीएसए ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** बीएसए बीके शर्मा ने मानिकपुर क्षेत्र के जारो माफी और करौंहा गांव के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण। समय से पहले स्कूल में ताला बंद कर शिक्षक चले गए थे। उन्होंने एक प्रधानाध्यापक को निलंबित करते हुए शेष दो स्कूलों के शिक्षकों का एक माह का वेतन रोका।

### विद्यार्थियों ने सीमेंट निर्माण प्रक्रिया को जाना

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के एमएससी पर्यावरण पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने स्टडी टूर के अंतर्गत बिरला कारपोरेशन लिमिटेड सतना का भ्रमण कर सीमेंट निर्माण प्रक्रिया को जाना–समझा। ऊर्जा और पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. साधना चौरसिया के नेतृत्व में बिरला सीमेंट फैक्ट्री पहुंचे विद्यार्थियों ने सीमेंट फैक्ट्री में होने वाले प्रमुख प्रदूषण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रिया विधि के व्यावहारिक पक्ष को समझा।

### पराविधिक स्वयंसेवकों ने श्रमिकों को दी कानून की जानकारी

**चित्रकूट।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों ने शनिवार को ट्रैफिक चौराहे में श्रमिकों के बीच वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत प्री कैंप का आयोजन किया। पराविधिक स्वयंसेवकों ने श्रमिकों को श्रम कानूनों के विषय में बताया। बताया गया कि 22 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर में श्रमिकों के हितार्थ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### नेत्र जांच शिविर में 39 मोतियाबिंद के मरीज मिले

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में सदर विधायक के बांकी मार्ग स्थित आवास में आयोजित नेत्र शिविर में 120 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद के लिए 39 मरीज पाए जाने पर ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया गया है। डॉ. जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय की टीम ने सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति की बांकी स्थित आवास में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक ने किया। इसके उपरांत डॉ. सौरभ सिंह के नेतृत्व में आई टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया।

# संवादहीनता खत्म कर करें समस्याओं का निपटारा

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अफसरों को दी चेतावनी, कहा-समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें


मानिकपुर में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।


राजापुर में लोगों की परेशानी सुनते अधिकारी।


कर्वी तहसील में लोगों की शिकायतें सुनते कमिश्नर अजीत कुमार और डीआईजी राजेश एस।

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बढ़ती जन शिकायतों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने इसकी वजह अधिकारियों और जनता के बीच संवाद के अभाव को मानते हुए सख्त निर्देश दिए कि अधिकारी संवादहीनता खत्म करें और समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

डीएम ने शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। कहा कि अधिकारियों और जनता के बीच संवाद का अभाव है। तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने कार्यालयों में नियमित रूप से जनसुनवाई करें तो लोगों को कलेक्ट्रेट तक नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान सबसे ज्यादा मामले राजस्व, चकबंदी, पत्थरगढ़ी, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन तथा विद्युत व पेयजल से संबंधित आए। जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को निर्देशित किया कि छोटे प्रकरणों का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही प्राथमिकता के आधार पर करें। आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारण की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। समाधान निर्धारित समय से चार दिन पहले करें, जिससे गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके और त्रुटियों को सुधारा जा सके। इस दौरान 130 प्रार्थनापत्र आए। 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, पूजा गुप्ता आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### चक रोड पर कब्जे की शिकायत

■ **राजापुर (चित्रकूट)।** तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव, तहसीलदार भारत प्रताप सिंह ने समस्याएं सुनीं। इस मौके पर एक ग्रामीण मार्कंडेय तिवारी ने बताया कि ग्राम पंचायत भभेट में यमुना किनारे सिद्ध हनुमान मंदिर के चक मार्ग पर अवैध कब्जा करके रास्ता बंद कर दिया गया है। मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने बताया कि 59 के सापेक्ष सात शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के लिए राजस्व व पुलिस टीम गठित की गई है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजापुर लाखन सिंह, सरधुआ राम सिंह, राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला, पूर्ति निरीक्षक कृपा शंकर द्विवेदी, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

### सात दिन में उपलब्ध कराई जाए निस्तारण आख्या

**चित्रकूट।** मंडलायुक्त अजीत कुमार और पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस ने कर्वी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनीं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पारदर्शिता से निस्तारण कर आख्या सात दिन में कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। कमिश्नर ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारी की अनुपस्थिति पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उनका स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान किया जाए। इसी दौरान एक शिकायतकर्ता खेमराज की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर ने जिला अस्पताल का मुआयना किया और उसका एक्सरे कराया। आरओ वाटर कूलर की दीवार में शीलन एवं शौचालय में गंदगी पाये जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में सफाई, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, आरओ वाटर कूलर की सुचारु व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की नियमित क्रियाशीलता, मरीजों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पंजीकरण काउंटर की सुगमता तथा चिकित्सकीय सेवाओं की निरंतर निगरानी अनिवार्य रूप से की जाए।

### डीएम ने किया नगर पंचायत का निरीक्षण

**मानिकपुर।** डीएम पुलकित गर्ग ने शनिवार को नगर पंचायत मानिकपुर सरहट का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली देखी और अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। डीएम ने निकाय के 10 बड़े बकायेदारों की सूची को देखकर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टाइड ग्रांट के अंतर्गत पूर्व प्रस्तावित 80 लीटर प्लास्टिक डस्टबिन के स्थान पर स्टेनलेस स्टील के डस्टबिन खरीदें कि मवेशियों इन्हें क्षतिग्रस्त न कर सकें। डीएम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, एमआरएफ सेंटर आदि के बारे में पूछा और निर्देश दिए कि वेतन एवं पेंशन आदि के भुगतान के पश्चात अवशेष धनराशि का उपयोग नियमानुसार जनोपयोगी निर्माण कार्यों में किया जाए।

### प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की समीक्षा की

**चित्रकूट।** डीएम ने प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की बैठक में निर्देशित किया कि सभी अधिकारी जनवरी की प्रगति की डैश बोर्ड पर सोमवार तक फीडिंग करा दें। जिला उद्यान अधिकारी को स्प्रिंकलर एवं माईक्रो इर्रीगेशन द्वारा सिंचित क्षेत्रफल के लक्ष्य को समय से पूरा करने, कार्ययोजना नौ फरवरी तक उप कृषि निदेशक को उपलब्ध कराने आदि के निर्देश दिए।

# अवैध बालू खनन में दो ट्रैक्टर सीज

**राजापुर चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव के निर्देश पर इलाके में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के साथ अवैध खनन पर कार्रवाई जारी है। बीते दिन दो ट्रैक्टरों को अवैध बालू खनन के आरोप में पकड़कर जब्त किया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कि ग्राम पंचायत ओरा अंतर्गत बागें नदी में अवैध बालू खनन का काम रात में जोरों पर किया जा रहा है। इस सूचना पर क्षेत्राधिकारी राजकमल और थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण सिंह की टीम ने खनन स्थल पर औचक छापेमारी की और अवैध बालू खनन परिवहन करते दो ट्रैक्टर पकड़े। इन्हें सीज करते हुए थाना पहाड़ी की अभिरक्षा में दे दिया गया है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध परिवहन अवैध बालू खनन तथा ओवरलोडिंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवहनकर्ताओं को आगाह किया है कि प्रपत्र 11 लेकर ही परिवहन करें। घाट संचालकों को निर्देशित किया गया है कि बिना रवन्ना के किसी भी वाहन को बालू गिट्टी की लोडिंग न करने दें। नियम और कानून न मानने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सप्लायर ने अफसरों को भेजा पत्र

**रामनगर।** आकांक्षी ब्लॉक रामनगर में एक सप्लायर ने ग्राम पंचायत को दी गई अपनी सामग्री के भुगतान नहीं होने से एवं उसी सामग्री का दूसरे की फर्म पर भुगतान कर देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता कौशल किशोर पांडेय ने बताया कि वह ब्लाक के विभिन्न गांवों में मैटेरियल सप्लायर है। ग्राम पंचायत घुरेहटा प्रधान एवं सचिव पर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत घुरेहटा के मजरा शिरोमन के डेरा में निर्मित खड़ंजा निर्माण के लिए आपूर्ति की गई, जिसकी कीमत 18 लाख रुपये है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने अपने भुगतान के लिए कई बार कहा लेकिन भुगतान नहीं हुआ। आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का भुगतान उसे न करते हुए किसी दूसरी फर्म में अब कर दिया गया है। यह वही ग्राम पंचायत है जो इसके पहले भी तब सुर्खियों में आई थी।

### अपर मुख्य सचिव ने किया विकास कार्यों का मुआयना

**सीतापुर।** मप्र के अपर मुख्य सचिव (नगर विकास) संजय दुबे ने शनिवार को तीर्थक्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने मोहकमगढ़ तिराहे पर सड़क निर्माण की स्थिति देखी और जानकारी ली। गोरिहर मंदिर के आसपास, परिक्रमा मार्ग आदि में सुंदरीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि चित्रकूट धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं, इसलिए परिक्रमा मार्ग का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बताया कि किसी प्रकार की कोताही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस की गिरफ्त में चोरी का आरोपी। अमृत विचार

# पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर दबोचा चोरी का आरोपी

● राजापुर पुलिस को मिली सफलता चोरी का सामान बरामद

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। इससे चोरी का सामान भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, छह फरवरी को रगौली गांव निवासी कलावती पत्नी राजा बाबू निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते दिन वह ननद के घर मऊ गई थी। इसी दौरान घर के पीछे की ओर से नामजद आरोपी शिवाकांत उर्फ सोनू पुत्र नथुवा निषाद ने दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की। भागते समय पड़ोस की एक महिला ने देख लिया। शनिवार को एसआई रमेशचंद्र तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर सोनू को रगौली मोड़ से पकड़ लिया। आरोपी से गहने और एक हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने चोरी की बात भी कुबूली। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी राहुल यादव और पवन कुमार शामिल रहे।

# मानिकपुर की समस्याओं पर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**मानिकपुर चित्रकूट।** भाजपा नेता जितेंद्र मोहन शुक्ल एडवोकेट एवं पंकज सिंह पटेल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

समाधान दिवस के दौरान ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधिकारी ने जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। ज्ञापन में समाजसेवियों, अधिवक्ताओं ने उपनिबंधन कार्यालय चालू किए जाने, ग्राम न्यायालय की बिल्डिंग का शीघ्र निर्माण, बस स्टैंड, उमरी में चयनित खेल मैदान को जल्द बनवाने, बाईपास को देखते हुए दिलावर के डेरा से कल्याण केंद्र चौराहे से पुराना मानिकपुर होते हुए सेमराटार ऐलहा तक सड़क का निर्माण, सभी ग्राम पंचायतों में गरीब असहाय भूमिहीन लोगों को जमीन पर पट्टा कर जमीन देने, मानिकपुर तहसील के सामने खराब सड़क को बनवाने की मांगें शामिल हैं। इस दौरान प्रेमचंद भारतीय एडवोकेट , प्रमोद कुमार प्रधान सरहट, दादूराजा प्रधान नागर, अखिलेश्वर सिंह ,नारायण सिंह पटेल , पंकज उपाध्याय ,कौशल किशोर , अवधेश पांडेय, रोहन शुक्ला, आशीष रैकवार,पूरन चंद विश्वकर्मा, विकास सिंह पटेल, श्रवण दुबेदी, आजाद साकेत, राम सुशील तिवारी, शिवपूजन कोल एडवोकेट, प्रभाकर पांडेय एडवोकेट, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश कोल, भाजपा नेता आशीष कोल, भाजपा नेता अभिलाष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के षड्यंत्र को नाकाम करें : सपा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की बैठक में जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथों पर मुस्तैदी से नजर बनाए रखें, जिससे भाजपा के षड्यंत्र को नाकाम किया जा सके।

उन्होंने भाजपाइयों पर गंभीर आरोप लगाया कि जिले में ये नेता बीएलओ को फर्जी दस्तखत किए हुए फार्म 7 भरकर पीडीए समाज, विशेष रूप से मुस्लिमों के वोट काटने का षड्यंत्र कर रहे हैं। बीएलओ को सरकार का डर दिखाया जा रहा है लेकिन समाजवादी पार्टी के बीएलए की सतर्कता से वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। कहा कि भाजपा जनता के बीच से गायब हो चुकी है। पुलिस का एकमात्र काम अवैध वसूली रह गया है। उन्होंने हाल ही में बरगढ़ में हुए व्यापारी पुत्र के अपहरण और हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि चित्रकूट पुलिस की हीलाहवाली की बदौलत ही व्यापारी के पुत्र को बचाया नहीं जा सका। कटाक्ष किया कि शहर में जाम का आलम दिन भर रहता है लेकिन ट्रैफिक पुलिस वसूली और नेताओं की गर्मी उतारने में व्यस्त रहती है। स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है ।

एसआईआर और पंचायत चुनाव की मतदाता सूची को लेकर यादव ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहने और हर साजिश को नाकाम करने को आगाह किया। इस दौरान सत्यनारायण पटेल, मो.गुलाब खान, सीताराम कश्यप, नरेंद्र यादव, उमाकांत यादव, जितेंद्र सिंह, कैलाश बौद्ध, सूरज सिंह पटेल, लवलेश यादव आदि मौजूद रहे।

### पत्रों के दाहिनी ओर चस्पा करें लोगो

**चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सही भोजन, बेहतर जीवन (ईट राइट इंडिया) अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वस्थ जीवन के लिए खाद्य पदार्थों का उपयोग किए जाने पर विशेष बल दिया गया है। इस संबंध में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने (प्रतीक चिह्न) लोगो जारी किया है, जिसका प्रत्येक रंग एक खाद्य समूह और उससे संबंधित पोषक तत्व श्रेणी को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर निर्गत किए जाने वाले पत्रों में लोगो को सभी पत्रों के ऊपर दायीं ओर चस्पा करें कि लोग जागरूक हो सकें।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं सिपाही शिव कुमार पुत्र श्री जगदीश सिंह भारतीय सेना में तैनात हु। मेरा सेना रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1971 गलती से दर्ज हो गई थी, जबकि पिता के सभी प्रपत्रों में जन्मतिथि 01.01.1964 है। अब मैं अपने पिता की सेना आधिकारिक रिकार्ड में पिता की सही जन्मतिथि 01.01.1964 दर्ज कराना चाहता हु। **शिव कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम अलीपुर पो० असालताबाद, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**सूचना**
मैं **सुगम कुमार पुत्र कृष्णकान्त, निवासी– मुह0 नवीननगर बाबरपुर तहसील अजीतमल जिला औरैया।** मेरे बचत खाता सं0 2771645558 में मेरा नाम कृष्णकान्त दर्ज हैं। जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजातों में मेरा नाम सुगम कुमार दर्ज है। मेरे खाता सम्बन्धी समस्त कागजातों में मेरा नाम कृष्णकान्त की जगह सुगम कुमार संशोधित कर संशोधित पासबुक जारी किया जाय।

**सूचना**
सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि, मैं PHURBA TAMANG S/O BAM BAHADUR TAMANG R/O LOWER LINGSEBONG- DARJEELING BANS BOTEY WEST BANGAL 734201- मेरे पुत्र ARMY NO JC6357 O9y- RANK SUB. UNIT-11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम एवं D.O.B FURBA TAMANG -DOB 14/Nov/1945 हो गया है। जब कि मेरा सही व वास्तविक जन्मतिथि PHURBA TAMANG-D.I.O.B 17/MAR/1954 है।

**सूचना**
मेरा नाम नीलम कुमारी था, विवाह के बाद श्रीमती नीलम सिंह परिहार हो गया है अब हमें श्रीमती नीलम सिंह परिहार के नाम से जाना वह पहचान जाए। **पत्नी श्री रजत परिहार, पुत्री श्री चंद्रपाल सिंह निवासी एल आई जी ,115 0– आवास –विकास–3 कल्यानपुर कानपुर नगर**

**सूचना**
मैने अपना नाम KM.QAMMAR JABIN से बदलकर QAMAR RIZVI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।W/0-SYED ARSHAD HUSAIN RIZVI R/0-182/055A MASHAKGANJ AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मैं 'SANJEETA TAMANG पत्नी श्री LAKPA TAMANG निवासनी UPPAR HARING HATTA DARJEELING, PUL BAZAR WEST BANGAL 734105 मेरे पति ARMY NO JC635709Y- RANK-SUB UNIT 11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश SANJEETA TAMANG हो गया है। मेरा सही व वास्तविक नाम SANJEETA TAMANG है।

**सूचना**
पहले मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत था दस्तावेजों में मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली अंकित है मेरे पिता के नाम के पीछे अली शब्द छूट गया था अब मुझे सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली के नाम से जाना जाये। **सैय्यद अफ़ज़ल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली निवासी मोहल्ला जिगरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।**

**सूचना**
मेरे भूखन्ड सं0–14 जो खसरा सं0–987 का मि0–रकबा–1500 वर्ग फिट स्थित ग्राम–सरसवाँ (नगर निगम सीमा के अन्दर) परगना–लखनऊ तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो दि0–21/01/14 को बही सं0–1 जिल्द सं0–14866 पृष्ठ सं0–323 से 356 क्रमांक–909 पर उपनिबंधक द्वितीय, लखनऊ के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत है, कही खो गया है। किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा। **मनीष कुमार वर्मा पुत्र श्री केदार नाथ वर्मा।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैनामा जो दिनांक 27–12–1969 बही सं. 01, जिल्द नं. 902, पेज नं. 37 से 40 तक क्रमांक 31–35, जिसे प्रार्थी ने भोला पुत्र जगन्नाथ से खरीदा है, जो कोर्ट जाते समय रास्ते में कही रखो गया। उक्त बैनामे का यदि कोई व्यक्ति दुरुपयोग करता है, तो उसे अवैध माना जाय। प्रार्थी - **अजय कुमार पुत्र अर्जुन लाल 69 नियावां रोड, फैजाबाद (अयोध्या)**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कदीरुन्निशा पत्नी हैदर अली, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर दाऊदपुर, पोस्ट हुनहुना, तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या के पासपोर्ट संख्या M8381191 में नाम गलती से KADIRUNNISHAN अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही नाम KADIRUNNISHA दर्ज है। अत: भविष्य में शपथी का सही नाम KADIRUNNISHA ही माना जाए।


दुखद

धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी सच्चिदानंद महाराज जी महाराष्ट्र में हुए ब्रह्मलीन

# महाप्रयाण का समाचार आते ही दुख में डूबे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** महान संत और धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज 102 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र में ब्रह्मलीन हो गए। उनके महाप्रयाण का समाचार जब जिले में पहुंचा तो संतों और श्रद्धालुओं में शोक पसर गया। सच्चिदानंद महाराज का पार्थिव शरीर महाराष्ट्र से यहां लाया जा रहा है। धारकुंडी आश्रम में श्रद्धालु उनके अंतिम दर्शन करेंगे और फिर रविवार को उनके निर्माणाधीन आश्रम में उन्हें समाधि दी जाएगी।

उपलब्ध जानकारियों के अनुसार, सच्चिदानंद महाराज ने 17 वर्ष की आयु में एक कंपनी में काम किया और फिर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सैन्य अधिकारी भी रहे। बाद में उनको यह जीवन रास नहीं आया और वैराग्य हो गया। जोधपुर में उनको वैराग्य की अनुभूति हुई। इसके बाद उन्होंने अयोध्या में साधना की और फिर चित्रकूट आ गए। यहां सती अनुसूइया आश्रम में उनको गुरुदेव परमहंस स्वामी परमानंद महाराज के सानिध्य में अध्यात्म की अनुभूति हुई। बताते हैं कि लगभग 11 वर्ष तक उन्होंने वहीं साधना की और फिर घूमते घूमते मानिकपुर से लगभग 30 किमी दूर मप्र में सीमावर्ती जंगल पहुंचे। निर्जन वन में एक शेर की गुफा को इन्होंने अपना आश्रय बना लिया और वहीं तप में लीन हो गए। आश्रम को उन्होंने धारकुंडी आश्रम का नाम दिया। धीरे धीरे उनकी आध्यात्मिक शक्ति की कीर्ति बढ़ने लगी और अनुयायियों और श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। आज देश और विदेश में उनके करोड़ो अनुयायी हैं। लगभग 50 आश्रम हैं और धारकुंडी आश्रम का भी नवनिर्माण हो रहा है। इसके अलावा परमहंस विद्यापीठ और सच्चिदानंद चिकित्सालय का भी निर्माण किया गया है। वर्तमान में सच्चिदानंद महाराज, जिनको श्रद्धा से धारकुंडी के महाराज भी कहा जाता है, ने महाराष्ट्र के बदलापुर में अपना आश्रम बना लिया था और वहीं वह ईश आराधना में लीन रहते थे। वहीं पर उन्होंने शुक्रवार को यह नश्वर देह त्याग दी। उनके महाप्रयाण का समाचार तीर्थक्षेत्र पहुंचा तो शोक की लहर दौड़ गई। मंदिरों और आश्रम में भजन कीर्तन किए जाने लगे। धारकुंडी आश्रम में भी अंतिम दर्शन के लिए अनुयायियों की भीड़ उमड़ने लगी। मझगवां (मप्र) के एसडीएम दुर्गाशंकर गुप्ता और अन्य अधिकारी भी व्यवस्था पर नजर रखने के लिए पहुंच गए हैं।


धारकुंडी में बन रहा आश्रम। अमृत विचार

### महाप्रयाण पर लोगों ने जताया दुख

■ स्वामी सच्चिदानंद महाराज के ब्रह्मलीन होने पर जिले में शोक की लहर है। चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, सभासद शंकर प्रसाद यादव, प्रगतिशील किसान योगेश जैन, युवा समाजसेवी अनुज हनुमत, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह आदि ने कहा कि उनका जाना जिले के लोगों की भी अपूरणीय क्षति है।


स्वामी सच्चिदानंद महाराज।

### वर्चुअली दिए थे आस्थावानों को दर्शन

■ स्वामी सच्चिदानंद महाराज के शतायु होने पर उनका 101वां जन्मोत्सव धूमधाम से धारकुंडी आश्रम में मनाया गया था। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के बदलापुर स्थित आश्रम से अपने अनुयायियों को वर्चुअली दर्शन दिए थे।

### निर्विवाद और राजनीति से दूर थे स्वामी जी

■ स्वामी सच्चिदानंद महाराज के अनुयायियों में सामाजिक, राजनीतिक और व्यापारी वर्ग के बड़े नाम शामिल हैं। इसके बाद भी वह इन सबसे निर्विकार रहते थे। उनके आश्रम में आने वालों में कोई छोटा बड़ा नहीं होता था और वह सबसे एक भाव से मिलते थे।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है। जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# विपक्ष उत्तरदायी बने, प्रश्न पूछे, विकल्प दे, सुझाव रखे

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ही जिम्मेदारी है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। सदन के भीतर शोर शब्दों का विकल्प नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है, लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनियाभर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की ही होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोक-झोंक भी संभव है, लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 'कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे।' बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है, लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए।

> यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं।

वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है।

यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला, टू प्रपोज द गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा, टू अपोज द गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा, विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज द गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'गवर्नमेंट इन वेटिंग' कहा जाता है, लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं। संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता, लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के संबंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है, इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमानना की कार्यवाही होनी चाहिए।

यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे, जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे, लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आंबेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हसरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजरू, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे।

इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए, लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर-शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य व तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं।

विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाए। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमंडल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमंडल स्वयं अपनी बनाई कार्य संचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

# नई पीढ़ी में गेमिंग की लत छुड़वाने की चुनौती

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार तरीके से इस तरीके के केस रोजाना प्रकाश में आ ही रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे फिर से गेमिंग के चुंगल से निकलकर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइड के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं? ऐसे सवालों का उत्तर बिना देर किए सामुहिक स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्गों को खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है, जिसका ताजातरीन उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसाकर मौत को गले लगाना पड़ा। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। दरअसल तीनों बहनों ने मौत को जिस अंदाज से अपनाया उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। बच्चियों ने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां को विस्तार से लिखी है। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है।

> बीते 24 महीनों में करीब 180 बच्चों के खुदकुशी के मामले देशभर में रिपोर्ट हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से पांच सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है।

घटना की शुरुआती पड़तालें बताती हैं कि गेम की गिरफत में तीनों बहनें ऐसी जकड़ीं कि निकल ही नहीं पाईं, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर कीं, लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थीं, वहां से निकला उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश में है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें, जिन पर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है।

पुलिस थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां लगातार गेम खेलती रहती थीं। ये बात अब तथ्यात्मक हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, तो आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभा रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं।

# आत्म विश्वास और विधि ही मुख्य है

मानव-प्रतिभा का विकास साधन सुविधाओं पर ही आधरित है यह सत्य नहीं है। मानव-प्रतिभा के विकास के लिए आत्म विश्वास और कार्य करने की सम्यक् विधि ये ही मुख्य आवश्यकता है। साधन सुविधाओं की आवश्यकता इनके बाद आती है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि अनेक साधन-सुविधाओं के उपरांत भी कई व्यक्ति अपना विकास नहीं कर पाते हैं और जिनके पास पर्याप्त साधन नहीं है फिर भी ये अपनी प्रतिभा का प्रर्याप्त विकास कर पाए और इतिहास बनाकर चले गए। इससे स्पष्ट हो गया कि साधन ही मुख्य नहीं है। आज देश में भारतीय प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसके लिये अधिकतर व्यक्ति साधनों के अभाव को दोष दे रहे हैं, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

मूल बात तो यह है कि भारतीय जन जीवन में जो विकृतियां इन दिनों व्याप्त हो रही हैं, उनमें ही एक विकृति अपनी विचार विपन्नता की है। अक्सर सुना जाता है कि हम भी बहुत कुछ कर लेते, किंतु हमारे पास साधन नहीं हैं। आलस्य और प्रमाद एक बहाना चाहता है। साधन के अभाव का बहाना आसानी से मिल जाता है। अतः उसे दुहराते रहेंगे और अपने विकास को कुंठित करते रहेंगे।

देश-विदेश के आविष्कारों और श्रेष्ठ आदर्शों का अध्ययन करें, तो यही स्पष्ट होता है कि जितने भी आविष्कार हुए या जो महत्वपूर्ण कार्य हुए, वे अभावों के बीच हुए। साधन संपन्नता से नव सर्जन के द्वार बंद ही हुए हैं खुले नहीं, हां अभावों में अवश्य विकास की किरण जगती हुई दिखाई दी है।

मानव के पास अपना मस्तिष्क और अपनी देह है। ये ही अनमोल सिद्धियां हैं। ये उपलब्ध हैं तो फिर अन्य साधनों का क्या? वे तो मिले या न मिले। मस्तिष्क स्वस्तः मानव के विकास का मार्ग प्रशस्त कर देता है। करोड़ों का घन भी जो सफलता नहीं दे सकता, मस्तिष्क वह सफलता प्रदान कर ही देता है। अपने मस्तिष्क में विकृत विचार न हों और सम्यक् कार्य विधि हों तो बढ़ते हुए प्रगति चरण कोई नहीं रोक सकता। आत्मविश्वास बड़ी चीज है। धैर्य और दक्षता के साथ अपने कदम बढ़ाएं तो साधन अनायास ही सामने उपस्थित रहेंगे।

हम जो मन में आया उसे तत्काल पूर्णता पूर्वक पा लेना चाहते हैं। भावनाओं का तीव्र ज्वार उमड़ता है अभिष्ट को पा लेने को, किंतु क्या उसी समय वह सब कुछ मिल पाता है? स्पष्ट है अभिष्ट तो उपलब्ध नहीं होता, किंतु निराशाएं अवश्य हाथ लगती हैं। वह निराशा जीवन को उत्साह हीन और भंद बना देती है।

आज अनेक व्यक्ति असफलता की कुंठा से ग्रस्त हैं। वे निराश हैं उन्हें कुछ करना सूझता नहीं। उन्हें चाहिए कि वे अपने कार्यों में ढूंढे कि कमी कहां रही। वह देखें और अपना प्रयास फिर शुरू करें। सारी कमियों को दूर कर उत्साहपूर्वक अपने प्रयास करते रहें। सफलता आपके चरण चूमने लगेगी। निराशा और पैर्यहीनता जीवन के सबसे बड़े दोष हैं। ये मानव को भीतर से पंगु बना देते हैं। अतः इन दोषों से अपने आप को बचा लेना चाहिए। कठिन से कठिन प्रसंग में भी हम धैर्य रख सकें यह एक महान बात होगी।

# बलूचिस्तान के विद्रोह में महिला फिदायीन

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अब महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर बलूच नागरिकों के दमन चक्र के विरुद्ध मोर्चा खोल लिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन अर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ 31 जनवरी से शुरू किए गए हेरोफ फेज-2 में 200 से अधिक पाक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और 17 को कब्जे में भी ले लिया है। इस आपरेशन की मुख्य उपलब्धि दो आत्मघाती विद्रोही बालाओं की हैरतअंगेज कहानी सामने आई है। इनमें 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने जहां सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में स्थित आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया। इसे बलूचिस्तान में दो दशकों का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीएलए ने इस घटनाक्रम के सत्यापन के लिए हवा बलोच का एक वीडियो भी जारी किया है, जो उनके द्वारा किए हमले से ठीक 12 घंटे पहले का बताया गया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन हमलों में महिला लड़ाकों की उपस्थिति की पुष्टि की है।

> 21 साल की हवा बलोच और 24 साल की आसिफ मेंगल ने सुरक्षा बलों से जंग में लोहा लेते हुए अनेक सैन्यकर्मियों के चीथड़े उड़ा दिए। हवा ने सुरक्षाकर्मियों से सीधा मुकाबला किया, वहीं आसिफा ने नोशकी में आईएसआई के मुख्यालय पर वाहन बम में सवार होकर फिदायीन हमला किया।

बलूचिस्तान में यह संकट खुद पाकिस्तान की नाकामियों का नतीजा है। महिला आत्मघाती हमले जता रहे हैं कि अब विद्रोहियों ने मर-मिटने की कसम खा ली है। चूंकि पाकिस्तान के पास इन विद्रोहियों से मुकाबला करने का पर्याप्त साहस नहीं है, इसलिए वे हमलों के पीछे भारत का हाथ बताकर भारत विरोधी झूठा नैरेटिव पाकिस्तान से लेकर विदेशी मंचों पर भी गढ़ रहा है। यह खीज उसकी असहायता दर्शाती है। पाकिस्तान के इस झूठ के दुराचरण से दुनिया परिचित है, इसलिए सब जानते हैं कि पाक के ये षड़यंत्रकारी प्रपंच और नापाक इरादे हैं, इसलिए उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान इस तरह के आडंबर इसलिए भी रचता है, क्योंकि वह अनेक आंतरिक चुनौतियों से झूझ रहा है। अर्थव्यवस्था चौपट है और गरीबी सुरसामुख की तरह बढ़ रही है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान भी सीमाई क्षेत्रों में पाक के लिए संकट का सबब बना हुआ है, जबकि वह इस्लामिक देश है। अफगानिस्तान पाक के विरुद्ध इसलिए है, क्योंकि अफगानिस्तान पर सैन्य हमलों के लिए अमेरिका के लिए जगह पाकिस्तान ही देता रहा है। अतएव अफगानियों के साथ-साथ बलूच पाक के लिए जानलेवा नासूर साबित हो रहे हैं, इसलिए विश्व मंचों पर उठाए सवालों के प्रतिउत्तर में भारत ने कह दिया है कि पाक अपनी आंतरिक विफलताओं को भारत पर न थोपे। उसे अब लंबे समय से चली आ रही अपने नागरिकों की मांगों का समाधान करना होगा। भारत को किसी भी स्तर पर उसकी नापाक इच्छा कभी भी पूरी नहीं होगी।

दरअसल पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांकने के बजाय भारत पर आरोप मढ़ने में लगा रहता है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लश्कर-ए-तैयबा और आईएसकेपी जैसे आतंकी संगठनों को बीएलए के खिलाफ खड़ा किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा भारत पर भी अनेक आतंकी हमलों में शामिल रहा है, लेकिन भारत तो छोड़िए बलूच में भी पाक सेना बलूच विद्रोहियों के विरुद्ध कमजोर पड़ रही है। इस कारण सरकार और सेना दोनों ही हताश है। विदेशी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि बीएलए वास्तव में अब एक जन आंदोलन के रूप में दिखाई दे रहा है, जिससे मुकाबला करना सरकार और सेना के लिए कठिन हो रहा है।

बलूचिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ता जिब्रान नासिर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करके पाक सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि 'बलूचिस्तान जल रहा है और पाक जिम्मेदारी से बचने की मानसिकता के चलते यहां हालात और खराब कर रहा है। पाक को बलपूर्वक शांति स्थापित करने की बजाय बातचीत पर जोर देना चाहिए।' पाक की इस बर्बरतापूर्ण मानसिकता के चलते प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अनुसार पाकिस्तान में इस साल 28 प्रतिशत आतंकी हमले बढ़े हैं और इस साल जनवरी माह में ही इन हमलों से होने वाली मौतों का प्रतिशत 43 बढ़ गया है।

पाक की पीआईसीएसएस रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में कुल 361 लोग मारे गए हैं, जिनमें 242 आतंकवादी, 73 नागरिक और 46 सेना के जवान हैं। जबकि बीएलए का दावा है कि आपरेशन हेरोफ के दूसरे चरण में बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के 310 सैनिक मार दिए हैं।

# जब मृत्यु शैया पर लेटे भीष्म पितामह के ज्ञान देने पर हंस पड़ीं द्रौपदी

जीवन में कभी-कभी ऐसी स्थिति आ जाती है, जब यह तय करने में कठिनाई होती है कि क्या किया जाए, क्या न किया जाए? इसे असमंजस का भाव कहा जाएगा। महाभारत में दो नाम ऐसे आते हैं, जिन्हें असमंजस की स्थिति से गुजरना पड़ा था। पहला नाम भीष्म पितामह का लिया जाता है। भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण दुर्योधन कर रहा था, लेकिन भीष्म पितामह इस अपमानजनक घटना पर बोल नहीं पा रहे थे।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

असमंजस की हालत का बयान तब उन्होंने किया जब वे शरशय्या पर लेटे थे और श्रीकृष्ण के साथ पांचों पांडव तथा द्रौपदी उनके पास पहुंचे और भीष्म ज्ञान देने लगे, तो द्रौपदी हंस पड़ी। इस पर भीष्म ने हंसने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा, 'जब चीरहरण हो रहा था, तब आपका ज्ञान कहां चला गया था?' इस पर भीष्म ने उत्तर दिया, 'द्रौपदी उन दिनों मैं दुर्योधन का अन्न खाता रहा, जिससे दूषित रक्त बन रहा था। जब अर्जुन ने अपने वाणों से उस रक्त को बाहर कर दिया, तब मैं यह ज्ञान दे रहा हूं।


इसी तरह असमंजस युद्ध के मैदान में अर्जुन को भी हो गया था। अपने ही परिवार का वध करने से अर्जुन बचना चाह रहे थे, लेकिन अर्जुन के इस असमंजस की स्थिति को श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों के जरिए खत्म किया और युद्ध के लिए तैयार किया।

इन घटनाओं को लौकिक जीवन में भी देखने को मिलता है। भीष्म पितामह की तरह बड़े-बड़े ओहदे पर बैठे लोग अपने स्वार्थ में गलत को भी सही मानने के लिए मजबूर हो जाते हैं और जब कभी संकट में पड़ते हैं तब अपने बचाव में यही कहते हैं कि उन पर बहुत प्रेशर पड़ रहा था कि गलत को भी सही कहा जाए। यह स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं होती कि प्रेशर में 'हां में हां' मिलाना पड़ रहा था। सचाई तो यह है कि जब कभी अंतरात्मा से आवाज़ उठे कि क्या गलत है और क्या सही, तभी निर्णय लेकर अलग हो जाना चाहिए।

इसी तरह अर्जुन का असमंजस में पड़ना उचित इसलिए नहीं था, क्योंकि यदि अर्जुन युद्ध के मैदान से अलग हो जाते तो समाज व्याप्त दुर्योधन की बुराई समाप्त न होती। लौकिक जीवन में भी यदि कोई अपराध करता है तो उसे अपना समझ कर छोड़ा नहीं जा सकता। उसे दंड देना ही पड़ता है।

# सेब से खेजड़ी तक: विकास बनाम पर्यावरण की एक सी लड़ाई

केंद्र सरकार ने हाल ही में कश्मीर में प्रस्तावित तीन रेलवे परियोजनाओं पर रोक लगाकर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया गया है, जिन पर इन रेल लाइनों के निर्माण से सीधा खतरा मंडरा रहा था। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ी राहत है, जिनकी आजीविका सेब के बागों पर निर्भर है।



प्रस्तावित रेलवे लाइनों के कारण पुलवामा, शोपिया और अनंतनाग जैसे इलाकों में सेब के हजारों पेड़ों के कटने की आशंका थी। ये इलाके कश्मीर के सेब उत्पादन का केंद्र हैं और वहां की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीते एक साल से किसान इस डर में जी रहे थे कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और रोजगार छिन जाएगा। इसी आशंका के चलते किसानों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और सरकार से इन परियोजनाओं को रद्द करने की मांग की। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश पर इन परियोजनाओं को रोका गया है, ताकि बागों को नुकसान से बचाया जा सके। यह निर्णय इस बात की मिसाल है कि यदि सरकार चाहे, तो वह विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकती है। पर बड़ा सवाल यह है कि क्या यही संवेदनशीलता देश के अन्य हिस्सों में भी दिखाई जा रही है?



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

इस सवाल के जवाब में राजस्थान के बीकानेर में चल रहा 'खेजड़ी बचाओ-प्रकृति बचाओ' आंदोलन ध्यान खींचता है। यह आंदोलन राजस्थान में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के नाम पर हो रही पर्यावरणीय क्षति के विरोध में खड़ा हुआ है। इस आंदोलन के तहत पर्यावरण संघर्ष समिति ने बीकानेर में तीन दिन पहले महापड़ाव डाला है। महापड़ाव स्थल पर आमरण अनशन पर पहले 363 पर्यावरण प्रेमी बैठे, जिनकी संख्या बाद में 450 हो गई। इनमें 29 संत, एक साध्वी और 68 महिलाएं हैं। अनशन पर 18 के युवा से लेकर 80 साल तक के बुजुर्ग बैठे हुए हैं। तीसरे दिन आमरण अनशन पर बैठे 17 अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। तीन को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा। अब अनशन स्थल पर 75 बेड के दो अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं। यह आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी बचाने किया जा रहा है। अनशनकारियों की बिगड़ती तबीयत और अस्थाई अस्पतालों की व्यवस्था इस आंदोलन की गंभीरता को दर्शाती है।

राजस्थान आज देश में सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार और कंपनियों का दावा है कि इससे भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी होंगी और देश का ऊर्जा परिदृश्य बदलेगा, लेकिन इस विकास की कीमत क्या है, इस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए राजस्थान में पिछले एक दशक में लाखों पेड़ काटे गए हैं। इनमें खेजड़ी जैसे पारंपरिक और जीवनदायी वृक्ष भी शामिल हैं। खेजड़ी को राजस्थान में 'कल्प वृक्ष' का दर्जा प्राप्त है। यह न केवल मरुस्थलीय पर्यावरण को संतुलन देता है, बल्कि इससे सांगरी जैसी सब्जी, पशुओं के लिए चारा और ग्रामीण समुदाय की आजीविका भी जुड़ी हुई है। जन्म से मृत्यु तक के सामाजिक संस्कारों में भी खेजड़ी की मौजूदगी अपरिहार्य है।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रो. अनिल छंगाणी की स्टडी में यह तथ्य उजागर हुआ है कि सोलर लगाने के लिए 10 साल में 50 लाख पेड़ काटे जा चुके हैं। इनमें खेजड़ी, बेर, केर, रोहिड़ा, बबूल आदि शामिल हैं। अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि सौर प्लांटों के आसपास का तापमान औसतन 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पेड़ों की कटाई से कीट-पतंगों, मधुमक्खियों, पक्षियों और अन्य जीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं। गोंद और चारे की उपलब्धता घट रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़खानी के आरोप में युवक को धुना

महोबा। थाना अजनर क्षेत्र के बेरी गांव में हो रहे एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए एक युवक को छेड़खानी के आरोप में बेरहमी से पीटा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि गांव विजयपुर निवासी गोकुल प्रसार (36) बेरी गांव में हो रहे शादी समारोह में आया था। आरोप है कि जब वह शौच के लिए गया, तभी गांव की एक महिला ने उस पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसे बिना किसी कारण आरोप लगाकर पीटा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई और घायल गोकुल प्रसाद को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तमंचा सहित युवक हुआ गिरफ्तार

महोबा। चरखारी पुलिस ने अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक सूरज कुमार पांडेय, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व राजाराम क्षेत्र, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सूपा गांव की सड़क पर चेकिंग कर रहे थे, तभी संदिग्ध होने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसकी तलाशी, जिसके कब्जे से एक 315 अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ दौरान अपना नाम ऋषिपाल (30) पुत्र अनारीलाल, निवासी ग्राम टोलासोयम चरखारी बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### बाइक, कार की टक्कर में मां-बेटा घायल

कुलपहाड़( महोबा)। नगर के टोरियापूरा निवासी अनिल कुशवाहा अपनी मां एवं छोटी बच्ची के साथ महोबा से बाइक द्वारा कुलपहाड़ आ रहा था, तभी महोबा मार्ग पर नगर के नन्ना ढाबा के पास सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई, जिसमें अनिल व उसकी मां को गंभीर चोटें आई हैं। अनिल कुशवाहा के पैर में फैक्चर हो गया, जबकि मां के सिर में गंभीर चोट है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ से महोबा बाद में झांसी रिफर किया गया है। बताया जा रहा कि बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने था।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत निकाली रैली

बेलाताल ( महोबा)। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में विकासखंड जैतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघवाहा में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त युवा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दौरान स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को तम्बाकू का सेवन न कराने और दूसरों को प्रेरित करने के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय में स्वास्थ्य टीम ने तम्बाकू के सेवन से होने वाली बीमारियो व उपचार के बावत जानकारी दी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगवाहा के विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्वास्थ्य टीम के लोगों ने गांव में रैली निकाली, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में तंबाकू को ना कहें, जीवन को हां कहें, धूम्रपान छोड़ें, जीना शुरू करें, स्वस्थ फेफड़े, सुखी जीवन जैसे लगाए जा रहे नारे ग्रामीणों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जागरूकता रैली के बाद विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. पीएन शर्मा ने कहा कि तंबाकू दुनिया भर के समाजों के लिए एक अभिशाप है, जो जिंदगियों और परिवारों को तबाह करता है और स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक सेवाओं पर बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि चाहे विकसित देश हो या विकासशील देश तंबाकू अमीर गरीब, शिक्षित अशिक्षित में कोई भेद नहीं करता, यदि आप इसके चंगुल में फंस जाते हैं, तो कभी कभी इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नज़र नहीं आता। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों और इलाज के बावत जानकारी दी। इस मौके पर एफएचडब्ल्यू संगीता, प्रभारी प्रधानाध्यापक मथुरा राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को तम्बाखू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है।

## कैबिनेट मंत्री का रास्ता रोकने से विधायक की बढ़ीं मुश्किलें, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जारी किया नोटिस

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पहले महोबा आगमन पर जल शक्ति मंत्री का चरखारी विधायक द्वारा घेराव किए जाने से अब भाजपा विधायक की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। अपनी ही सरकार के मंत्री का भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत और उनके समर्थकों ने कैबिनेट मंत्री का रास्ता रोककर मांगें रखी थी। जिस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी विधायक को नोटिस जारी कर दिया है, जिससे अब विधायक नोटिस का जवाब देने की तैयारी में जुट गए है।

गौरतलब है कि 30 जनवरी को भाजपा सरकार के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रामश्री महाविद्यालय में छात्रों के एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। कार्यक्रम के बाद जाते समय चरखारी के भाजपा विधायक ने करीब आधा सैकड़ा क्षेत्र के प्रधानों और अपने समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का रास्ते में काफिला रोककर उन्हें नमामि गंगे योजना के तहत गांव गांव में बिछाई गई पाइप लाइनों से तमाम गांव में पानी न पहुंचने और सड़कें खोदने के बाद उनकी मरम्मत न कराने से ग्रामीणों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। जिस पर मंत्री और विधायक के बीच रास्ते में ही नोकझोंक हो गई थी। कैबिनेट मंत्री के काफिले को इस तरह से सरेआम रोककर घेराव करने के मामले को पार्टी हाईकमान ने गंभीरता से लेते हुए चरखारी विधायक के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पहले से ही बयान बाजी कर सुर्खियों में रहने वाले भाजपा विधायक की अब मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले कैबिनेट मंत्री और भाजपा विधायक के बीच हुए विवाद से तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मामले में विधायक वृजभूषण राजपूत ने कहा,नोटिस अभीतक मिला तो नहीं है, फिरभी प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर बात करूंगा।

## डूब क्षेत्र में आने के बाद भी मुआवजा नहीं

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई के गंज गांव के ग्रामीणों में अर्जुन सहायक परियोजना के तहत गांव को डूब क्षेत्र घोषित करने के बाद भी सिर्फ 260 परिवारों को ही मुआवजा दिया जा रहा है, जिससे अन्य ग्रामीणों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है।

जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई विभाग उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जिससे जिले की यह महत्वाकांक्षी परियोजना उनके लिए मुसीबत का सबब बन गई है। बताया कि यह मामला वर्ष 2009 से जुड़ा है, जब विभाग ने गंज गांव में बोर्ड लगाकर किसी भी नए निर्माण पर रोक लगा दी थी और पूरे गांव को डूब क्षेत्र में घोषित किया था और अब जब मुआवजे और विस्थापन की बारी आई तो विभाग ने अपने रुख में बदलाव कर दिया है। बताया कि पड़ोसी गांव गुगौरा झिर और सहेवा को पूरी तरह डूब क्षेत्र में शामिल कर लाभ दिया गया, लेकिन गंज गांव के केवल 260 परिवारों को ही पात्र माना गया।



कलेक्ट्रेट में खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया कि विभाग ने एक ही रास्ते के एक तरफ के मकानों को डूब क्षेत्र में लिया, जबकि दूसरी तरफ के मकानों को छोड़ दिया। बताया कि वर्ष 2016-17 में हुई पैमाइश में पूरे गांव को शामिल किया गया था, लेकिन अब विभाग किसानों के साथ धोखा कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पुनः पैमाइश कर पूरे गांव को परियोजना का लाभ और मुआवजा नहीं दिया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन लेने के बाद जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। ज्ञापन देने वालों में संतराम त्रिपाठी, जयप्रकाश द्विवेदी सहित अन्य शामिल शामिल हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व में भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया था।

## 93 फरियादी पहुंचे शिकायतें लेकर तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

### अपर जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के दिए निर्देश

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों के शिकायती पत्र लेकर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर आई 93 शिकायतों में से अधिकारियों ने तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष शिकायतों को संबन्धित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंपा।

संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए और यदि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है, इसलिए शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को इधर उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी, यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें। यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके सुबह से ही शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंच गए, जिससे तहसील परिसर लोगों से गुलजार नजर आया।




फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### सदर व चरखारी में 5 शिकायतों का निस्तारण

- सदर तहसील में उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की अध्यक्षता में शिकायतें सुनी गईं। यहां आईं 18 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण हुआ। चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता की अध्यक्षता शिकायतें सुनी गईं। यहां 48 में से 2 का निस्तारण किया गया।

## रामकथाः महादेव-सती विवाह का भक्तों को कराया रसपान

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के धार्मिक स्थल श्रीरामकुंड धाम में 5 फरवरी से रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां पर प्रयागराज से आ रहे कथा व्यास प्रभाशंकर महाराज रामभक्तों को महादेव सती का विवाह सहित अन्य कथाओं का रसपान कराया। कथा सुनने के लिए आसपास क्षेत्र के अलावा अन्य मोहल्लों के श्रद्धालु राम कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं और कथा सुनकर भक्त राम भक्ति में डूबकर प्रभु के जयकारे लगा रहे हैं।

कथा व्यास ने बताया कि महादेव का सती से विवाह एक प्रमुख पौराणिक कथा है, जिसमें आदिशक्ति सती ने राजा दक्ष की पुत्री के रूप में जन्म लिया और कठिन तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया। दक्ष की अनिच्छा के बावजूद वे परिणय सूत्र में बंधे। कहा कि यह विवाह जगत कल्याण के लिए आवश्यक था और यह विवाह वैवाहिक सुख और प्रेम का प्रतीक बना। कथा व्यास ने सती का राम पर ब्रह्म अवतार होने में संदेह करना, सती द्वारा राम की परीक्षा लेने, सीता का रूप धारण करने पर महादेव का सती का त्याग करने, दक्ष के किये जा रहे यज्ञ में निमंत्रित न कर महादेव का आदि घटना क्रम का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन और प्रेम और सदभाव का संदेश देती है। जिन घरों में भगवान श्रीराम सहित हमारे देवी देवताओं एवं महापुरुषों की कथाओं का गुणगान होता है उन परिवारों में हमेशा सुख शांति बरसती है। कहा कि यदि हमारे समाज के लोग श्रीराम चरित मानस का अनुकरण करते हुए जीवन निर्वाह करने की कला सीख ले तो समाज की सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण अपने आप हो जाएगा। उमंगेश्वर ज्योतिलिंग महादेव की कृपा से रामकुंड धाम में 16 फरवरी तक चल रही श्रीराम कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।



कथा सुनाते व्यास प्रभाशंकर।

## मम्मी-पापा और बच्चे साथ में देंगे टेट

महोबा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को अब टीईटी की परीक्षा पास करने की अनिवार्यता कर दिए जाने से इस दफा टेट की तैयारी कर रहे बच्चों के साथ अब उनके मम्मी पापा भी सीटेट की परीक्षा देंगे। यह पहला मौका है, जब बेटे और बेटियों को ठीक तरह से परीक्षा की तैयारी करने के लिए अभिभावक जोर देते थे, अब अपने ही बच्चों के साथ शिक्षक माता-पिता एक साथ सीटेट की परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

रविवार को होने वाली सीटेट की परीक्षा में 40 साल से 55 साल के बीच के अध्यापक भी इस परीक्षा शामिल हो रहे हैं। वहीं तमाम मृतक आश्रित के रूप में नौकरी पाने वाले अप्रशिक्षित शिक्षक इस परीक्षा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उन्हें पिता के बदले मिली नौकरी जाने का भी डर सता रहा है। वहीं अधिकांश शिक्षक महीनों से सीटेट और टीईटी परीक्षा की तैयारी में जुटे रहे। अब 8 फरवरी को झांसी में होने वाली सीटेट परीक्षा में जिले से भारी संख्या में शिक्षक और नवयुवक पहुंच रहे हैं। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली में 2:30 से शाम 5 बजे तक सीटेट की परीक्षा संपन्न होगी। हालांकि परीक्षार्थियों को दो घंटे पहले से परीक्षा केंद्र में बुलाया गया ।

## ट्रकों से वसूली मामले में कार सीज

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** सिमराशेखपुर बालू घाट से निकले ट्रकों से क्षेत्र के एक अधिकारी के चालक के नाम से वसूली की कोशिश का मामला सुर्खियों में चल रहा है।

शासन ने इसबार यमुना में खनन के पट्टे दिए हैं, जिसके क्रम में महेवा ब्लॉक 11 हेक्टेयर भूमि पर सोनभद्र की एक कम्पनी को भी खनन का पट्टा मिला हुआ है, जो गत एक माह से खनन कर रही है। शुरुआत में ही यह खदान विवादों में और आलम यह है कि उस क्षेत्र के युवाओं ने भी बहती गंगा में हाथ धोना शुरू कर दिया है। जानकारों की माने तो गत सप्ताह कार सवार युवकों ने उक्त खदान से बालू लेकर आ रहे ट्रकों को रोका था और कहा था कि वह क्षेत्र के एक बड़े अधिकारी के चालक हैं और वह उनसे खनिजों के प्रपत्र लेकर चले गए थे। हांलाकि ट्रक चालकों ने मामले की जानकारी पुलिस को लूट के रूप में दी थी, जिसके चलते पुलिस सक्रिय हो गई थी और आनन फानन घेराबंदी भी कर चार पहिया वाहन के साथ युवक को हिरासत में लिया था। युवक को शान्ति भंग करने के आरोप में निरूद्ध कर दिया था। न्यामतपुर चौकी इंचार्ज चेतराम बुन्देला के अनुसार 28 जनवरी को कार सवार युवकों ने ट्रक चालकों से क्षेत्र के एक जिम्मेदार अधिकारी का चालक बताकर कागज छीनकर धन उगाही की कोशिश की थी। लेकिन मामले की जांच हुई तो कार और युवक क्षेत्र के ही निकले थे। वहीं क्षेत्रीय लोगों की माने तो यह मामला कानपुर क्षेत्र के एक दबंग से जुड़ा है जो घाट संचालक पर दबाव बनाना चाह रहा है, जिसके चलते क्षेत्र में अराजकता हो रही है।

## सम्मेलन में हिन्दू समाज को एकजुट रहने का दिया संदेश

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** कस्बा अजनर के एक पैलेस में विराठ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां पर हिन्दू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया गया।

सम्मेलन में टिहरका धाम के महंत सत्यनाथ महाराज ने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि हिंदू समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा और संगठित समाज ही देश और संस्कृति की रक्षा कर सकता है। ऐसी संस्कृति में भी यदि महिलाओं और कन्यओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की आवश्यकता पड़ती तो समाज को आत्ममंथन कर सुधार की दिशा में आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में जिला प्रचारक सौरभ ने भारत माता की जय के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। टिकरिया धाम के संत रामपाल महाराज ने भी विचार रखे। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाहक बृजेंद्र सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख प्रदीप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जैतपुर बृजेंद्र द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत, महामंत्री लालचंद्र सागर, अंकित दुबे, प्रवेश राजपूत, सहकारी समिति अजनर के अध्यक्ष राकेश दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।




सम्मेलन को संबोधित करते महाराज।

- अजनर में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

## दौरिया टीम ने बघौरा क्लब को 15 रनों से हराकर जीता टूर्नामेंट

संवाददाता, अजनर (महोबा)

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के बघौरा गांव में पिछले एक सप्ताह से चल रहे बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच दौरिया स्टार और बघौरा क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मेजवान टीम बघौरा को 15 रनों से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। बघौरा में आयोजित बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टास के साथ शुरू हुआ, जिसे दौरिया स्टार के कप्तान ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी कर रही टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 15 ओवर में नौ विकेट खोकर 135 रन बनाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बघौरा क्लब के शुरूआती बल्लेबाजों के अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद अन्य बल्लेबाज गेंदबाजों का सामना तो कर सके, लेकिन लक्ष्य का हासिल नहीं कर सके और 11.4 ओवर में ही 120 रनों पर आल आउट हो गई, जिससे दौरिया टीम ने 15 रनों से मैच जीतकर टूर्नामेंट की ट्राफी अपने नाम कर ली। मैच दौरान अंपायर की भूमिका सोनू, अंकित ने निभाई, जबकि कमेंट्री के जरिए मैच का आंखो देखा हाल जितेंद्र और पंकज ने सुनाते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी जितेंद्र सेन ने संभाली। मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप राजपूत ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंटों के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपना खेल दिखाने का मौका मिलता है, जिससे वह आगे चलते अच्छे खिलाड़ी बनते हैं।

परखी व्यवस्था | बंदियों की समस्याएं सुनकर जेलर को निस्तारण के दिए निर्देश

## प्रभारी सचिव ने उपकारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राम नगीना यादव के निर्देश पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव पूजा ने टीम के साथ जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रभारी सचिव ने बंदियों की समस्याओं को सुना उनका निस्तारण कराए जाने के जेलर को आवश्यक निदेश दिए।

इस मौके पर तत्पश्चात रसोईघर, बैरकों के अलावा उपकारागार परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निरंतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए निर्देशित किया साथ ही जेलर से बंदियों की संख्या व नाश्ते व भोजना में पकने वाली सामग्री के बावत भी जानकारी हासिल की।

निरीक्षण दौरान विधिक सेवा प्राधिकरा की प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए सदैव तत्पर हैं, जिसके तहत उन्होंने कुछ बन्दियां के जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालयों मे प्रस्तुत करने के अलावा जो बन्दी अत्यन्त गरीब है तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान प्रभारी सचिव ने जेल मे बंदियों की समस्याओं को सुना, जहां पर बंदी राजू पुत्र नारायण दास, अरविंद यादव पुत्र वासुदेव यादव, अमर सिंह पुत्र हरिदास, दीपू सिंह पुत्र फूल सिंह, अभय सिंह पुत्र रामसिंह ने अपनी समस्यायें बताई, जिस पर प्रभारी सचिव ने जेल प्रशासन को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

अपर सचिव ने रसोई बैरकों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता बनाए जाने की बात कही। उन्होंने अस्पताल मे उपस्थित बंदियों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य टीम को समय पर दवा उपलब्ध करने के अलावा बेहतर सेवाओं देने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान जेलर ने बताया गया कि उपकारागार मे कुल 318 बंदी निरूद्ध है और उन्हें प्रातकाल नास्ते मे चाय, गुड़, बिस्कुट दिया गया और सुबह के भोजन के लिए उरद चना की मिक्स दाल, आलू पालक की सब्जी और रोटी तैयार की गयी है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश नरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, असिस्टेंट योगेन्द्र सिंह व जेलर प्रिय कुमार मिश्र सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




बंदियों की समस्याएं सुनतीं प्रभारी सचिव। अमृत विचार

## नई व्यवस्था : बैलेंस शून्य होते ही ठप हो जायेगी विद्युत आपूर्ति

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक बुरी खबर है। अब मार्च माह से बैलेंस शून्य होते ही वे विद्युत का उपभोग नहीं कर पाएंगे। विभाग ने जनवरी माह से ही इसकी तैयारी शुरू कर दी है, जिसके चलते मीटरों का बैलेंस ऋण में चल रहा है।

विद्युत विभाग ने वसूली और बिलिंग आदि प्रक्रियाओं से बचने के लिए गत वर्ष ही मीटर प्रीपेड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके चलते नगर में आधे से अधिक मीटर बदले जा चुके हैं और बाकी के बदले जाने की कवायद भी चल रही है। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान के अनुसार नगर में लगभग आठ हजार उपभोक्ता है अभी तक सभी की बिलिंग पोस्ट पेड तरीके से चल रही थी। लेकिन अब बिल बनना बन्द हो रहे हैं और मार्च माह के बाद प्रीपेड मीटरों से बिल आना बंद हो सकता है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को ऋण मे चल रहे बिल के साथ एक माह का अतिरिक्त बिल भी जमा करना होगा। उनके मुताबिक मीटर में बैलेंस शून्य हुआ तो संयोजन विच्छेदित हो जाएगा। अवर अभियन्ता सत्यप्रकाश के मुताबिक उपभोक्ताओं को विभाग का स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। संयोजन की सभी जानकारी इस ऐप पर उपलब्ध रहेगी। हांलाकि उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बैलेंस को जीरो न होने दें अन्यथा की स्थिति में अंधेरे में रहना पड़ सकता है।




## एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

कालपी (जालौन)। शनिवार को एसडीएम की अगुवाई में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महज13 शिकायतें दर्ज हुईं।

तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर ज्यादातर मामले भूमि विवाद से सम्बन्धित रहे, जिसके चलते एसडीएम ने मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस की टीम गठित करने और निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए । इस दौरान सीओ अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल, उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान, ए डी ओ पंचायत हरेन्द्र सिंह सेंगर, जे ई जल संस्थान वासित अली, वन दरोगा मन्ना सिंह, न्यामतपुर चौकी इंचार्ज चेतराम, कालपी शैलेष कुमार सहित अन्य विभागो के जिम्मेदार मौजूद रहे।

**समावेशी वृद्धि को दिशा देने वाला बजट : नीति आयोग**

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि केंद्रीय बजट कौशल विकास पर जोर देते हुए निरंतर और समावेशी वृद्धि को दिशा देगा। विरमानी ने जोर दिया कि भविष्य में कौशल विकास और सेवा क्षेत्र देश की तस्वीर बदल देंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय, वैश्विक डेटा केंद्रों के लिए दीर्घकालिक कर प्रोत्साहन और कृषि व पर्यटन के लिए समर्थन की घोषणा की गई थी।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 8 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



**बिजनेस ब्रीफ**

### आरसीपीएल ने जीजीजी में हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया स्थित गुडनेस ग्रुप ग्लोबल (जीजीजी) में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की। इस सौदे में बेटर-फॉर-यू पेय व्यवसाय शामिल है, जिसके जरिये आरसीपीएल को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने और विदेशी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत, आरसीपीएल भारत सहित नए बाजारों में गुडनेस ग्रुप के प्रमुख स्वास्थ्यवर्धक पेय ब्रांड जैसे नेक्सबा और पेस को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कंपनी ने इस अधिग्रहण की राशि और हिस्सेदारी के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। यह स्वास्थ्य आधारित पेय पोर्टफोलियो विकसित करने के आरसीपीएल के प्रयासों को और मजबूत करती है।

### एसबीआई का लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रहा। शेयर बाजार के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक बैंक का लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़ा है। एकल ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रहा। ऋण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही।

### फिक्स्ड नेटवर्क को नोकिया का केंद्र शुरू

चेन्नई। नोकिया ने तमिलनाडु में फिक्स्ड नेटवर्क के लिए दुनिया का अपना सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र खोला है, जो दूरसंचार क्षेत्र में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करता है। राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि फिनलैंड की दिग्गज दूरसंचार कंपनी का यह विस्तार अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अमेरिका यात्रा के दौरान तमिलनाडु सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का परिणाम है। राजा ने पोस्ट कर बताया कि फिक्स्ड नेटवर्क के लिए नोकिया के दुनिया के सबसे बड़े आरएंडडी केंद्र का स्वागत करें।

# 44 अरब डॉलर के अमेरिकी निर्यात पर लगेगा शून्य शुल्क

## द्विपक्षीय समझौते के पहले चरण पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद

- दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर करेंगे आयात शुल्क कम
- केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- शुल्क में कमी से श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जो मौजूदा 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं।

गोयल ने कहा कि 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात अमेरिका को शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा। जहां 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है।



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी देते केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, साथ में अन्य लोग।

### अंतरिम को जल्द बदलेंगे बीटीए में

गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक बहुत ही निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित समझौते पर पहुंचे हैं, जो भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। एक कार्यकारी आदेश के जरिये अमेरिका द्वारा 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। यह आदेश जल्द ही आ सकता है।

### कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क

गोयल ने कहा कि जेनेरिक दवा, विमान के पुर्जों, वाहन घटक आदि जैसे कई भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क दिया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भारतीय निर्यात के लिए व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। यह समझौता एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, युवाओं, महिलाओं और भारत के प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसर प्रदान करेगा। इससे किसानों और मछुआरों को अमेरिकी बाजार में अपनी उपज की बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी और भविष्य में कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, मशीनरी के पुर्जे, खिलौने, चमड़ा और जूते-चप्पल, घरेलू सजावट, स्मार्टफोन और कृषि के कई क्षेत्रों में भारी वृद्धि होगी।

### अमेरिकी बाइक पर शून्य शुल्क, डेविडसन को होगा लाभ

भारत समझौते के तहत 800-1,600 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाली अमेरिकी बाइकों के लिए शून्य-शुल्क पहुंच देगा। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से प्रतिष्ठित अमेरिकी ब्रांड हार्ले-डेविडसन को फायदा होगा। पिछले साल सरकार ने पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित 1,600 सीसी तक क्षमता वाली बाइकों पर आयात शुल्क को 50 से घटाकर 40% किया था। दूसरी ओर 1,600 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइकों के लिए शुल्क 50 से घटाकर 30% किया गया था। अधिकारी ने कहा कि शुल्क समाप्ति समझौते के लागू होने के दिन से प्रभावी होगी। भारत हाई-एंड प्रीमियम बाइक के लिए छोटा बाजार है और इस खंड में अमेरिका की हिस्सेदारी बहुत कम है। हीरो मोटोकॉर्प और हार्ले-डेविडसन ने अक्टूबर 2020 में भारतीय बाजार के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत हीरो मोटोकॉर्प को देश में हार्ले-डेविडसन ब्रांड के तहत प्रीमियम बाइकों की श्रृंखला विकसित करने और बेचने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसे सर्विस और पुर्जों का ध्यान रखने का भी काम सौंपा गया है।

### बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों का बड़ा खरीदार, समझौते से उत्साहित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका स्थित बोइंग भारत से विमान के कलपुर्जों की बड़ी खरीदार है। अमेरिकी कंपनी भारत को घटकों के लिए सबसे बड़े विदेशी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) आधार के रूप में देख रही है। भारत के साथ समझौते के तहत अमेरिका कुछ विमानों और विमान के कलपुर्जों पर शुल्क हटाने पर सहमत है। गोयल ने कहा, बोइंग और एयरबस पहले से ही भारत से विमान के कलपुर्जों के बड़े खरीदार हैं, दोनों कंपनियां साझेदारी से उत्साहित है। भारत विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के लिए प्रमुख बाजार है और देश में इसके 265 से अधिक वाणिज्यिक और सैन्य विमान हैं। कंपनी के पास 325 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं और देश से इसकी वार्षिक खरीद 1.25 अरब डॉलर की है। इस राशि में कलपुर्जे और सेवाएं शामिल हैं। इसी तरह, एयरबस का लक्ष्य भी 2030 तक भारत से घटकों और सेवाओं की अपनी खरीद को बढ़ाकर दो अरब डॉलर करना है। वर्तमान में यह लगभग 1.4 अरब डॉलर है।

#### भारत-अमेरिका का समझौता अवसर पैदा करेगा: बोइंग

विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता कई अवसर पैदा करेगा। कंपनी ने हमेशा एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए जीरो-फॉर-जीरो शुल्क दृष्टिकोण की वकालत की है। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि यह समझौता कई गुना अवसर खोलता है। यह सौदा उस सिद्धांत को विस्तार देने को गति प्रदान करता है, जिससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और दोनों देशों के लिए लाभ की स्थिति पैदा होगी। बोइंग ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र के लिए शून्य टैरिफ का समर्थन किया है क्योंकि यात्रा, कनेक्टिविटी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है।

## संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों पर अमेरिका को रियायत नहीं

भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों के मामले में अमेरिका को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है और इन क्षेत्रों को पूरी तरह संरक्षण दिया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत होने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर कहा कि यह समझौता किसानों के हितों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पॉल्ट्री, दूध, पनीर, एथनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि एवं डेयरी उत्पादों को संरक्षित किया गया है। इन वस्तुओं का संबंध भारत के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका से जुड़ा होने से इन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।



उन्होंने कहा कि सभी व्यापार वार्ताओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और मोदी सरकार किसानों की रक्षा करने और ग्रामीण आजीविका को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफटीए में भी कृषि और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क रियायत नहीं

गोयल ने कहा कि रूपरेखा के माध्यम से भारतीय वस्तुओं के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करते हुए, अनाज, फल, सब्जी, मसाले, तिलहन, डेयरी, मुर्गी पालन और मांस सहित कई अन्य संवेदनशील कृषि क्षेत्र को लेकर कोई रियायत नहीं दी गई है। भारत ने अन्य मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में भी संवेदनशील कृषि और डेयरी उत्पादों पर किसी तरह की आयात शुल्क रियायत नहीं दी है। हाल ही में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। ऐसे व्यापार समझौतों के तहत, कुछ क्षेत्रों में आयात शुल्क को समझौता लागू होने के दिन ही समाप्त कर दिया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में इसे धीरे-धीरे कम किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में शुल्क घटाया जाता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कोटा आधारित रियायतें प्रदान की जाती हैं। भारत ने हमेशा से ही डेयरी, चावल, गेहूं, मांस, पॉल्ट्री, अनाज, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य पदार्थ, सोयामील और मक्का जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को अपने व्यापार समझौतों के दायरे से बाहर रखा है। कृषि और पशुपालन जैसी संबद्ध गतिविधियां भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, जहां कृषि अत्यधिक मशीनीकृत और कॉरपोरेट क्षेत्र के रूप में है, भारत में यह एक बड़ी आबादी की आजीविका का साधन है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स, आईपी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : वैष्णव

बेंगलुरु, एजेंसी

अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है।



- अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और आईसीटी वस्तुओं के व्यापार की बाधाओं को दूर करने का आह्वान

बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है। मंत्री ने कहा कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स और आईपी के मोर्चे पर जुड़े हुए हैं। हम सह-विकास और सह-निर्माण में विश्वास करते हैं। हम आईपी का सम्मान करने में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि नए उत्पादों, नए विचारों और नई प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत के पास पूरी दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है और यह यात्रा बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही है। समझौते के लागू होने के छह महीने के भीतर इस बात पर सकारात्मक परिणाम के लिए काम किया जाएगा कि क्या अमेरिकी मानकों या अंतर्राष्ट्रीय मानकों (परीक्षण आवश्यकताओं सहित) को भारतीय बाजार में अमेरिकी निर्यात के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जा सकता है। भारत और अमेरिका ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और डेटा सेंटर में उपयोग होने वाली वस्तुओं सहित प्रौद्योगिकी उत्पादों के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे।



# भारत-अमेरिका समझौते पर भाजपा-कांग्रेस में ठनी

## देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है कांग्रेस : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के लिए काफी लाभकारी होगा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा देश की आर्थिक वृद्धि के खिलाफ रहती है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के बयान के बाद आई है।



- जयराम रमेश की टिप्पणी पर किया पलटवार

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जयराम रमेश की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर समझौता करने वाले के रूप में उभरते देखकर कांग्रेस असहज है। भंडारी ने एक्स पर सवाल किया कि कांग्रेस भारत के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और अर्थव्यवस्था के विकास का हमेशा विरोध क्यों करती है? कांग्रेस यह पचा नहीं पा रही है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने यूरोपीय संघ और अब अमेरिका के साथ बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे हमारे किसानों, निर्यातकों और एमएसएमई के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा हुआ है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह समझौता देश की महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार की है। ये कदम भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को मजबूत करते हैं, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हैं और वस्त्र एवं चमड़ा से लेकर रसायन, मशीनरी और हस्तशिल्प उत्पादों तक के क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार करते हैं। भारत के संवेदनशील कृषि और डेयरी क्षेत्रों को दी सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वैश्विक व्यापार के बावजूद किसानों के हितों और ग्रामीण आजीविका की रक्षा हो।

## समझौता दबाव में, मोदी ने कर दिया समर्पण : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पण कर दिया।



- कांग्रेस का दावा- व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नमस्ते ट्रंप, हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है। नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक-कूटनीतिक कार्यक्रम थे,जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने कहा कि अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। रमेश ने एक्स पर व्हाइट हाउस के एक बयान का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पोस्ट किया, अमेरिका अब इस पर नजर रखेगा कि भारत रूस से तेल आयात कर रहा है या नहीं।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के समक्ष समर्पण कर दिया है। भारत अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं।

# संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता : भागवत

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।



- आरएसएस प्रमुख बोले- संघ का उद्देश्य सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना

आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सुरक्षा वाल्व के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये।

भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने कोकेन नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

# केंद्र विकसित-समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : शाह

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, और केंद्र शासित प्रदेश में जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। लोक भवन में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एक विकसित और समृद्ध जम्मू कश्मीर के निर्माण के दृष्टिकोण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि दो घंटे की बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल दुल्लू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात शामिल थे। गृह मंत्री ने कहा कि विकास को गति देने के लिए केंद्र के निरंतर और समर्पित प्रयासों से, जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं ने अभूतपूर्व

- जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने की दी सलाह
- केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर को अपनी जलविद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता विकसित करने की जरूरत है। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और शुक्रवार को उन्होंने कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुरनाम एवं बोबियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकियों का दौरा किया।कठुआ से लौटने पर शाह ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की, जिसमें अन्य लोगों के अलावा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे और बैठक का उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना था। परियोजनाओं पर बैठक के दौरान, शाह ने सड़क बुनियादी ढांचे, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल-फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों की व्यापक समीक्षा की।

# बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत के मामले में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की।

- डीजेबी के खोदे गड्ढे में गिरकर गई युवक की जान, दिल्ली पुलिस ने की कार्रवाई

जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिरा है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा गार्ड और पास के तंबू में रहने वाले व्यक्ति को सूचना दी। प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिरा है। कनिष्ठ कर्मचारी ने प्रजापति को मौके पर बुलाया। प्रजापति ने गड्ढे में बाइक और व्यक्ति को देखा, लेकिन उसने किसी को सूचित नहीं किया और घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और मौत हो गई।

# संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू

पटना, एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार डरने वाली नहीं है, लेकिन वह टकराव और हंगामे की राजनीति भी नहीं चाहती। सरकार संसद को शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है। रीजीजू ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यह टिप्पणी की।

लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बोलने देने से जुड़े सवाल पर रीजीजू ने कहा कि सरकार चाहती तो मार्शलों के जरिये सदन से सदस्यों को बाहर कराकर प्रस्ताव पारित करवा सकती थी, लेकिन वह सभी का सम्मान करती है। हम टकराव नहीं, बल्कि संवाद और मर्यादा के साथ संसद की कार्यवाही चलाना चाहते हैं।



केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस के 40-50 सांसद पहुंचे थे और वहां अनर्गल बातें कही थीं। रीजीजू ने बताया कि वह स्वयं वहां मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई, क्योंकि सरकार शांति की पक्षधर है। कांग्रेस सांसदों की टिप्पणियों के बाद लोस अध्यक्ष ने एहतियाती कदम उठाया और प्रधानमंत्री से लोस की बजाय रास में बोलने का अनुरोध किया गया।

### बहस लोकतंत्र का हिस्सा, मर्यादा बनी रहनी चाहिए : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणियों के लिए मंत्री शाह ने फिर मांगी माफी

इंदौर। कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से घिरे मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह ने शनिवार को एक बार फिर माफी मांगी और कहा कि विवादास्पद बयान के पीछे उनका मकसद किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग के अपमान का कतई नहीं था।

शाह ने कहा कि मैंने कई बार कहा है और आज फिर दोहरा रहा हूं कि मेरे बयान के पीछे ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि इससे किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

# रूस से तेल की खरीद पर भारत अपने पहले के रुख पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

● देशवासियों की ऊर्जा जरूरतें पूरी करना सरकार की प्राथमिकता

अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है, सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### तेल क्रय बंद करने का अमेरिकी दावा

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। ट्रंप ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## मौत के मुहाने पर बैठे हैं नागरिक

# हर तरफ खूनी गड्ढे

दिल्ली और उससे सटे हाई-टेक शहर नोएडा में पिछले कुछ दिनों में हुई दो घटनाओं ने विकास की चमक के पीछे छिपे मौत के अंधेरे को उजागर कर दिया है। नोएडा में एक होनहार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जलभराव वाले गड्ढे में डूबने से मौत हो गई, तो वहीं दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे ने बाइक सवार बैंक कर्मचारी की जान ले ली। जनकपुरी की घटना में ठेकेदार की ओर से सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। ये मौतें महज दुर्घटना नहीं हैं, बल्कि प्रशासनिक क्रूरता का परिणाम हैं जो नियम तो बनाती है, लेकिन उनके पालन में विफल साबित होती है। विडंबना यह है कि जब कोई हादसा होता है, तो विभाग एक-दूसरे पर दोषारोपण शुरू कर देते हैं, लेकिन कोई यह नहीं बताता कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया।



### खुदाई और सुरक्षा के नियम

- निर्धारित मानक : सरकारी विभागों (जैसे जीजेबी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई) के लिए खुदाई के दौरान सुरक्षा के कड़े नियम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) द्वारा निर्धारित किए गए हैं।
- कठोर बैरिकेडिंग : नियम के अनुसार, 1.5 मीटर से गहरे गड्ढे के चारों ओर लोहे की चादर या कंक्रीट के अवरोधक होने चाहिए। साधारण प्लास्टिक टेप या रस्सी पर्याप्त नहीं है।
- साइनबोर्ड और रिफ्लेक्टर : कार्यस्थल से कम से कम 50 से 100 मीटर पहले 'काम चल रहा है' के बड़े बोर्ड होने चाहिए। रात के समय रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप और ब्लिंकर लाइट्स अनिवार्य हैं।
- सेफ्टी गार्ड की तैनाती : भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदाई स्थल पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात होना चाहिए जो यातायात को निर्देशित कर सके।

### सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट का रुख : उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढा मुक्त रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकार है। हाल ही में न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे सड़क सुरक्षा ऑडिट के लिए जवाबदेह तंत्र बनाएं।
- एनजीटी के निर्देश : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदूषक भुगतान सिद्धांत को विस्तारित करते हुए लापरवाही किए जाने पर भुगतान लागू किया है। यदि गड्ढे से पर्यावरण या जनहानि होती है, तो संबंधित विभाग पर करोड़ों का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### लापरवाही पर क्या है कानून

- बीएनएस धारा 106 (पुराना आईपीसी 304ए) : लापरवाही के कारण मृत्यु। इसमें 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।
- बीएनएस धारा 198/199 : लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 (धारा 198ए) : यदि सड़क के दोषपूर्ण डिजाइन या रखरखाव के कारण दुर्घटना होती है, तो संबंधित प्राधिकरण/ठेकेदार पर 1 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### सजा का सच

- ज्यादातर मामलों में अधिकारियों को केवल निलंबन मिलता है, जो कि वास्तविक सजा नहीं है। कानूनी लड़ाई लंबी होने के कारण दोषी को जेल भेजने की दर बहुत कम है। अदालतों ने अब अधिकारियों के वेतन से मुआवजे की कटौती करने का सुझाव देना शुरू किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी गतिविधियों पर पोलैंड के विमान अलर्ट

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की लंबी दूरी की हवाई गतिविधि का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है। कहा गया है कि जमीनी हवाई रक्षा इकाइयों और रडार टोही प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

### अय्यावास्का पेय के नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला अय्यावास्का पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी रिट्रीट बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में अय्यावास्का पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेज़न बेसिन में मिलने वाली औषधियों का विशेष काढ़ा है।

### सूडान में ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत हो गई। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल हैं। कई अन्य घायलों को राहाद में इलाज के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका में हथियार ट्रांसफर की नई नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू किया जाए।

# भारत विकास का भरोसेमंद साझेदार

## मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-हाल के ट्रेड डील्स में दिखा यह भाव

● भारतीय समुदाय के स्नेह के लिए प्रधानमंत्री ने जताया आभार

कुआलालंपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करते हैं।

विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है।

मोदी ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल, तमिल प्रवासी यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमने मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है। अब हम साझा विरासत को मजबूत करने को तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे।



प्रवासी भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में एक ही कार से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम।

### भारतीय नृत्य की प्रस्तुति देकर बनाया रिकॉर्ड

इससे पहले मोदी और अनवर इब्राहिम का कार्यक्रम में जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन नर्तकों ने भरतनाट्यम, कथक, कथकली, कुचिपुड़ी, लावणी और ओडिसी समेत भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। मोदी और इब्राहिम एक ही कार में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के बीच मंच पर पहुंचे। यह घोषणा की गई कि भारतीय नृत्य प्रदर्शन में सबसे अधिक कलाकारों के भाग लेने के लिए इस नृत्य प्रदर्शन ने मलेशियाई रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इब्राहिम ने इस मौके पर कहा, भारत से एक अच्छे मित्र के मलेशिया में हमारे साथ शामिल होने से मैं व्यक्तिगत रूप से उत्साहित हूं। उन्होंने दोनों देशों के बीच प्राचीन संबंधों को याद किया। इब्राहिम ने कहा कि भारत, मलेशिया के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है।

### पीएम मोदी का किया गया भव्य स्वागत

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। मलेशिया के मानव संसाधन मंत्री रामानन रामकृष्णन और उप विदेश मंत्री लुकानिस्मान बिन अवांग सौनी ने इब्राहिम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने पारंपरिक संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। मोदी ने एक्स पर कहा, हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए हार्दिक स्वागत से मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे हमारी वार्ता का इंतजार है और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने की उम्मीद है। मोदी रविवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

# ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका

● राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है।

इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं। बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है। इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं। यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है। वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है।

### ट्रंप ने ईरान से बातचीत को अच्छा बताया



मस्कट। ईरान और अमेरिका ने शुक्रवार को ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान पर बहुत अच्छी बातचीत हुई है और अगले सप्ताह फिर वार्ता होगी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परमाणु समझौता नहीं हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रंप ने शुक्रवार देर रात एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसा लगता है कि ईरान यह समझौता करना चाहता है जैसा कि होना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान पहले की वार्ताओं से ज्यादा करने को तैयार लग रहा है, हालांकि उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं बताया।

# एपस्टीन फाइल से यूरोप में भूचाल जांच के घेरे में कई कद्दावर हस्तियां

लंदन, एजेंसी

● कई नामचीन हस्तियों का करियर असमय हुआ खत्म

एपस्टीन फाइल जारी होने के बाद यूरोप के विभिन्न देशों की कई नामचीन हस्तियां जांच के घेरे में हैं। इनमें एक प्रिंस, कई राजनेता, राजदूत और विभिन्न क्षेत्रों के नामी गिरामी चेहरे शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बड़ी संख्या में जारी एपस्टीन फाइल ने यूरोप के राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अभिजात्य वर्ग को स्तब्ध कर दिया है।

कई लोग अचानक नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में आ गए हैं, कई का करियर असमय खत्म हो गया और कुछ के खिलाफ आपराधिक, राजनीतिक जांच में तेजी आई है। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मैंडेलसन की नियुक्ति पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवाकिया में कई कद्दावर हस्तियों की साख को धक्का लगा है।

नवीनतम फाइल से पहले ही, महाराजा चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने अपना सम्मान, राजसी पदवी और करदाताओं द्वारा वित्त पोषित हवेली खो दी। पूर्व प्रिंस एंड्रयू के अलावा, उनमें से किसी पर भी यौन उत्पीड़न का दावा नहीं किया गया है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के कारण उन्हें हटा दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में स्वीडिश अधिकारी जोआना रुबिनस्टीन ने 2012 में एप्सटीन के कैरेबियाई द्वीप की यात्रा के खुलासे के बाद पद छोड़ दिया। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजकैक ने एपस्टीन के साथ अपने संवाद को लेकर इस्तीफा दे दिया। लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड ने दस्तावेजों की व्यापक आधिकारिक जांच शुरू की है। नॉर्वे जैसे कुछ देश एपस्टीन के खुलासों से काफी प्रभावित हुए हैं। देश की आर्थिक अपराध इकाई ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री थोरबजर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है।

## मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक सुनियोजित समुद्री-हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतर्राष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दो दिनी इस अभियान से संघर्षरत क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल-आधारित कार्गो के अवैध कारोबार में शामिल एक जटिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। गुरुवार को मुंबई से लगभग 100 समुद्री मील पश्चिम में तटरक्षक बल के जहाजों ने तीन संदिग्ध जहाजों को रोका। टीमों ने जहाजों की तलाशी, बरामद इलेक्ट्रॉनिक डेटा की पुष्टि, दस्तावेजों का सत्यापन और चालक दल से पूछताछ के द्वारा पूरी जानकारी जुटाने और आपराधिक कार्यप्रणाली की पुष्टि कर पाई।

# यूक्रेन-रूस समझौते को जून तक दी समय सीमा

कीव, एजेंसी

● अमेरिका ने युद्ध की समाप्ति के लिए बनाया दबाव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंचने के वास्ते जून की समय सीमा दी है। जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि यदि जून की समयसीमा पूरी नहीं होती है, तो ट्रंप प्रशासन संभवतः दोनों पक्षों पर इसे पूरा करने के लिए दबाव बनाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दे रहा है और संभवतः इसी कार्यक्रम के अनुसार सभी पक्षों पर दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप कहते हैं कि वे जून तक सबकुछ ककरना चाहते हैं। वे युद्ध समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वे सभी घटनाओं का एक स्पष्ट विवरण चाहते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका ने अगले सप्ताह त्रिपक्षीय वार्ता का अगला दौर पहली बार अपने देश में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः मियामी में होगा। उन्होंने कहा कि हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने अमेरिका को 12 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रस्ताव पेश किया है, जिसे उन्होंने रूसी दूत किरिल दिमित्रीव के नाम पर दिमित्रीव पैकेज नाम दिया है।

## भारतीय छात्र ने लंदन में शुरू की थॉमस टूर सेवा


**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए थॉमस टूर्स नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। थॉमस टूर के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 9 फरवरी 05 .01 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 9 फरवरी 05 .02 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक काम संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** – आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। मित्रों को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ठ और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण काम न छोड़ें।

**कर्क** – आज अपशब्दों का बिल्कुल प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकते हैं।

**सिंह** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** – आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है।

**धनु** – आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके खर्चों में कमी आएगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। विवादित मामलों में विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**मकर** – आज रुचिपूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**कुंभ** – आज बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**मीन** – आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

## सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 2 | 9 | | | 6 | | 3 | | |
| | 3 | | | | 7 | | | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | | | 4 | | 3 |
| | 6 | | | | | 8 | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | | |
| 8 | | 1 | | | | | 3 | 4 |
| 7 | | | 2 | | | | | |

### सुडोकू - 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 |

